* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 93

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


**राधिका मर्चेंट-अनंत अंबानी की हुई सगाई**
मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया में हुई गोल धना रस्म









## सिमडेगा में उग्रवादियों ने जेसीबी और पानी टैंकर को जलाया

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जलडेगा थाना क्षेत्र के ओड़गा रेलवे स्टेशन के पास बुधवार देर रात पीपुल्स लिब्रेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के उग्रवादियों ने निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन, पोकलेन और पानी टैंकर समेत अन्य मशीनों में आग लगा दी। घटनास्थल पर उग्रवादियों ने पर्चा छोड़ कर घटना की जिम्मेदारी ली है। पीएलएफआइ के स्टेट प्रभारी राजेश गोप की ओर से जारी पर्चा में घटना की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि संगठन को सूचित किये बिना निर्माण कार्य किया जा रहा है, इसलिए इस घटना को अंजाम दिया गया। चेतावनी दी गयी है कि यदि संगठन से भविष्य में भी वार्ता नहीं की गयी, तो ऐसी ही कार्रवाई की जायेगी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया जाता हे कि उग्रवादियों ने लेवी को लेकर इस घटना को अंजाम दिया है।

# सिंह मेंशन और रघुकुल समर्थकों के बीच खूनी जंग

## झरिया में एक की मौत और दर्जन भर घायल

- गोलियों और बमों के धमाके से थर्राया इलाका, दहशत, पुलिस तैनात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनसार/झरिया।** चिरप्रतिद्वंद्वी सिंह मेंशन और रघुकुल समर्थकों के बीच जारी हिंसक खूनी झड़प का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पिछले दिनों घटित तिसरा गोलीकांड मामले की आंच अभी धीमी भी नहीं हुई थी कि गुरुवार की सुबह झरिया कतरास मोड़ स्थित भुइयां पट्टी में दोनों घरानों के समर्थकों के बीच फिर खूनी हिंसक झड़प हो गयी। गोलियों और बमों के धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई और तलवार चले। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से छह जिंदा बम, बम के अवशेष, गोली का खोखा, लाठी-डंडे और तलवार जब्त किये हैं।

मृतक की पहचान सिंह मेंशन समर्थक धनंजय यादव गुट के निरंजन कुमार तांती (28) के रूप में हुई है। वह कतरास मोड़ 10 नंबर इलाके के निवासी थे। उनकी मौत इलाज के दौरान हुई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। कतरास मोड़ स्थित भाजपा और कांग्रेस विधायक कार्यालय पर दोनों ओर के समर्थकों का भारी संख्या में जुटान होता रहा। दोनों घरानों के समर्थकों की भीड़ जुटता देख अप्रिय घटना से सशंकित पुलिस ने पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया है।

घटना का कारण धनंजय यादव और रामबाबू धिक्कार के बीच पुरानी रंजिश और गुलगुलिया पट्टी के लोगों को अपने-अपने पाले में लाना बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इससे पूर्व भी दोनों के बीच कई बार झड़प हो चुकी है। उधर, गुलगुलिया पट्टी में घटित घटना के बाद भी एक गुट के दर्जनों लोग लाठी-डंडे और हाथों में तलवार लेकर सड़कों से गुजरते हुए कतरास मोड़ के विभिन्न मुहल्लों में घुस देर तक किसी को ढूंढ़ते रहे। वहीं, घटना के बाद भाजपा नेत्री रागिनी सिंह गुलगुलिया पट्टी पहुंची और स्थानीय लोगों से बातचीत की।

सूचना के अनुसार घटना के पीछे का मुख्य कारण बीते दिनों गुलगुलिया पट्टी के दर्जनों लोग सिंह मेंशन पर आस्था जताते हुए रागिनी सिंह के सामने भाजपा की सदस्यता लेना है। पूरे गुलगुलिया पट्टी में रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार का राज चलता है। उनका भाजपा में शामिल होना रामबाबू धिक्कार को नागवार गुजरा। वह उन्हें वापस अपने खेमे में लाने का दबाव बना रहे थे। चर्चा है कि जब रामबाबू धिक्कार लोगों को अपने खेमे में वापस लाने का दबाव बना रहे थे, तभी धनंजय यादव के समर्थक पहुंच गये। दोनों गुटों में विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते खूनी झड़प में बदल गया।


घटनास्थल पर पहुंची भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और मृतक निरंजन कुमार तांती (इनसेट)।

### दोनों पक्षों की ओर से दिया गया आवेदन

रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार की बहन रेखा देवी ने पुलिस को दिये आवेदन में कहा कि लोग सुबह के साढ़े नौ बजे घर के समीप बैठे थे। तभी अचानक से धनंजय यादव, विजय भुइयां, अजय भुइयां, गुड्डू भुइयां, राजेश भुइयां, विक्की भुइयां, चुकडी भुइयां, विक्कू भुइयां, गैड़ा भुइयां, सौरव भुइ.ां, अमन सिंह, विक्की ढाडी, निरंजन तांती, गार्डन अंसारी सहित कई अन्य लोग हथियार से लैस होकर आये और मेरे भतीजे सुमित धिक्कार के साथ मारपीट करने लगे। भतीजे के चीखने की आवाज सुनकर जब मैं बीच-बचाव के लिए पहुंची, तो उनलोगों ने हम पर भी हमला किया। इससे मेरा सर फट गया है। साथ ही रामबाबू धिक्कार, पिता तीरथ धिक्कार, भाई श्याम बाबू धिक्कार भी बुरी तरह घायल हो गये। उनका इलाज धनबाद के एक नर्सिंग होम में चल रहा है। मेरे भतीजे सुमित की स्थिति नाजुक बनी हुई है और वह इलाजरत है। वहीं भाजपा समर्थक भुइयां पट्टी निवासी सूरज कुमार सोरेन ने भी झरिया पुलिस को आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि रामबाबू धिक्कार, श्याम बाबू, कैलाश, सुमित, करण धिक्कार आदि मेरे मोहल्ले में आकर बुरी नीयत से रेखा देवी, डोलती देवी को खींच कर अपने घर की ओर ले जाने लगे, तभी दोनों महिलाओं की आवाज सुनकर हम और मोहल्ला के लोग मिलकर उन दोनों महिलाओं को छुड़ाने के लिए उसके घर के पास गये। उन लोगों ने तलवार, पिस्टल, बम लेकर हम लोगों पर हमला कर दिया। रामबाबू धिक्कार ने निरंजन तांती पर तलवार से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। श्याम बाबू धिक्कार ने मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया।

### भाजपा नेत्री ने पुलिस पर साधा निशाना

घटना के बारे में सिंह मेंशन की बहू सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने घटना को शर्मनाक और दुखद बताया। उन्होंने पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि थाना से कुछ दूरी पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आतंक मचाते हुए बेरहमी से महिलाओं के साथ मारमीट और छेड़खानी की। उन्हें बचाने की कोशिश करने वालों की बेरहमी से पिटाई करते हैं और पुलिस को भनक तक नहीं लग पाती है। गोली और बम चले, तब भी पुलिस घटनास्थल पर झांकने तक नहीं गयी। यह इसलिए, क्योंकि जो लोग घटना को अंजाम दे रहे थे, वे कांग्रेस से जुड़े हुए थे। सिंदरी डीएसपी पूरी तरह निकम्मे हैं। उन्हीं के संरक्षण पर झरिया में अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। अगर 24 घंटे के अंदर अपराधियों पर कारवाई नहीं हुई, तो भुक्तभोगी और अपने समर्थकों के साथ वह थाना का घेराव करेंगी।

### स्थिति नियंत्रण में: थानेदार

झरिया थाना प्रभारी पंकज कुमार झा ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन दिया गया है। घटनास्थल पर पुलिस के जवान की तैनाती की गयी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। स्थिति नियंत्रण में है।

सीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिलों के अधिकारियों के साथ की बैठक

# किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन नहीं हो, यह सुनिश्चित करें : हेमंत

- विधि-व्यवस्था, जोहार पोर्टल, आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में आये आवेदन समेत अन्य मुद्दों की समीक्षा की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ आम आदमी तक हर हाल में पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, उनके कार्यों में तेजी लायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न जिलों में पहुंच कर योजनाओं की समीक्षा कर रही है। आगे भी समीक्षाएं होती रहेंगी। उन्होंने विभागीय सचिवों को निर्देश दिया कि वे भी अब शेड्यूल बनाकर जिलों में जायें तथा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें। जनोपयोगी योजनाओं की समीक्षा मुख्य सचिव भी अपने स्तर पर निरंतर करते रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन नहीं हो, चाहे वह कोयला का हो अथवा बालू या पत्थर, यह सभी जिलों के एसपी सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विधि व्यवस्था, जोहार पोर्टल, मुख्यमंत्री सूखा राहत फंड वितरण, 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' के आवेदनों का निस्तारण, रेवेन्यू कलेक्शन, सुओ मोटो म्यूटेशन प्रणाली इत्यादि की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इंप्लीमेंट का वर्ष है। हम सभी को ग्राउंड रियलिटी पर कार्य करने की जरूरत है। पोर्टल में डाटा एंट्री कर देने से लोगों को लाभ नहीं मिल जाता है, बल्कि जमीनी स्तर पर क्या कार्य हो रहे हैं, उस पर नजर रखनी आवश्यक है। कई योजनाएं पोर्टल पर कुछ और दिखती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां करता है। रेवेन्यू जेनरेट करने की जिम्मेदारी सरकार की है। रेवेन्यू जेनरेशन से संबंधित सभी कार्यों में तेजी लायें।

**15 फरवरी 2023 तक करें भुगतान :** हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 15 फरवरी 2023 तक मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना अंतर्गत वंचित पात्र लाभुकों को राशि का भुगतान हर हाल में करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के अंतर्गत अतिरिक्त राशि 250 करोड़ रुपये झारखंड आकस्मिकता निधि (जेसीएफ) से शीघ्र उपलब्ध करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 29 दिसंबर 2022 को बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना अंतर्गत आच्छादित पात्र लाभुक किसान परिवारों को राशि का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन वंचित किसान परिवारों को भी जल्द से जल्द सूखा राहत राशि का भुगतान कर दिया जाये।

**संवेदनशील बनें पुलिसकर्मी:** मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों को आम जनों के प्रति अधिक संवेदनशील रहकर कार्य करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने एसटी/एससी अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत लंबित मामलों तथा साइबर फ्रॉड से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मी आम जनता के साथ समन्वय स्थापित कर उनके समस्याओं का निष्पादन करें। राज्य के पुलिसकर्मी कुशल व्यवहार के साथ-साथ मृदुभाषी बनकर राज्य में विधि-व्यवस्था का पुख्ता संधारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्या और शिकायत लेकर थानों में पहुंचे लोगों के साथ आत्मीयता से पेश आयें। आपकी वजह से उन्हें कोई परेशानी न हो, इसका पूरा ख्याल रखें। किसी भी तरह से उनके साथ अनुशासनहीनता का परिचय न दें।

**बैठक में थे मौजूद :** बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के प्रमुख और वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीबीआइ ने कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल के खिलाफ दर्ज किया मामला, कई ठिकानों पर मारा छापा

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**रांची।** कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल के खिलाफ सीबीआइ ने मामला दर्ज कर लिया है। झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ की दिल्ली ब्रांच ने अमित अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। केस दर्ज करने के बाद सीबीआइ की टीम अमित अग्रवाल के पश्चिम बंगाल के कोलकाता और झारखंड के रांची स्थित कई ठिकानों पर गुरुवार को छापेमारी की है।



गौरतलब है कि झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार द्वारा केस मैनेज करने के नाम पर 50 लाख रिश्वत लेने के मामले की जांच अदालत ने सीबीआइ को सौंप दी थी। सीबीआइ को 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा था। रिपोर्ट देने के बाद सीबीआइ ने इस केस को टेकओवर किया है।

**सीबीआइ ने पूछा था कैसे हुई डील, किसको-किसको मैनेज करने की हुई थी बात :** सीबीआइ ने इस मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान अमित अग्रवाल से पूछा था कि जनहित याचिका को मैनेज करने के लिए कैसे डील हुई। व्हाट्सएप व फोन पर क्या बातें हुईं। पूर्व में जो बातें सामने आ चुकी हैं, उसमें अधिवक्ता राजीव कुमार ने दस करोड़ रुपये की मांग की थी और एक करोड़ में सौदा तय हुआ था, यह कितना सही है और इसके क्या सबूत हैं? किन-किन अधिकारियों व न्यायिक पदाधिकारियों को मैनेज करने की बात हुई थी? इन सभी बिंदुओं पर सीबीआई ने अमित अग्रवाल से पूछताछ की थी।

**अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली है अंतरिम जमानत :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को बीते 16 दिसंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। झारखंड हाइकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी।




# अवैध खनन के कारोबार पर हेमंत सरकार का हल्ला बोल

- सीआइडी और स्पेशल ब्रांच की टीम रोकेगी यह कारोबार
- कई टीमें गठित, राज्य के अलग-अलग इलाकों में तैनात

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर अवैध खनन और अनैतिक कार्य को रोकने की कवायद शुरू कर दी गयी है। इस बार अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) के साथ स्पेशल ब्रांच की टीमों को भी लगाया गया है। ये टीमें राज्य के कोयला और पत्थर उत्पादक जिलों में तैनात कर दी गयी हैं। टीमों को सख्त हिदायत दी गयी है कि वे इस कार्य में शामिल लोगों की सूची तैयार करें। साथ ही सूचना मिलने पर तुरंत छापामारी करें। इसके लिए किसी से आदेश लेने की जरूरत नहीं है। टीम की अगुवाई कहीं-कहीं डीएसपी, तो कहीं-कहीं दारोगा स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। यह पहली बार है, जब अवैध खनन रोकने की दिशा में सरकार के स्तर से इतना बड़ा फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री नहीं चाहते हैं कि राज्य में किसी तरह का अवैध कारोबार फले-फूले। इस कवायद में स्पेशल ब्रांच के अधिकारी सूचना एकत्र करेंगे और उस पर सीआइडी की टीम छापामारी करेगी। झारखंड में इन दिनों कोयला, बालू, पत्थर और लकड़ी की खूब तस्करी हो रही है। प्रारंभिक सूचना में इस अवैध कारोबार में स्थानीय पुलिस की संलिप्तता की बात सामने आने के बाद इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। सब कुछ गुपचुप तरीके से हो रहा है। टीम जिन-जिन जिलों में है, वहां से अपनी रिपोर्ट भी संबंधित विभाग को उपलब्ध करायेगी।

### क्यों जरूरत पड़ी संयुक्त कार्रवाई की

पुलिस मुख्यालय के स्तर से बार-बार निर्देश देने के बावजूद तस्करी-अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग पाया है। इसलिए मुख्यालय के स्तर से यह कदम उठाया गया है। निगाहें हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़, चतरा, चाईबासा, देवघर, साहिबगंज और जामताड़ा सहित वैसे इलाकों पर हैं, जहां कोयला उत्पादन के अलावा बालू की तस्करी जमकर हो रही है। बालू के मामले में गढ़वा का इलाका टॉप पर चल रहा है। उस इलाके में इस संयुक्त टीम की कार्रवाई का नतीजा एक-दो दिनों में जरूर दिखेगा।

# इसीएल कोल प्रोजेक्ट को लेकर ग्रामीण और प्रशासन आमने-सामने

- पारंपरिक हथियारों के साथ सड़क पर उतरे ग्रामीण
- सुरक्षाबलों ने आंसू गैस और पानी की बौछार की
- अधिकारी अधिग्रहित जमीन की घेराबंदी करने पहुंचे थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले में इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (इसीएल) की राजमहल कोल परियोजना के लिए तालझारी गांव में जमीन अधिग्रहित की गयी है। इस जमीन की घेरबंदी के लिए गुरुवार को पहुंची इसीएल की टीम को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। सुरक्षाबलों के साथ टीम के पहुंचते ही हजारों की संख्या में महिला-पुरुष परंपरागत हथियारों, लाठी-डंडों के साथ जमा हो गये। वे नारा लगाने लगे-जान देंगे, जमीन नहीं देंगे। पुलिस-प्रशासन वापस जाओ। इसी दौरान ग्रामीणों की पुलिस-प्रशासन और इसीएल टीम के साथ झड़प हो गयी। इसने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। गौरतलब हो कि इसीएल ने अपनी कोल परियोजना के विस्तार के लिए बीते पांच सालों के दौरान बोआरीजार प्रखंड के तालझारी गांव की 125 एकड़ जमीन अधिग्रहित की है। तालझारी के रैयतों सहित आसपास के गांवों के कड़े विरोध के कारण अब तक वहां कोयला खनन शुरू नहीं कराया जा सका है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



# रामगढ़ में चलेगा मोदी मैजिक या दिखेगी हेमंत की हिम्मत!

## उपचुनाव की घोषणा के साथ ही शुरू हो गयी सुगबुगाहट : 2019 के बाद से अब तक हुए चार उप चुनावों में मिली जीत से बमबम है सत्ता पक्ष

आजाद सिपाही विशेष

**चुनाव आयोग की घोषणा के बाद झारखंड में रामगढ़ सीट के उपचुनाव की सुगबुगाहट भी शुरू हो गयी है। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद से झारखंड में अब तक चार सीटों पर उपचुनाव हुए हैं और इन सभी में सत्ता पक्ष, यानी झामुमो और कांग्रेस को जीत हासिल हुई। इसलिए इस बार भी रामगढ़ सीट पर कब्जा बरकार रखने के लिए कांग्रेस और उसका सहयोगी झामुमो अपना सब कुछ दांव पर लगाने के लिए तैयार है, वहीं आजसू यहां से 2019 में मिली करारी पराजय का बदला लेने के लिए भाजपा के साथ मिल कर पूरी ताकत लगायेगी। इस राजनीतिक झकझूमर के अलावा रामगढ़ का उपचुनाव हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज का छोटा टेस्ट भी होगा। इसलिए दोनों पक्ष इसमें पूरी ताकत झोंकेंगे। रामगढ़ आजसू का गढ़ रहा है, लेकिन 2019 में कांग्रेस ने इस गढ़ को भेदने में सफलता हासिल की थी। पिछले चुनाव में कांग्रेस की ममता देवी ने आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को पटखनी दी थी, लेकिन अदालती फैसले के कारण उनकी विधायकी चली गयी है। इस बात इतना तय है कि रामगढ़ में मुकाबला कांग्रेस-झामुमो बनाम आजसू-भाजपा के बीच होगा, यानी एक तरह से यह मुकाबला मोदी मैजिक बनाम हेमंत की हिम्मत का लिटमस टेस्ट होगा। 27 फरवरी को होनेवाले मतदान के लिए शुरू हुई राजनीतिक सुगबुगाहट के बीच रामगढ़ का चुनावी परिदृश्य क्या है और राजनीतिक दलों ने क्या तैयारियां की हैं, यह जानना बेहद दिलचस्प हो सकता है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए बननेवाले सियासी समीकरणों पर नजर डाल रहे हैं आजाद सिपाही के रामगढ़ ब्यूरो प्रभारी वीरू कुमार।**

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है। वोटिंग 27 फरवरी और वोटों की गिनती दो मार्च को होगी। अभी जो राजनीतिक परिदृश्य उभर रहा है, उसमें साफ दिख रहा है कि चार पार्टियों से दो उम्मीदवार मैदान में होंगे और मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच होगा। एक तरफ कांग्रेस-झामुमो का प्रत्याशी होगा, तो दूसरी तरफ आजसू-भाजपा का। उम्मीदवार कौन होगा, इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अब तक के संकेतों के अनुसार, रामगढ़ की निवर्तमान कांग्रेस विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो के सामने गिरिडीह के आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी होंगी।

### क्या है झारखंड में उपचुनाव का इतिहास

झारखंड की सियासी संवेदनशीलता से पूरा देश परिचित है। खनिज संपदा से भरपूर इस राज्य में होनेवाला हर चुनाव बेहद रोमांचक और कांटे की टक्कर वाला होता है। अपने 22 साल के इतिहास में झारखंड ने जितने भी चुनाव देखे हैं, वे सभी रोमांचक रहे। मुकाबला कभी भी एकतरफा नहीं रहा। 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में राज्य में पहली बार किसी एक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत हासिल हुआ। फिर 2019 में भी जनता से स्पष्ट जनादेश सुनाया। जहां तक उप चुनावों का सवाल है, तो ये और भी रोमांचक हुए हैं। विधायकों के निधन के कारण जिन सीटों पर उपचुनाव हुए, वहां तो जनता की सहानुभूति उनके उत्तराधिकारियों को मिली, लेकिन दूसरे कारणों से खाली होनेवाली सीटों पर अधिकतर बार प्रतिद्वंद्वी को जनता को सिर-आंखों पर बैठाया। गोमिया, सिल्ली और मांडर इसका अपवाद रहा है, क्योंकि यहां अदालती आदेश के कारण जिन विधायकों की सदस्यता गयी, उनकी पत्नियों या पुत्री ने उपचुनाव में जीत हासिल की। यह भी संयोग है कि ये तीनों सीटें पहले भी यूपीए ने जीती थी और उपचुनाव में भी यूपीए की ही जीत हुई। इस रोचक रिकॉर्ड की पृष्ठभूमि में रामगढ़ में होनेवाला उपचुनाव बेहद दिलचस्प होने की पूरी संभावना है।

झारखंड में उप चुनाव का रिकॉर्ड बेहद रोचक रहा है। यहां उपचुनाव में मुख्यमंत्री की हार भी हुई है और प्रतिद्वंद्वियों की जीत भी। तमाड़ उपचुनाव में जहां तत्कालीन मुख्यमंत्री उपचुनाव हार गये थे, वहीं लोहरदगा और कोलेबिरा में प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। बरकट्ठा और गोड्डा में दिवंगत विधायकों के राजनीतिक उत्तराधिकारियों ने जीत हासिल की। लोहरदगा और



कोलेबिरा में एक बार उप चुनाव हुआ, क्योंकि वहां से निर्वाचित विधायकों को अदालत ने सजा सुना दी थी और उनकी सदस्यता रद्द हो गयी थी। लेकिन दोनों सीटों पर हुए उपचुनाव में प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों ने जीत हासिल कर ली।

### क्या था रामगढ़ विधानसभा सीट का परिणाम

पिछले चुनाव में कांग्रेस की ममता देवी ने आजसू के दिग्गज नेता चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को 28 हजार 718 वोटों से हराया था। तीसरे नंबर पर भाजपा के उम्मीदवार रणंजय कुमार को 31 हजार 874 वोट मिले थे। उस चुनाव में आजसू और भाजपा के बीच तालमेल नहीं था। उस स्थिति में भाजपा और आजसू के वोटों को अगर जोड़ दिया जाये, तो आकंड़ा एक लाख तीन हजार एक सौ पहुंच जाता है, जो कि जीत के लिए काफी था। ममता देवी की जीत का एक कारण यह भी था कि आजसू-भाजपा ने अलग-अलग प्रत्याशियों पर दांव लगाया था।



इस बार भी पूरा मामला पिछली बार जैसा ही होगा। अंतर बस इतना होगा कि इस बार ममता देवी की जगह उनके पति बजरंग महतो चुनाव लड़ेंगे। वहीं पिछली बार जिस तरीके से आजसू को भाजपा के उम्मीदवार का भी सामना करना पड़ा था, इस बार ऐसा नहीं होगा।

### 2019 के बाद चार उपचुनाव हारी है बीजेपी

गौरतलब है कि झारखंड में 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद से चार उपचुनाव हुए हैं। सभी सीटों पर महागठबंधन प्रत्याशी जीते। बेरमो और मांडर में कांग्रेस की जीत हुई, वहीं दुमका और मधुपुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जीत हासिल की। इन सभी चुनावों में भाजपा ने पूरी ताकत झोंकी, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। बतौर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के लिए भी रामगढ़ उपचुनाव नाक की लड़ाई है। 2019 के चुनावों के बाद भाजपा में वापसी करने वाले बाबूलाल मरांडी को भी रामगढ़ उपचुनाव में खुद को साबित करना होगा, क्योंकि भाजपा के लिए भीड़ और वोट जुटाऊ नेता माने जाने वाले बाबूलाल मरांडी की वापसी के बाद से पार्टी तीन उपचुनाव हार चुकी है। पार्टी यह भी ध्यान में रखेगी।

### रामगढ़ में क्या होंगे चुनावी मुद्दे

रामगढ़ उपचुनाव में भाजपा-आजसू या एनडीए के पास बेरोजगारी, बेरोजगारी भत्ता, कानून-व्यवस्था, महिला अपराध और शिक्षा जैसे मुद्दे हैं। अवैध खनन और मनी लांड्रिंग को लेकर मुख्यमंत्री से हुई इडी की पूछताछ और उनके विधायक प्रतिनिधि पर कसा शिकंजा भी एनडीए के लिए मुद्दा होगा। दूसरी ओर सरकार पारा शिक्षकों को लेकर बनी नियमावली, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका मानदेय वृद्धि, पुलिसकर्मी क्षतिपूर्ति अवकाश, 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति और सरना धर्म कोड को लेकर जनता के बीच जायेगी।

### दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे

रामगढ़ में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी जीत का जावा किया है। भाजपा का कहना है कि 2005, 2009 और 2014 में रामगढ़ से चंद्रप्रकाश चौधरी जीते। तब आजसू और भाजपा साथ थी। 2019 में दोनों अलग हुए और हार का सामना करना पड़ा। अब एनडीए में आजसू की वापसी हो गयी है। एनडीए के पास रामगढ़ में सवा लाख वोट है, इसलिए उसकी जीत तय है। हालांकि पार्टी नेता उपचुनावों में मिली हार के बारे में कहते हैं कि पार्टी ने सभी उपचुनाव गंभीरता से साथ लड़े, लेकिन यह समझना होगा कि वे सभी सीटें महागठबंधन में शामिल दलों की परंपरागत सीटें थीं। लेकिन हर सीट पर भाजपा का वोट शेयर बढ़ा था।

उधर कांग्रेस ने कहा है कि रामगढ़ में तैयारी पूरी है। वह पूरी मजबूती से रामगढ़ में लड़ेगी और जीतेगी भी। यह कांग्रेस की सीट है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, रामगढ़ में जनता ने पांच साल का जनादेश दिया था, लेकिन आंदोलन करने वाली नेता को साजिशन जेल भेजा गया। रामगढ़ की जनता सारा सच जानती है।

इस तरह रामगढ़ सीट पर होनेवाले उपचुनाव का बेहद रोमांचक होना तय है। इस चुनावी झकझूमर का अंतिम परिणाम क्या होगा, यह तो अभी नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इतना तय है कि रामगढ़ में इस सवाल का जवाब जरूर मिलेगा कि झारखंड में मोदी मैजिक चलेगा या हेमंत की हिम्मत।

## ट्वीट :

### हेमंत सोरेन



माननीय केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

### बाबूलाल मरांडी



मुख्यमंत्री जी, आपकी नाकामियों और प्रशासनिक विफलताओं के विरोध में जनता सड़क पर है। कल दुमका के रामगढ़ में युवक की हत्या के बाद भी किसी अपराधी के ना पकड़े जाने के विरोध में आज गुहियाजोरी सड़क पर जनता का विरोध फूट पड़ा है। जनता के विरोध के पीछे के दर्द को समझिए। कुछ ठोस कदम उठाइए।

### रघुवर दास



हर दिन दुष्कर्म की खबरें। झारखंड की बेटियों की रोजाना इज्जत तार-तार की जा रही है और हेमंत सरकार मूकदर्शक बनकर अपराधियों की हिम्मत बढ़ा रही है। झारखंड का क्या हाल कर दिया है इस निकम्मी सरकार ने।

### मिथिलेश ठाकुर



झारखंड की पावन धरा पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री आदरणीय गजेंद्र सिंह शेखावत जी का स्वागत है, अभिनंदन है।

राज्यपाल ने आइआइएम में फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित किया

# झारखंड गरीबी और पलायन से जूझ रहा: राज्यपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि झारखंड गरीबी और पलायन से जूझ रहा है। लोगों का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ते हुए गरीबी दूर की जा सकती है। कौशल विकास राष्ट्र निर्माण की धुरी है। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए, उन्हें बैंक लोन के माध्यम से निजी व्यवसाय स्थापित करने में भी मदद किया जाये।

राज्यपाल रमेश बैस गुरुवार को राज भवन में आइआइएम में फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां ग्रामीण स्तर पर उत्पादित सामग्री की मार्केटिंग की भी समस्या है। उनके उत्पाद को मार्केटिंग करने वाली संस्था या ऑनलाइन एप से जोड़ने में सहयोग किया जाये, ताकि उनके उत्पाद की बिक्री हो सके और वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। एक बार मार्केटिंग से जुड़ जाने के बाद उनमें जागरूकता बढ़ेगी और उनके उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ती चली जायेगी। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित युवा द्वारा उद्यम स्थापित करने पर कम से कम चार-पांच लोगों को रोजगार मिल सकता है। उन्होंने फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गांवों में जाकर ग्रामीणों से संपर्क करें और उनकी परिस्थितियों से अवगत होते हुए उपयोगी सेक्टर का चयन कर उस पर कार्य करने के लिए प्रेरित करे और उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन करें।

ग्रामीण सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करें। साथ ही आत्मनिर्भर भारत और सशक्त भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें। इस मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, आइआइएम रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

# मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं 14 मार्च से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षाएं 14 मार्च से शुरू होंगी। मैट्रिक की परीक्षाएं तीन अप्रैल और इंटर की पांच अप्रैल तक चलेंगी। इस वर्ष सौ फीसदी सिलेबस के आधार पर परीक्षा ली जायेगी। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अप्रैल में शुरू होगा। परीक्षा परिणाम 15 जून तक जारी कर दिया जायेगा। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। कई ऐसे परीक्षा केंद्र भी हैं, जहां मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षा होगी।

मैट्रिक का प्रेक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन सात फरवरी से चार मार्च तक संबंधित स्कूलों में होगा। इंटर का प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन सात फरवरी से चार मार्च तक संबंधित संस्थानों में होगा। स्कूल और कॉलेज आठ फरवरी से छह मार्च तक प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन के अंक जैक की वेबसाइट में अपलोड कर सकेंगे।

अगर कोई छात्र प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित रहेगा, तो उसे बाद में मौका नहीं मिलेगा न ही उनके आवेदन पर विचार होगा। ऐसे छात्र-छात्राओं के प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन के अंक नहीं जोड़े जायेंगे और उससे उनका परीक्षाफल प्रभावित होगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी स्कूल और कॉलेज की होगी।

### 14 सौ केंद्रों में आठ लाख परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

राज्य के 14 सौ केंद्रों में इस साल आठ लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस साल मैट्रिक की परीक्षा प्रखंड स्तर पर बनाये गये केंद्रों में ली जायेगी। इंटर की परीक्षा के लिए अनुमंडल स्तर केंद्र बनाये गये हैं। सभी जिले से परीक्षा केंद्र निर्धारण कर रिपोर्ट जैक को भेज दी गयी है। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। पिछले वर्ष कुल 1936 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। कोरोना के कारण पिछले वर्ष परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ायी गयी थी। इस वर्ष पूर्व की भांति केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जैक के आंकड़ों के मुताबिक इस साल मैट्रिक की परीक्षा में सबसे ज्यादा बच्चे शामिल होने वाले हैं। मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर में 3.50 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस तरह वर्ष 2023 की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। मैट्रिक और इंटर दोनों ही परीक्षाओं में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है। रांची में 159 केंद्रों पर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी। मैट्रिक की परीक्षा के लिए 102 और इंटर की परीक्षा के लिए 57 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। रांची से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में लगभग 82 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस वर्ष मैट्रिक से अधिक परीक्षार्थी इंटर में हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के मैट्रिक तथा इंटर के परीक्षार्थियों के लिए विशेष कक्षा का संचालन किया जायेगा। जेसीईआरटी ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। विशेष कक्षा का संचालन ऑनलाइन जेसीईआरटी करेगी। इसके लिए रूटीन स्कूलों को भेजा गया है। कक्षा 10वीं की छात्राओं के लिए कक्षा संचालन एक से दो बजे तक और कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए दो से तीन बजे तक होगा।

# गंगा विलास क्रूज 21 को साहिबगंज पहुंचेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में दुनिया का सबसे लंबा जलमार्ग तय करने वाला गंगा विलास क्रूज अब 21 जनवरी को पहुंचेगा। पहले गंगा विलास क्रूज के 23 जनवरी की शाम पहुंचना निर्धारित था।

विदेशी सैलानियों को लेकर सबसे लंबी यात्रा पर निकला गंगा विलास क्रूज तय समय से पहले 21 जनवरी को साहिबगंज पहुंचेगा। वहीं, जिला प्रशासन ने विदेशी मेहमानों को गंगा विलास क्रूज के नीचे उतरने के लिए संचालक से परमिशन देने की अपील की है, जिससे विदेशी मेहमानों का जिला प्रशासन स्वागत कर सके। साथ ही गंगा तट पर विदेशी मेहमानों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर सके।

इस संबंध में डीसी रामनिवास यादव ने कहा कि गंगा विलास क्रूज के तय समय से पहले 21 जनवरी तक आने की सूचना मिली है। अनुमति मिलते ही जिला प्रशासन मेहमानों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ घाट पर हाट लगाया जायेगा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं।

उल्लेखनीय है कि इस क्रूज के गत 13 जनवरी को वाराणसी से चलकर आगामी एक मार्च को डिब्रूगढ़ पहुंचना निर्धारित है। 51 दिनों के इस यात्रा में क्रूज 27 नदियों को पार कर डिब्रूगढ़ पहुंचेगी।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने कहा : तीर्थ स्थल ही रहेगा पारसनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के प्रमुख इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा है कि केंद्र और झारखंड सरकार ने तय किया है कि जैन स्थल सम्मेद शिखरजी तीर्थस्थल ही रहेगा। इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित नहीं किया जायेगा। लालपुरा ने कहा कि आयोग ने इस मामले पर सुनवाई की थी जहां झारखंड सरकार ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही इस बाबत आधिकारिक आदेश जारी करेगी। लालपुरा ने कहा : झारखंड में सम्मेद शिखरजी, जिसे लेकर जैन समुदाय के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं, केंद्र और झारखंड सरकार ने उसे धार्मिक स्थल रहने देने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि मांस/मदिरा के सेवन की वहां अनुमति नहीं होगी. हमने मामले में दखल दिया और हमारी सिफारिश पर ध्यान देने के लिए हम केंद्र और झारखंड की सरकारों का आभार जताते हैं। लालपुरा ने कहा कि जैन समुदाय इस फैसले से संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि झारखंड के संबंधित अधिकारियों को सरकारी अधिसूचना की समीक्षा करने और उसमें पवित्र/धार्मिक शब्द जोड़ने की सलाह दी गयी है ताकि क्षेत्र की शुचिता बनायी रखी जा सके। लालपुरा ने कहा कि हमने सलाह दी है कि सरकारी आदेश में पर्यटक शब्द को बदल दिया जाये।

**आदिवासी संगठनों ने तेज किया आंदोलन :** कई आदिवासी संगठनों ने पारसनाथ पर्वत को आदिवासियों को सौंपने की मांग की है। आदिवासी सेंगेल अभियान के द्वारा मरांगबुरू बचाओ भारत यात्रा शुरू की जा चुकी है। इसके अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के इस फैसले पर कहा है कि क्या आदिवासियों का ईश्वर नहीं है? धर्म नहीं है? तीर्थ स्थल नहीं है? यह भारत के आदिवासियों के खिलाफ एक बड़ा षड्यंत्र है। सालखन मुर्मू ने कहा कि जब तक केंद्र और झारखंड सरकार मरांग बुरु पर आदिवासियों के प्रथम दावेदारी को लिखित रूप में नोटिफाई नहीं करेंगे। सेंगेल का राष्ट्रव्यापी मरांग बुरु बचाओ भारत यात्रा आंदोलन जारी रहेगा।



### पारसनाथ पर्वत शिखर जैन धर्म के तीर्थंकरों की तपस्थली

केंद्र सरकार ने पारसनाथ पर्वत पर पर्यटन से संबंधित सभी गतिविधियों पर पांच जनवरी को रोक लगा दी थी, जहां सम्मेद शिखरजी स्थित है। झारखंड सरकार को निर्देश दिया था कि वह स्थल की पवित्रता की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाये। इससे पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस मुद्दे पर जैन समुदाय के विभिन्न प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार ह्यसम्मेद शिखरजी पर्वत क्षेत्र की पवित्रता को बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड के गिरिडीह जिले में मधुबन स्थित पारसनाथ पर्वत शिखर जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों की तपस्थली है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.4°c | 9.8°c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.33 बजे |



## मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की

# झारखंड में 2024 तक हर हाल में नल जल योजना का लक्ष्य होगा पूरा : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र को आश्वस्त किया है कि हर हाल में राज्य में नल जल योजना का लक्ष्य 2024 तक पूरा कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य में संचालित जल जीवन मिशन (हर घर नल-जल योजना) एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के गठन के पूर्व तक झारखंड में केवल 3.45 लाख (05 प्रतिशत) घरों में नल से जल उपलब्ध हो पाया था। सरकार के पिछले तीन वर्षों में 14.12 लाख परिवारों को हर घर नल से जल के तहत आच्छादित किया जा चुका है। अब तक लगभग राज्य के 17.57 लाख (28.73 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य के 630 गांव 105 ग्राम पंचायत तथा एक प्रखंड को शत-प्रतिशत हर घर नल से जल के साथ आच्छादित किया जा चुका है। झारखंड राज्य में सर्वाधिक सौर ऊर्जा आधारित जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विभाग द्वारा सौर ऊर्जा को जल प्रदाय योजना में प्रमुखता दी गई है जिससे राज्य को लगभग 500 से 600 करोड़ रुपये की बचत होगी एवं उसी प्रमाण में ऊर्जा संरक्षण भी किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी वरीय अधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े विभिन्न जिलों के उपायुक्तों को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बैठक में अभी आप सभी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की बातों को सुना है। उम्मीद करते हैं कि आप सभी इनके द्वारा प्वाइंट आउट किए गए मुद्दों पर हर हाल में सुधार लाएंगे। सोरेन ने कहा कि राज्य के प्रत्येक परिवारों तक शुद्ध पेयजल उपलब्धता तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत (ओडीएफ) की परिकल्पना को हर हाल में पूरा करना है। इन सभी कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी है तथा निर्धारित समय से कार्यों को पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से सहयोग की अपेक्षा रखी।



## जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन फायदेमंद रहा : गजेंद्र सिंह शेखावत

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से कहा कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की कार्य योजनाओं में तेजी लाएं। आपके प्रयास से दोनों कार्यक्रमों के मिशन को ससमय पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंचायती राज तथा ग्रामीण विकास विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे तो आंकड़ों में सुधार दिखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के वैसे गांव जहां जल स्रोत नहीं है या शुद्ध जल स्रोत पर्याप्त नहीं है वैसे ग्रामीण क्षेत्रों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। जल जीवन सर्वेक्षण भी इस कार्य में मददगार साबित होगा। राज्य के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने के मुहिम में प्रयास को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण पानी की सुविधा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग राज्यों को प्रदान किया जा रहा है। इन कार्यों के सुचारू संचालन के लिए झारखंड को भी धनराशि मिलती रहेगी। फंड की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। शेखावत ने कहा कि तेज गति से प्रयास किए जाएं तो दिसंबर माह 2023 ओडीएफ लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश के सामान्य जीवन में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरूआत हुई थी। ये दोनों योजनाएं आम जनता के लिए इतने फायदेमंद साबित होंगे इसका अंदाजा किसी को नहीं था। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि शुद्ध जल एवं स्वच्छता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण पहलू है। शुद्ध जल एवं स्वच्छता से लोग बीमारियों से बच रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक बचत भी हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष बल दिया गया है और इस दिशा में मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। मुझे पता है कि झारखंड में भौगोलिक चुनौतियां हैं परंतु इन चुनौतियों के बावजूद आपसी समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है।

# पंकज मिश्रा के वकील ने कहा- इडी ने तथ्य छुपाये

## बोली इडी - याचिका मेंटेनेबल नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोपी पंकज मिश्रा की ओर से इडी के सहायक डायरेक्टर के खिलाफ दायर कंप्लेंट केस पर इडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान पंकज मिश्रा के अधिवक्ता मनोज मिश्रा ने अदालत में अपनी बहस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एजेंसी के अधिकारियों ने तथ्य छुपाये हैं, जबकि इडी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में पंकज मिश्रा की याचिका की मेंटीबिलटी पर सवाल उठाया। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने पक्ष रखा।

अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 जनवरी को करेगी। सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने इडी के सहायक डायरेक्टर देवदत्त झा के खिलाफ इडी की विशेष कोर्ट में शिकायत दर्ज की है। शिकायत में सहायक डायरेक्टर के खिलाफ तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाया गया है।

## मिसिर दस्ते के नक्सली कुलदीप गंझू से एनआइए कर रही पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा दस्ते के नक्सली कुलदीप गंझू से पूछताछ कर रही है। रांची की एनआइए ब्रांच ने कुलदीप को तीन दिनों की रिमांड पर लिया है। एनआइए पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा में पिछले साल चार जनवरी को पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सली हमले की जांच कर रही है। कुलदीप गंझू रांची के बुढ़मू स्थित कनाड़ी गांव का रहने वाला है। उसने 22 दिसंबर, 2022 को चाईबासा में झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया था। कुलदीप के पास कोल्हान-पोड़ाहाट के जंगलों की पूरी जानकारी है। वह लंबे समय तक झारखंड-ओडिशा के सारंडा क्षेत्र में सक्रिय रह कर कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी-व्यापार में अवरोध। परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। |
| वृष | प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा। धन लाभ होगा। सहयोग से काम बनेगा। |
| मिथुन | बकाये रकम की प्राप्ति होगी। वस्त्र-आभूषण और धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है। गृह-भूमि-वाहन का सुख मिलेगा। |
| सिंह | रोजी-रोजगार में सफलता। रुका हुआ काम पूरा होगा। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। |
| कन्या | महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। आर्थिक लाभ। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण। |
| तुला | घर में मांगलिक कार्य। स्वजन-मित्रों का सहयोग। नौकरी में तरक्की होगी। |
| वृश्चिक | जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। |
| धनु | शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा। महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी। विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा। घर में सुख-शांति का वातावरण। |
| कुंभ | इष्ट-मित्रों-स्वजनों से पीड़ा। परिश्रम-प्रयत्न से काम पूरा होगा। नयी जॉब मिलने की संभावना। |
| मीन | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी। बकाये रकम की प्राप्ति। रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

# भाजपा नेता ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर झारखंड हाइकोर्ट ने 22 फरवरी तक रोक जारी रखी

## राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छत्तीसगढ़ में कांकेर के भानुप्रतापपुर उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे ब्रह्मानंद नेताम को झारखंड हाई कोर्ट से मिली अंतरिम राहत 22 फरवरी तक जारी रहेगी। हाइकोर्ट ने पूर्व में उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले की सुनवाई 22 फरवरी 2023 निर्धारित की है। गुरुवार को मामले की आंशिक सुनवाई हाई कोर्ट में हुए।



बता दें कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भाजपा उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम पर नाबालिग से गैंगरेप और देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया है। कांकेर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोहन मरकामन ने कहा था कि भाजपा की ओर से उपचुनाव में प्रत्याशी बनाये गये ब्रह्मानंद नेताम पर झारखंड के जमशेदपुर में टेल्को थाने में केस दर्ज है। उस समय राज्य में भाजपा के रघुवर दास की सरकार थी। मरकाम ने कहा कि पुलिस ने पहले पांच को नामजद किया था।

मामले की जांच के बाद फिर 10 से 12 आरोपी सामने आये, इनमें भाजपा प्रत्याशी भी शामिल हैं। ब्रह्मानंद नेताम को 15 साल की बच्ची के साथ बलात्कार और देह व्यापार में धकेलने जाने के मामले में आरोपी बताया गया है। ब्रह्मानंद को गिरफ्तार करने पिछले दिनों झारखंड पुलिस छत्तीसगढ़ पहुंची थी।

# केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति पारस पहुंचे रांची

## आज नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में होंगे शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति पारस गुरुवार को देर शाम रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने कहा कि वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। साथ ही सीसीएल के दरभंगा हाउस परिसर में शुक्रवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है खास करके झारखंड जैसे राज्यों में बेरोजगारी की वजह से लोग पलायन करने को मजबूर हैं। इसे लेकर सरकार काफी गंभीर है। इसी समस्या को देखते हुए वो युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। झारखंड जैसे राज्यों में बेरोजगारी को कैसे कम किया जाए, जिससे कि पलायन न हो, इस पर भी चर्चा की जायेगी।

## दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने की दिशा में सरकार निर्णय ले : हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में गुरुवार को दैनिक वेतन पर काम कर रहे कर्मियों के मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को 20 साल से दैनिक वेतन पर काम कर रहे कर्मचारियों की सेवा नियमित करने की दिशा में निर्णय लेने का निर्देश राज्य के मुख्य सचिव को दिया। कोर्ट ने कहा कि 20 साल से कर्मचारी काम कर रहे हैं, अभी भी सेवा में हैं, तो इन्हें नियमित नहीं करना और नियमित वेतनमान नहीं देना उचित नहीं है। अदालत ने मुख्य सचिव को सभी कर्मचारियों की सेवा आठ सप्ताह में नियमित करने का निर्देश दिया। साथ ही इसकी जानकारी अदालत को देने का भी निर्देश दिया है। अदालत ने मुख्य सचिव को आदेश की कॉपी भेजने का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में अजीमुल हक अंसारी समेत छह लोगों ने याचिका दायर की थी।

# राज्य के सरकारी शिक्षकों को मिलेगी ऑनलाइन छुट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों अब छुट्टी लेने के लिए अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द शिक्षकों को ऑनलाइन अवकाश मिलेगा। इसका ट्रायल विभाग ने शुरू कर दिया है। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी होने पर सुधार किया जायेगा। सब कुछ ठीक रहने पर लागू कर दिया जायेगा।

जानकारी के मुताबिक विभाग ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट यानी छुट्टी लेने संबंधित प्रणाली प्रयोग के तौर पर शुरू किया है। इस प्रणाली के ट्रायल के लिए अग्रणी जिला पायलट डिस्ट्रिक्ट खूंटी को चुना गया है। शिक्षकों को अपने स्तर से अप्लाई लीव में जाकर प्रयोग के तौर पर सत्यापन करने को कहा गया है। यह व्यवस्था ट्रायल के लिए बनायी गयी है। इसलिए प्रयोग सफल होने के बाद भी शिक्षकों के अवकाश की गणना नहीं की जायेगी। उसका कोई लेखा-जोखा भी नहीं किया जायेगा।

शिक्षकों से कहा गया है कि यदि इस प्रणाली में किसी तरह का कुछ तकनीकी व्यवधान होता है तो वे अपनी-अपनी आपत्ति भी दर्ज कर सकते हैं। आपत्ति होने पर आवश्यक पड़ने पर इसे संशोधित किया जा सकेगा। शिक्षकों को बताया गया है कि गूगल में ए विद्या वाहिनी में जाकर टीचर आइडी लॉगिन करनी है। इसके बाद साइड में तीन लाइन को टच करने के बाद छुट्टी का ऑप्शन आ जायेगा।

# पिता को मृत बता कर बेटे ने दलाल के साथ मिल कर बेच दी जमीन, केस दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के पुनदाग इलाके में जमीन दलालों के साथ मिलकर एक युवक ने जीवित पिता को मृत घोषित कर जमीन बेच दी। पीड़ित पिता ने रजिस्ट्री ऑफिस के बड़ा बाबू पर भी संलिप्तता का आरोप लगाया है। पीड़ित हजरत अंसारी न्याय के लिये अंचल से लेकर जिला तक फरियाद लगा रहे हैं। हालांकि मामले को लेकर हजरत अंसारी के लिखित शिकायत पर नौ जनवरी को पुनदाग थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें परवेज आलम, तबरेज आलम, रिजवान अंसारी, इस्लाम अंसारी पर फजीर्वाड़े कर जमीन बेचने का आरोप है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

हजरत अंसारी ने अपने प्राथमिकी में बताया है कि खाता नंबर-61, प्लाट नंबर 3695, 3696 रकबा 72 और 14 डिसमिल है, इसमें 36, 7, 7 डिसमिल खरीदगी रकबा 50 डिसमिल भूमि है। उक्त जमीन पर दखलकार हैं, लेकिन इलाके के भूमाफिया और जमीन दलाल की बूरी नजर है। येन केन प्रकारेण भूमि हथियाना चाहते हैं। पुनदाग के परवेज आलम और तबरेज आलम दोनों के पिता स्व इस्लाम अंसारी और रिजवान अंसारी पिता स्व लतीफ अंसारी इस्लाम अंसारी पिता स्व कुर्बान अंसारी लगातार भूमि को हड़पने के उदेश्य से मेरे बड़े पुत्र बरकत अंसारी के साथ षड्यंत्र रच रहे हैं। इन लोगों के बहकावे में आकर मेरा अनपढ़ पुत्र बरकत अंसारी कई बार उक्त जमीन को बेचने के लिये दबाव बनाता रहा एवं मारपीट भी की। इसकी जानकारी पूर्व में थाना में दी गयी थी। 24 दिसंबर 2022 को जानकारी मिली कि मेरी जमीन में से 10 डिसमिल जमीन मेरे पुत्र बरकत अंसारी द्वारा मेरे जीवित होते हुए मृत दिखा कर बंटवारा किये बगैर बंटवारा का जाली कागज बना कर परवेज, आलम तबरेज आलम, रिजवान अंसारी और इस्लाम अंसारी के मिलीभगत से जाली कागज बना कर रजिस्ट्री करवा लिया। मामले को लेकर रजिस्ट्री ऑफिस के बड़ा बाबू आनंद साहू से बात करने पर भगा दिया गया। पीड़ित ने आशंका व्यक्त की है कि बड़ा बाबू की भी इस षड़यंत्र में संलिप्तता है।

## रिम्स में 3 घंटे इंतजार के बावजूद बेड नहीं मिला

# एंबुलेंस में ही थम गयीं वृद्ध की सांसें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अस्पताल की दहलीज पर पहुंच कर जब किसी अपने की बेड न मिल पाने से सांसें थम जायें, तो इसे दुर्भाग्य कहा जाये या सिस्टम की लापरवाही, इस दर्द को समझना बहुत मुश्किल है। वो भी जब आप झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के अत्याधुनिक और उच्चस्तरीय इलाज वाले भवन ट्रॉमा सेंटर के दहलीज पर खड़े हों। दरसअल, मरीज रूद्र प्रताप सिंह मानकी को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद लिए उन्हें लेकर रिम्स पहुंचे थे, लेकिन ट्रॉमा सेंटर में उन्हें एक अदद ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड नहीं मिल पाया। बेड के इंतजार में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के कालीमाटी के रहने वाले रूद्र प्रताप एंबुलेंस में करीब तीन घंटे तक तड़पते रहे और आखिरकार एंबुलेंस में ही तड़पते हुए उनकी सांसें थम गयीं। एंबुलेंस में उनकी सुध लेने न ट्रामा सेंटर का कोई डॉक्टर आया, न नर्स। परिजन इस उम्मीद में थे कि शायद कोई डॉक्टर आये, कम से कम सलाह ही दे कि इस स्थिति में मरीज को कहां ले जाया जायें, लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया।

**तीन घंटे तक एंबुलेंस में तड़पता रहा मरीज :** परिजन वृंदावन सिंह मानकी ने कहा कि पिछले तीन घंटे से एंबुलेंस में मरीज को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रख कर बेड के लिए इंतजार करते रहे। मरीज के इलाज के लिए रजिस्ट्रेशन भी करा लिया था, लेकिन इतने बड़े अस्पताल में एक बेड तक नहीं मिल सका। अस्पताल के किसी डॉक्टर या नर्स ने मरीज को एंबुलेंस में आकर देखना तक मुनासिब नहीं समझा। आखिरकार तड़प रहे वृद्ध मरीज की एंबुलेंस में ही सांसें थम गयीं। इतना कुछ होने के बाद भी अस्पताल के डॉक्टर से किसी तरह की मदद नहीं मिली।

**ट्रॉमा सेंटर में 20 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, सभी पर गंभीर मरीज :** बेड के अभाव में मरीज की मौत मामले में पूछे जाने पर रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर के ग्राउंड फ्लोर में कुल 30 बेड हैं। इनमें 20 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड हैं। यहां भर्ती सभी मरीज गंभीर स्थिति में हैं। ठंड के बढ़ने के कारण हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। साथ ही सांस की तकलीफ से संबंधित मरीज भी भर्ती हैं। सभी मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत है, ऐसे में बेड खाली नहीं था। मरीज की मौत दुखद है। उन्होंने कहा कि रिम्स में न सिर्फ झारखंड के मरीज आते हैं, बल्कि बाहर के भी मरीज आ रहे हैं। इस वजह से अस्पताल का लोड बढ़ गया है।

# झारखंड में 21 जनवरी तक छाया रहेगा कोहरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला है। इस बीच राजधानी रांची समेत आसपास के इलाकों में ठंड भी बढ़ी है। रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। सुबह से अभी दोपहर तक चारों तरफ कोहरा छाए हुए है, जिससे ठंड में थोड़ा इजाफा हुआ है।

रांची मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे तक राजधानी समेत राज्यभर में मौसम सर्द रहेगा। इस दौरान कोहरा छाया रहेगा और हल्के बादल के छाने के भी आसार है, जो अगले 21 जनवरी तक छाये रहेंगे, जिसका असर राज्य के दक्षिणी भाग में अधिक होगा। रांची में तापमान में गिरावट आयी है। राजधानी रांची में 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी। अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची में सुबह में भी लोग गाड़ी की हेडलाइट ऑन कर चलते नजर आये। रांची में धूप नजर नहीं आ रही। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रांची, बोकारो और खूंटी जिले में सुबह से कोहरा नजर आ रहा है। अभी मौसम का मिजाज कुछ दिनों तक ऐसा ही रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि मौसम शुष्क रहेगा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा का रहा, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस गिरिडीह में दर्ज किया गया।

# टेरर फंडिंग के आरोपित विनीत अग्रवाल की अपील पर सुनवाई एक फरवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को टेरर फंडिंग के मामले में आरोपित विनीत अग्रवाल की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई हुई। मामले में एनआइए की ओर से शपथ पत्र दाखिल करने के लिए दो सप्ताह के समय की मांग की गयी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक फरवरी निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि चतरा के टंडवा में मगध आम्रपाली कोल प्रोजेक्ट में लोडिंग एवं खनन के लिए कार्य कर रही कंपनियों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचाने समेत कई आरोप लगे हैं। इस मामले की जांच एनआइए कर रही है।

रांची एनआइए की विशेष अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को प्रार्थी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। एनआईए ने टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 में टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआइए ने मामले में विनीत अग्रवाल समेत 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 240 dated 17.01.2023 I Nitu Gupta wife of Rajesh kumar Gupta resident of Tagore Hill Road, Morabadi in front of Little Flower School Morabadi, P.S. Bariatu, District-Ranchi (Jharkhand) 834008 hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I am an Indian Citizen.
2. That I am residing at my aforesaid address.
3. That my Actual name is Nitu Gupta Mentioned in my Aadhar Card, Voter id & Pan Card.
4. That my name Nitu Kumari has been entered in my Matriculation educational documents.
5. That my name Nitu Gupta & Nitu Kumari is same and one person.
6. That need of the Affidevit for same and one person which requires for my passport in my actual name.
7. That above Statements are true and genuine.

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच जयनगर मुख्यमार्ग स्थित मांझलीटांड़ के समीप अज्ञात ट्रक की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान किशुन भुइयां (उम्र 60 वर्ष पिता स्वर्गीय लूटन भूईयां), डोमचांच नगर पंचायत के लठीयोबार निवासी के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति डोमचांच से चाय पीकर अपने घर लाठियोबर जा रहा था। इस क्रम में मंझलीटांड़ के समीप ईट्टा लदा 12 चक्का ट्रक ने उसे अपनी चपेट मे लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगो द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेजा और फिर परिजनों को सौंप दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 21 को

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित मातृ छाया चैरिटेबल हॉस्पिटल में 21 जनवरी को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त बातों की जानकारी मातृछाया चैरिटेबल हॉस्पिटल के संस्थापक जुगनू जयंत सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर 21 जनवरी को 10 बजे सुबह से 3 बजे दिन तक लगाई जाएगी। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा व हड्डी, जोड़, नस, वात रोग विशेषज्ञ डॉ रविंद्र प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## ग्रिजली कॉलेज ने उन्नत भारत अभियान 2.0 के तहत किया सर्वे




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उन्नत भारत अभियान 2.0 के तहत ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा कोडरमा जिले के गोद लिए 5 गांवों जोंगी, पूतो, सरदारोडीह, नावाडीह, आरागारो में सर्वे कार्य संपन्न किया। सर्वेक्षण के अंतर्गत विभिन्न आवश्यक सूचनाओं का संग्रह किया गया। महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने उसे पूर्ण किया। सर्वे के दौरान प्रशिक्षुओं ने ग्रामीणों की आधारभूत जरूरतों, समस्याओं की पहचान की। जिसमें उन्होंने ग्रामीणों के शिक्षा स्तर, रोजगार, स्वास्थ्य, दैनिक जीवन, जल आपूर्ति, सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षुओं ने लगभग 600 घरों में जाकर उनके दैनिक जीवन में हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। सर्वे का संचालन महाविद्यालय के उन्नत भारत अभियान 2.0 के समन्वयक सौरभ शर्मा और महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका खुशबू कुमारी सिन्हा के निर्देशन में किया गया। सर्वे में बीएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षु विकास कुमार, प्रदीप कुमार, विक्रम दांगी, सूरज कुमार, राम कुमार, दिनेश कुमार, भीम कुमार, वरुण कुमार, संदीप कुमार, राम कुमार, दिनेश कुमार एवं महाविद्यालय के चुन्नू कुमार, सुचित कुमार, अरविंद कुमार और अनुपम कुमार सिंह ने अपनी अहम भूमिका निभाई। सर्वे सम्पन्न होने पर महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को सर्वे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ बीसी स्वेन ने इस कार्य की सराहना की एवम आश्वस्त किया की भविष्य में सभी गोद लिए गांवों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल ने कौंडिन्या पब्लिक स्कूल को 356 रन से हराया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे जगदीश यादव मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरुवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में सेक्रेड हार्ट स्कूल और कौंडिण्या पब्लिक स्कूल के बीच मैच खेला गया। सेक्रेड हार्ट स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 399 रन का विशाल स्कोर बनाया। जिसमें प्रियेश ने 134 रन, अमन ने 70 रन और सागर कुमार 29 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कौंडिण्य पब्लिक स्कूल की ओर से सागर कुमार 3, अनमोल गौतम 2 और फरहान कुरैशी ने 2 विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी कौंडिन्या पब्लिक स्कूल की टीम 11.2 ओवर में 43 रन बनाकर ढेर हो गयी। कौंडिण्या की ओर से फरहान कुरैशी ने 10 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए सैक्रेड हार्ट स्कूल की ओर से विपिन ने 8 और शौकत अली ने 2 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच सैक्रेड हार्ट स्कूल के बिपिन कुमार को कोडरमा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी राकेश पांडेय और आलोक पांडेय ने संयुक्त रूप से दिया। मैच में अंपायर आभास मुखर्जी और आशीष यादव और स्कोरर रवि यादव थे। मौके पर केडीसीए के सचिव दिनेश सिंह, आलोक पांडे, कोडरमा कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र सिंह, सुमन कुमार, स्कूल टूनार्मेंट के चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद, कुंदन राणा, रवि यादव, विशाल यादव, अविनाश कुमार, मोहम्मद इदरीश मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन कल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले में धीरे-धीरे भू माफिया, अपराध, दुष्कर्म, लूटपाट की घटनाएं बढ़ती जा रही है जिसको लेकर अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला इकाई कोडरमा ने 21 जनवरी को कोडरमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है। इसकी तैयारी बड़े पैमाने पर चल रही है। अखिल भारतीय नौजवान संघ के आंदोलन को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का भी समर्थन है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, जिला मंत्री प्रकाश रजक, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन, रोजन मियां, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव के नेतृत्व में विभिन्न गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

## पेंशनर समाज का मिलन समारोह कल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पेंशनर समाज का मिलन समारोह 21 जनवरी को ध्वजाधारी आश्रम परिसर में आयोजित होगा। इसमें 8 पुरुष एवं चार महिला पेंशनरों को सम्मानित किया जाएगा। झारखंड राज्य पेंशनर समाज कोडरमा के अध्यक्ष नारायण मोदी और सचिव नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से उक्त जानकारी देते हुए पेंशनर्स से आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

## प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में किया गया कॉपी वितरित




**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा प्रखंड में गुरुवार को विभिन्न सरकारी विद्यालयों में राज्य सरकार विद्यालय कीट योजना के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा निशुल्क कॉपी वितरण किया गया।जिसमे उत्क्रमित उच्च विद्यालय चंपाडीह पदमा के दशम वर्ग के छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल दिखा।विद्यालय में कॉपी वितरण विद्यालय प्रभारी सुरेश प्रसाद मेहता व अन्य शिक्षकों के हाथ से हुआ।वितरण के पश्चात विद्यालय प्रभारी सुरेश प्रसाद मेहता ने कहा की बहुत सारे ऐसे छात्र छात्राएं है जिनके परिवार वाले अत्यंत गरीब होने की वजह से बच्चो को स्टडी कीट उपलब्ध नहीं करा पाते है, जिससे बच्चो को पढ़ाई करने में कई बाधाएं आती है। लेकिन झारखंड सरकार की पहल दिख रही है जिसमे की बच्चो को पोशाक व स्टडी कीट उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे सभी बच्चे बिना कोई बाधा के सामान्य शिक्षा ले पाएंगे। इस मौके पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अनूप कुमार मेहता,रंजन कुमार,संतोष कुमार,अजय कुमार मेहता,संतोष कुमार मेहता,सुमिता मुंशी,संजू कुमार व सौरभ आनंद उपरोक्त सभी शिक्षक व विद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# चोरी के 309 बैग सर्फ बरामद, दो गिरफ्तार

### डीएसपी ने बतायी : सर्फ चोरी और व्यवसायी की मौत की पूरी कहानी



दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर थाना की पुलिस ने बड़कागांव के शुभम अग्रवाल उर्फ सोनू, पिता : हीरालाल अग्रवाल के घर से 309 बोरा घड़ी कंपनी का सर्फ बरामद किया है। वहीं इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें शुभम अग्रवाल के अलावा गिरिडीह स्थित उपरैली राजधनवार निवासी संजीत कुमार उर्फ संजीत साव पिता : वासुदेव साव शामिल है। दोनों पर चोरी का सर्फ खपाने का आरोप है। इस संबंध में सदर डीएसपी महेश प्रजापति ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि 13 जनवरी को रायपुर गुढ़ियारी निवासी मनोज कुमार सेठी ने आवेदन दिया था। इसमें रायपुर से 1200 बोरा घड़ी सर्फ लदा ट्रक सीजी 04 एल जेड 5088 रांची के लिए निकला था। मगर ट्रक रांची नहीं पहुंचा। उसका चालक महेंद्र राम पिता : नारायण राम गिरिडीह जिले का रहने वाला है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू की।

### खुद को फंसता देख भागने लगे सुनील गुप्ता, छत से गिरकर हो गये थे घायल

डीएसपी ने बताया की रवि स्टोर के मालिक आशीष अग्रवाल के बयान देने के बाद सुनील गुप्ता घबरा गए। खुद को फंसता देख भागने लगा। भागने के दौरान इंद्रलोक के पीछे किसी छत से गिरकर सुनील गुप्ता जख्मी हो गये, जिसकी सूचना पाकर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में कई राज उगले

डीएसपी महेश प्रजापति ने बताया की गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में कई राज उगले। बताया कि ट्रक पर लदा सर्फ रांची में नहीं उतार कर 10 जनवरी की रात ही हजारीबाग के डेमोटांड़ में उतार लिया गया था। वह सर्फ कानी बाजार निवासी सुनील गुप्ता की दुकान में रखा है। इस आधार पर 14 जनवरी को सदर थाना कांड संख्या 30/23 दर्ज किया गया। फिर जांच के लिए एक विशेष टीम बनायी गयी। अनुसंधान के क्रम में विशेष टीम अपने साथ कंपनी के प्रतिनिधि को लेकर सुनील गुप्ता की दुकान पर पहुंची। पूछताछ की सुनील गुप्ता की ओर से बताया गया कि सर्फ बड़कागांव के शुभम अग्रवाल उर्फ सोनू से खरीदे थे। लेकिन गड़बड़ मामला होने के कारण शुभम अग्रवाल को लौटा दिए थे। इसके बाद अनुसंधान टीम ने सुनील गुप्ता को साथ चल कर शुभम अग्रवाल का घर दिखाने को कहा था। सुनील गुप्ता को साथ लेकर आए तो कंपनी के लोगों ने बताया कि रवि स्टोर में भी चोरी का सर्फ है. तलाशी में वहां से 12 किलो सर्फ बरामद हुआ। रवि स्टोर के मालिक आशीष अग्रवाल पिता : सुरेंद्र अग्रवाल बिंदेश्वरी पथ कुम्हार टोली निवासी से पूछे जाने पर वहां सुनील गुप्ता की ओर इशारा करते हुए सर्फ देने की बात कही।

### संजीत साव की निशानदेही पर 309 बोरा सर्फ बरामद

डीएसपी ने बताया की अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर राजधनवार के संजीत कुमार उर्फ संजीत साव को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर बड़कागांव में रखे गोदाम से 309 बोरा चोरी की घड़ी डिटर्जेंट पाउडर बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यवसायियों से पूछे जाने पर मामला प्रकाश में आया कि संजीत कुमार उर्फ संजीत बड़कागांव के शुभम अग्रवाल उर्फ सोनू की मिलीभगत से सर्फ को डेमोटांड़ से उतारकर रखवाया। 11 और 12 जनवरी को शुभम अपार्टमेंट निवासी शुभम अग्रवाल एवं सुनील गुप्ता की मिलीभगत से चोरी के सर्फ में से 350 बोरी सुनील गुप्ता अपनी दुकान में ले गए एवं 450 बोरी शुभम अग्रवाल अपने बड़कागांव स्थित गोदाम में ले गए. शेष 400 बैग ट्रक ड्राइवर ने हजारीबाग पहुंचने से पहले ही कहीं बेच चुका था। 13 जनवरी को सुनील गुप्ता ने बड़कागांव के शुभम अग्रवाल से 150 बैग फिर मंगवाया था। बड़कागांव में चोरी गए शेष माल की बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. कांड में संलिप्त चालक ट्रक को तोरपा क्षेत्र में लावारिस हालत में छोड़ दिया, जिसे बरामद कर थाने में सुरक्षित रखा गया है।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने व्यवसाई सुनील गुप्ता के परिजनों से मिल सांत्वना दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, हजारीबाग भाजमो जिला अध्यक्ष अभिषेक पांडे एवं विमलेश कुमार सिंह के साथ हजारीबाग के व्यवसायी मृतक सुनील कुमार गुप्ता के घर गये और उनके परिवार वालों को संत्वाना देते हुए हुए घटना की जानकारी ली। मृतक के परिजनों ने भाजमो के दल को बताया कि घड़ी डिटर्जेंट के डीलर राजकुमार से सुनील कुमार को पैसे लेने थे, पर राजकुमार पैसे नहीं दे रहा था। राजकुमार ने सदर थाना हजारीबाग के पुलिसकर्मियों को अपनी ओर कर उनसे मृतक



सुनील कुमार गुप्ता के घर जाकर धमकी दिलवाया। सभी पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में थे बार-बार आकर धमकाया और थाना आने का दवाब बनाया। 14 जनवरी को राजकुमार ने षड्यंत्र रच कर हजारीबाग सदर थाना के पुलिस कर्मियों के द्वारा को थाना बुलाया और आधे घंटे के अंदर सुनील कुमार को बुरी तरह मारपीट कर- के उनके बेटे को खबर किया कि तुम्हारे पिताजी हॉस्पिटल में भर्ती है। जब परिवार के लोग हॉस्पिटल गए तो सुनील गुप्ता ने बताया कि मुझे पुलिस ने बहुत मारा है और हमारे छः लाख रूपया भी छीन लिया, हमारा अच्छा से इलाज कराओ नहीं तो हम मर जाएंगे। घरवालों ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी। इलाज के क्रम में व्यवसायी सुनील गुप्ता की मृत्यु हो गयी। पूरे मामले को सुनने के बाद श्री तिवारी ने कहा कि पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत से एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या हो गई और प्रशासन इस केस में लीपापोती कर रही है। इस हृदय विदारक घटना से पूरे राज्य की आम जनता आक्रोशित है। इससे राज्य के कानून-व्यवस्था पर अनेकों सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे कृत्य से पुलिस की वर्दी दागदार हो रही है। पुलिस मुख्यालय, राज्य के मुख्यमंत्री और मानवाधिकार आयोग को इस पर अविलम्ब संज्ञान लेना चाहिए। श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएं, मृतक के तीन बच्चों के भरण-पोषण, पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था करे, आरोपी पुलिस को अविलम्ब बर्खास्त करते हुए उन्हें गिरफ्तार करे और उन्हें कठोर सजा न्यायालय के माध्यम से दिलाए।

## मुखिया ने सिविल सर्जन से स्वास्थ्य उपकेंद्र की मरम्मत कराने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू(हजारीबाग)।** पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव अपनी पंचायत की समस्या को लेकर हमेशा सजग और सक्रिय रहते है। मुखिया ने स्वास्थ्य उपकेंद्र पुनाई के जर्जर भवन की मरम्मती उन्नयन कार्य को लेकर असैनिक शल्य चिकित्सक सह सिविल सर्जन से मुलाकात कर आवेदन सौपा। सिविल सर्जन ने मांग पर जल्द करवाई करने का भरोसा दिया है। इस बारे में मुखिया



ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन अत्यंत ही जर्जर हो चुका है। स्वास्थ्य कर्मी भवन के अंदर बैठने से डरते है कि कहीं भवन का कोई हिस्सा टूटकर उनके ऊपर गिर ना जाए। मुखिया ने जल्द मरम्मत करने की मांग की है।

## हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखण्ड के बहेरा पंचायत सचिवालय सभागार में हजारीबाग ईकाई मुखिया संघ का नव निर्वाचित उपाध्यक्ष को इसके लेकर चुरचू प्रखंड में खुशी का लहर है। इस खुशी में बहेरा पंचायत के लोकप्रिय मुखिया देवकी महतो को हजारीबाग के मुखिया संघ का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर चुरचू प्रखंड में खुशी का लहर है इसी क्रम में बहेरा पंचायत वासी एवं वार्ड सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट कर जोर दार सावागत किया और



ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। इस मौके पर आसा मुनि टुडू, गीता देवी, अनीता देवी, मंजू देवी, बिरजू राम, कांति देवी, पूनम देवी, सबीना हेमरोम, हादिसा खातून, नुसरत परवीन, अजरूद्दीन अंसारी, प्रियंका मुर्मू, शिवचंद मुर्मू सहित दर्जनों लोग मौजूद हुए।

### विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी में लगाया जनता दरबार

## अब प्रत्येक गुरुवार को केरेडारी में लगेगा जनता दरबार : अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** क्षेत्र की विधायका अम्बा प्रसाद ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार लगाया और अब हरेक गुरुवार को प्रखण्ड मुख्यालय में जनता दरबार लगेगो जनता दरबार में प्रखंड के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखो उक्त जनता दरबार में विधायक अंबा प्रसाद एवं अंचलाधिकारी राकेश तिवारी समेत प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कई अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने



इस दौरान प्रखंड कार्यालय में मौजूद क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना तथा मौके से ही उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया वही जो समस्या संबंधित ज़िला स्तरीय विभागों से होने से जुड़ा हुआ था उसे खुद से नोट करके यथाशीघ्र समन्वय स्थापित कर विकास कार्य सुनिश्चित करने को आश्वस्त किया है। इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि लोगों की सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत मांगों पर समय रहते कार्य किया जाएगा ताकि लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित ना रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्व जन पेंशन, किशोरी समृद्धि योजना व अन्य महत्वकांक्षी योजना से लोगों को जोड़ा जा रहा है। विकास की किरण गांव के अंतिम छोर तक पहुंचे यह सुनिश्चित कर रही हूँ। मौके पर मुख्य रूप से बिस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, विधायक प्रतीनिधि प्रशासनिक मनोज सिंह उमेश साव, रविंद्र पांडे,मुखीया जितनी देवी, अमित कुमार दुबे, सकुंती देवी, गीता देवी, अनिता देवी समेत कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

## झरपो में वार्षिक कार्य योजना तैयार करने के लिये बाल सभा का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के +2 मध्य विद्यालय झरपो के प्रांगण में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत जीपीडीपी का वार्षिक कार्य योजना तैयार करने के लिये बाल, बालिका सभा का आयोजन झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विद्यालय के विकास करने पर चर्चा किया गया। मुखिया ने कहा कि सरकार की योजनाओं के चयन हेतु सभा का आयोजन किया गया है। साथ ही कई प्रस्ताव पारित किये गये है. बैठक में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, डिप बोरिंग, कंप्यूटर शौचालय इत्यादि विद्यालय के विकास हेतू योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर रोजगार सेवक संतोष राम, सरजु प्रसाद, किशोरी ठाकुर, मोहन साव, प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र दीपक बसंत राम, उषा रानी, कोलेश्वर मिश्र, महेन्द्र इंदीवर, सविता कुमारी, आरएस प्रसाद, मुनी देवी, उषा कुशवाहा, पंकज कुमार इत्यादि शामिल थे।

## स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर और जूता का वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के मध्य विद्यालय अमनारी के पहला और दुसरा वर्ग के बच्चों के बीच स्वेटर और जूता का वितरण सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, अध्यक्ष धानेश्वर पासवान एवं प्रधानाध्यापक छोटन कुमार रवि के हाथों किया गया। विद्यालय में 51 विद्यार्थियों को दिया गया मौके उपस्थित सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने एवं ठंड को देखते हुए स्वेटर और जुता पहन कर आने की बात कहा। साफ - सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहा। मौके पर शिक्षक कुलदीप पासवान, उमेश दीन, बलराम प्रसाद कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद,रंजना कुमारी,अशोक राम, शिवदयाल प्रजापति समेत विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## पंचायत समिति सदस्यों ने की बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रमुख संघ अध्यक्ष संतोष मंडल की अध्यक्षता में जिले भर के पंचायत समिति सदस्य ने बैठक की। संचालक प्रमुख संघ महासचिव कुमारी बिनीता ने किया। बैठक में पंचायती राज अधिनियम में उल्लेख दायित्व, शक्तियां, कर्तव्य वा अधिकार सत प्रतिशत पंचायत प्रतिनिधियों को मिले इसके लिए जिला भर के सभी पंचायतों से एक जुट हुए पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख उपस्थित हुए।बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन से लेकर झारखंड सरकार तक एक स्वर में आग्रह किया गया है की सरकार को इसके लिए अलग से कानून बनाने या काल्पनिक विचार करने का अनुरोध नही कर रहे है। बल्कि हमारी शक्तियां जो अधिनियम में उल्लेख है वही सत प्रतिशत हमे दिया जाय। प्रमुख ,उप प्रमुख व पंचायत समिति को पंचायती राज अधिनयम 2001 में उल्लेख शक्तियां व संपूर्ण दायित्व जिला प्रशासन द्वारा सौपने का आग्रह किया गया। गत 7 महीना से किसी तरह की प्रशिक्षण तक नही मिलना चिंता जनक है। पंचायत समिति सदस्यों का कहना है की हम तो जनता की सेवा करने आए है और अपने अपने क्षेत्रों का विकाश में एक कड़ी बन कर चहुमुखी विकास कर नाम कमाने आए है। इसके लिए पंचायती राज अधिनियम में उल्लेख अपनी शक्तियां पढ़ कर समझ गए है और उसी के अधीन करना चाहते है, लेकिन प्रखंड कार्मिको को पता ही नही की पंचायत समिति सदस्यों की क्या दायित्व है उनको लगता है की ऐसा कुछ नही है। सरकार हमे प्रशिक्षण न दे तो कोई बात नही लेकिन प्रखंड अंचल के कार्मिकों को जनप्रतिनिधि की महत्व की प्रशिक्षण निश्चित दे सरकार। प्रमुख,उप प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्यों की शत प्रतिशत अधिकार व प्रशिक्षण हेतु पूर्व में मंत्री से लेकर जिला के उपायुक्त को पत्र के माध्यम से तथा सभी प्रमुख मिल कर अनुरोध किया गया था ,लेकिन जिला के अधिकारी से लेकर मंत्री तक हमारी एक भी नही सुने, जिसके कारण पूरे जिला में पंचायत समिति जिला प्रशासन एवं सरकार के प्रति निंदा करे रहे है। उपरोक्त समस्या पर समाज सेवी मुन्ना सिंह ने संज्ञान लेते हुए सदर प्रमुख बिना देवी के माध्यम से न्यायालय में याचिका दायर कर अपना अधिकार का न्याय मांगने का सलाह दिए।

## जिला सचिव मुखिया अनिकेत का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक को जिला मुखिया संघ का जिला सचिव बनाए जाने पर चेपाकला पंचायत के ग्रामीणों व वार्ड सदस्यों ने बुके व माला पहनाकर स्वागत किया। बताते चलें की मुखिया अनिकेत कुमार नायक बड़कागांव मुखिया संघ के सह कार्यालय सचिव पद पर हैं। उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल इमानदारी पूर्वक अपने कार्य को निर्वहन करुंगा। स्वागत करने में मुख्य रूप से चेपाकला पंचायत के ग्रामीणों व सदस्य मंटू कुमार, जोगिंदर कुमार, दीपक कुमार, कैलाश रजक, सदानंद कुमार, धनेश्वर महतो, सुरेश राणा ने माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत करते हुए बधाई दिया।

## इचाक के सरकारी कार्यालयों में 26 जनवरी के झंडोत्तोलन का समय निर्धारित


**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को झंडोत्तोलन के लिए विभागीय समय निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समय सुबह 9:20 बजे, पशु चिकित्सालय 9:30, साक्षरता कार्यालय 9:40, राजकीय औषधालय 9:50, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय 10:00 बजे, इचाक थाना 10:15, केएन उच्च विद्यालय 10:25 और बीआरसी परिसर में 10:40 पर झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया है।

## बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार कक्ष में प्रखंड बीस क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीस सुत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने की । बैठक में मुख्य रूप से बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुस अंसारी, चिकित्सा प्रभारी रतना रानी, डा.जसीम मौजूद थे।बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कमीर्यों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाएं एवं परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में समाज के अंतिम सरकार व्यक्ति तक विकास एवं संसाधनों की जानकारी मिल रहा है जिससे सरकार का उद्देश्य पूरा हो। इस मौके पर जमुना प्रसाद, राधा देवी, सीताराम आंधी, राजा राम मांझी, सोनी रविदास, रंजीत कुमार ,पंकज कुमार शर्मा, सतनारायण कुमार, भावेश कुमार, विशाल कुमार, अनिल कुमार, प्रवीण कुमार, संजय पांडे, राजा रामप्रसाद, गिरजा देवी, नरेश कुमार, हीरालाल महतो एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## डीडीसी ने जिले के बीएफटी को दिया प्रमाण पत्र



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हजारीबाग में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के द्वारा जिले के 52 बीयर फुट टेक्नीशियन प्रमाण पत्र दिया गया। जानकारी हो कि दिनांक 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त बीयर फुट टेक्निशियन प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र मिला। मौके पर बीएफटी संघ के प्रदेश सह जिला अध्यक्ष दिलीप दास ने संघ की ओर से डीडीसी को बुके देकर सम्मानित किए। डीडीसी प्रेरणा दिक्षित ने बताई कि सारे बी एफ टी अपने अपने प्रखंड में अच्छे तरीके से अपना दायित्व निभाए। मौके पर संतोष शर्मा, गुलजार समेत जिले के सभी बीएफटी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
05

# भाजपा नप की बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** भाजपा नगर परिषद की बैठक जिला कार्यालय हथमारा(कुजू) में नप अध्यक्ष मनोज गिरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता व रामगढ़ नगर परिषद प्रभारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा शामिल रहे। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने मौजूद सदस्यों को बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथ कमेटी को दुरुस्त करने, डाटा प्रमुख व नप के सभी बूथों पर आगामी 25 जनवरी तक बैठक आयोजित कर पन्ना प्रमुख का निर्माण करने का दिशा निर्देश दिया। साथ ही, कहा कि पार्टी का प्रमुख अंग बूथ होता है। जहां बूथ मजबूत होगा, वही पार्टी की जीत सुनिश्चित है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, जिला मंत्री दिलीप सिंह, मनोज सिन्हा, उमेश प्रसाद साहू, नप उपाध्यक्ष संजय शाह, दिवाकर सिंह, रामप्रसाद मलिक, हरि कुशवाहा, रामचल मुंडा, लोकनाथ रजवार, मनोज सिंह, सुनील प्रसाद साहू, विजय गिरी, दीपक कुमार, विनोद प्रसाद, गौतम राम, अर्जुन कुशवाहा, वीरेंद्र महली, नरोत्तम सिंह, मुकेश ठाकुर, रोहन साव, भुनेश्वर रविदास, अनिल यादव, रंजीत प्रसाद साहू, गणेश प्रसाद साहू, मुकेश पाठक, राजकुमार महतो, चितरंजन पटेल समेत नप पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक व सहसंयोजक शामिल रहे।

## मिश्रोल के गाँवों में जरूरतमंद के बीच बांटे गये कंबल



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के मिश्रौल पंचायत अंतर्गत फुलवरिया के मारंगलोइया टोला, टेकठा, गाँव में असहाय परिवारों को विकलांग, विधवा, बुजुर्ग महिला-पुरुष के बीच सौ से अधिक कंबल वितरण किया गया। जिसे लाभुकों को ठंड से राहत मिली। इस मौके पर एएमपीएल फाउंडेशन कम्पनी के कर्मी मोहम्मद शमीम अंसारी, सौरभ झा, प्रीतम घोष, समाजसेवी उमेश कुमार गंझू, मिश्रौल पंचायत मुखिया सुबेश राम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, मनोज गंझू, आदि कई ग्रामीण उपस्तिथ थे।

### रामगढ़ विस उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

# सफलता पूर्वक चुनाव कराया जाएगा : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर गुरुवार को छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत पूरे रामगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए 31 जनवरी 2023 को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा, 7 फरवरी तक नामांकन किया जा सकेगा, उम्मीदवारों के स्क्रूटनी का कार्य 8 फरवरी को किया जाएगा एवं नाम वापसी के लिए आखिरी तिथि 10 फरवरी तक होगा। उपचुनाव के दौरान मतदान 27 फरवरी को एवं मतगणना 2 मार्च को होगी। वहीं चुनाव की प्रक्रिया 4 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी।



### मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे

बैठक के दौरान डीडीसी ने बताया कि 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित मतदाता सूची एवं 1 जनवरी 2023 को अहर्ता तिथि मानते हुए नामांकन के आखिरी दिन तक अद्यतन मतदाता सूची में शामिल मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग उपचुनाव के दौरान कर सकेंगे।

### 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें रामगढ़ के लिए 118, दुलमी के लिए 64, चितरपुर के लिए 70 एवं गोला प्रखंड के लिए 153 मतदान केंद्र होंगे। वही, उपचुनाव के दौरान कुल 334167 मतदाता है। जिनमे, 172923 पुरुष एवं 161244 महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### 48 घंटे के अंदर सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार सामग्रियों को हटा ले

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार सभी राजनीतिक दलों को वैसे सभी प्रकार के प्रचार सामग्री जो कि सरकारी भवनों में लगाए गए हैं उन्हें उप चुनाव की घोषणा होने के 24 घंटे के अंदर हटाया जाना है। वहीं, अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनिवार्य रूप से 48 घंटे के अंदर सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार सामग्रियों को हटा लेना है। मौके पर उन्होंने सभी को बताया कि निजी स्थलों पर भी प्रचार-प्रसार करने के लिए पूर्व में निजी स्थल के स्वामी, दावेदार अनुमति लेना अनिवार्य है।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गयी जानकारी

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र मो जावेद हुसैन ने कहा कि जिला उप निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता एवं इस दौरान क्या करें और क्या ना करे से संबंधित विस्तृत प्रति उपलब्ध करा दी गयी है। इस दौरान उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों एवं इस दौरान क्या करें और क्या ना करें से संबंधित दिशा निदेर्शों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी प्रतिनिधियों की दुविधाओं को दूर किया।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अवैध स्टीम कोयला लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त, मामला दर्ज



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के महुआटुंगरी जंगल से कुजू पुलिस ने अवैध स्टीम कोयला लदा ट्रैक्टर को जब्त किया। वहीं, अंधेरे का फायदा उठाते हुए कोयला तस्कर फरार हो गये। इधर, कुजू पुलिस ने ओपी में कोयला तस्कर, ईंट भट्ठा संचालक समेत 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि बीती रात महुआटुंगरी जंगल में अवैध स्टीम कोयला कार्य होने की गुप्त सूचना पर कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दूबे अपनी टीम के साथ उक्त स्थल पहुंचे। जहां जंगल में बिना नंबर के ट्रैक्टर पर लदे करीब डेढ़ टन अवैध स्टीम कोयला जब्त किया। वहीं, पुलिस को देख कर अंधेरे का फायदा उठाकर कर कोयला तस्कर फरार हो गये। इधर, पुलिस ने ट्रैक्टर चालक, मालिक व कोयला तस्कर समेत रामगढ़ के ईंट भट्ठा संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## कृषकों मीठा मकई फसल पैदावार करने की दी गयी जानकारी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** जीटी भारत के द्वारा दुलमी महिला एफपीओ और इरीग्रो महिला एफपीओ के माध्यम से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मदर डेयरी के अधिकारियों द्वारा किसानों को मीठा मक्का की खेती में बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।इस प्रशिक्षण कार्यकर्म में किसानों को समझाया गया कि कैसे मीठे मक्का की खेती करके वो अपनी आय बढ़ा सकते हैं।ये प्रशिक्षण कार्यक्रम दुलमी ब्लाक के होहद एवं बोंगासोरी गाँव और गोला प्रखंड के मुरूडीह एवं चोकाद गाँव में कराया गया।इस प्रशिक्षण में किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।प्रशिक्षण में मदर डेयरी के तरफ से अतुल कुमार एवम प्रेम शंकर कुमार और जीटी भारत के तरफ से ईशान मंडल एवम आकाश तिवारी ने भाग लिया ।

## आजसू पार्टी का रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर छतरमांडू में बैठक



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छत्तर मांडू स्थित बुढ़िया मंदिर प्रांगण में आजसू पार्टी वार्ड कमिटी द्वारा आगामी 2023 को होने वाले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की तैयारी को लेकर बैठक किया गया जिसमें कई महिला पुरुष शामिल हुए। आजसू पार्टी द्वारा आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन वार्ड अध्यक्ष पवन कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवंआजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,उपाध्यक्ष डिया महतो उपस्थित हुए।आजसू के पार्टी कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार महतो ने कहा कि आगामी रामगढ़ विधानसभा में 27 फरवरी होने वाला उपचुनाव में आजसू समर्थित उम्मीदवार सुनीता चौधरी को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का काम करें तथा विधायक बनाकर झारखंड विधानसभा भेजने का कार्य करें यह हर कार्यकर्ता की जिम्मेवारी होगी कि हर हाल में रामगढ़ के विकास के लिए आजसू पार्टी समर्थित उम्मीदवार को जिताने में किसी प्रकार का कोई कसर न छोड़ें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी बड़ी जिम्मेवारी के साथ मतदाताओं से जाकर मिले और डोर टू डोर पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का काम करें वर्तमान झारखंड सरकार राज्य वासियों को विकास के नाम पर हगने का काम कर रही है और सरकार की उदासीन रवैये को वोटरों के बीच बताएं। बैठक में मुख्य रूप से अजित कुमार, राजकिशोर कुमार, प्रकाश कुमार, विकास कुमार, दीपन कुमार, पारस कुमार, कीरिंग नायक, रवि कुमार, अजित कुमार, अंजू देवी, मीना देवी, यशोदा देवी, बबिता देवी, स्वास्तिक कुमार, दीपक कुमार आदि दर्जनों महिलायें उपस्थित थे।

# 19 से 25 जनवरी तक अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध चलाया जा रहा है महाअभियान

### महाअभियान के पहले दिन सात ट्रैक्टर और दो हाइवा को किया गया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा ।** 19 जनवरी को उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर खनन टास्क फोर्स के टीम द्वारा लूकैया और सरैया जंगल में संचालित कोयले के अवैध खदान को सीसीएल की मदद से डोजरिंग कर भर दिया गया है। कोयले के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिले में 19 से 25 जनवरी तक महा अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही गुरुवार सुबह में जांच के क्रम में एनटीपीसी के सिंपलेक्स कंपनी के पास से 7 ट्रैक्टर बालू लदा हुआ पकड़ा गया जिसे सुबह में ही थाना प्रभारी टंडवा को सुपुर्द कर दिया गया। तथा जिला खनन पदाधिकारी द्वारा 2 स्टोन मेटल लदा हुआ हाईवा को जब्त कर थाना प्रभारी टंडवा को सुपुर्द कर दिया गया है इस पर जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खनन पदाधिकारी ने बताया कि लूकैया और सरैया जंगल में हो रहे अवैध खनन स्थल सीसीएल द्वारा अधिगृहीत क्षेत्र के अंतर्गत है। जिसका वन विभाग द्वारा एनओसी प्रतीक्षारत में है इस कारण वैध रूप से कोयले की निकासी सीसीएल के द्वारा नहीं किया जा रहा है। अवैध कोयले के खदान को भरने का कार्य किया जा रहा है। और कई जगह भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध महा अभियान मोड में छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। अवैध खनन में संलिप्त लोगों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान में वन क्षेत्र पदाधिकारी अंचल अधिकारी के प्रतिनिधि पिपरवार थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल तथा सीसीएल के पदाधिकारी शामिल थे। गुप्त सूचना के आधार पर उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास अंचल अधिकारी टंडवा विजय दास एवं टंडवा थाना के थाना प्रभारी विजय सिंह तथा पुलिस बल के साथ दिनांक 18 जनवरी 2023 की मध्यरात्रि में कोयले का अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए छापामारी अभियान चलाया गया था।जिसमें लगभग 50 वाहनों की जांच की गई। जांच में सभी के कागजात सही पाए जाने पर छोड़ दिया गया था।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में लगा हिमोग्लोबिन जांच शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के शिवनगर बीटीटीआई एवं दुंदुवा आंगनबाड़ी केंद्र में जेएसपीएल फाउंडेशन का किशोरी एक्सप्रेस द्वारा निशुल्क हिमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया गया। इसमें चिकित्सक ने 77 किशोरियों का हिमोग्लोबिन जांच की। साथ ही सेनेटरी पैड, आयरन की दवा एनीमिया से बचाव, अभिभावक के दायित्व एवं मासिक धर्म परिचय संबंधित विषय पर पुस्तक का भी निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा किशोरियों के स्वास्थ्य हेतु चलाया जा रहा कार्यक्रम काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पंचायत वासियों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, सेविका किरण सिंह, सहिया रंजू सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल की स्थापना दिवस पर 26 से 2 फरवरी तक नामांकन नि:शुल्क



**भरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अवस्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल का 2 फरवरी को स्थापना दिवस मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने बताया की इसके तहत 26 जनवरी से 2 फरवरी तक बच्चों का नि:शुल्क नामांकन किया जाएगा। निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि नर्सरी से पाचवीं कक्षा तक केवल मासिक शुल्क ही लिया जाएगा। वहीं रीएडमिशन, पीपुल फंड, डेवलपमेंट चार्ज नहीं लिया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि निशुल्क नामांकन का मुख्य उद्देश्य वैसे बच्चे जो आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे है वैसे बच्चों को उचित शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि वैसे बच्चे जिनके माता-पिता करोना काल मे मृत्यु हो गई थी उन बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी। अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है की अनमोल बचपन प्ले स्कूल के माध्यम से वैसे बच्चे जो पैसों के अभाव में शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं कम से कम शुक्ल में उन्हें सारी सुविधा दी जाए।

### सारना उच्च विद्यालय का 23 वां स्थापना दिवस मनाया गया

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार जरूरी : रोशनलाल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू ।** स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रचार जरूरी है। यह बातें पतरातू क्षेत्र के सरना उच्च विद्यालय दाडीडीह का 23 वा स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। वही विशिष्ट अतिथि जिप राजाराम प्रजापति, पालू मुखिया पानो देवी ,पूर्व जिप सदस्य अर्चना देवी, समाजसेवी धनेश्वर महतो, पंसस वीणा कुमारी, सुनीता देवी, अजय सिंह, उपमुखिया उमा कुमारी, उपमुखिया उज्ज्वल कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने कहा कि सारना उच्च विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी ईमानदारी से निभा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति रोशनलाल चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व मुखिया गंगाधर महतो, अजीत कुमार, राज कुमार महतो, मीना कुमारी, रिंग लाल महतो,अशोक कुमार सिंह, शांति कुमारी, सार्थक सौरव, सुरेंद्र कुमार महतो, गोपाल महतो, जगदेव महतो ब्रजेश सिंह अशोक पाठक, हरी प्रजापति, अजय रवि, राकेश विश्वकर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



# इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर ने मनाया गया 29 वां स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा ।** स्थानीय दीभा मोहल्ला स्थित इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर ने अपना 29 वा स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह, शिशु मंदिर खंड के प्रभारी अजय रजक व वाटिका खंड के प्रभारी सरिता गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर विद्यालय के भैया - बहनों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय के वरीय आचार्य जवाहर दांगी ने कहा कि चतरा जैसे छोटे जगह पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा बेहतर पढ़ाई उपलब्ध कराया जा रहा है.विद्यालय के प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह ने इस अवसर पर समारोह के माध्यम से विद्यालय के विकास में सहयोग देने वाले अभिभावकों एवं सहकर्मियों को धन्यवाद देकर उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतन पांडेय, सचिव संजय सिन्हा, कोषाध्यक्ष मुकेश साह व प्राचार्य पवन कुमार दास ने शुभकामनाएं दी है। कार्यक्रम को सफल मानने में सभी आचार्य आचार्या का अहम योगदान रहा.मंच संचालन आचार्य सचिन दुबे ने किया।



## फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर थाना में आवेदन

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** युवती ने सोसल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बरकाकाना ओपी में शिकायत दर्ज किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गी बस्ती निवासी सोनी कुमारी (काल्पनिक नाम) ने बरकाकाना ओपी पुलिस से सोसल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी से संबंधित शिकायत का आवेदन दिया है।आवेदन के माध्यम से युवती ने बताया है कि डब्लू बेदिया पिता महेश बेदिया पिरि पंचायत निवासी ने डीएसपी डब्ल्यू बेदिया के नाम से सोसल मीडिया फेसबुक पर आई डी बनाकर आपत्तिजनक टिप्पणी के साथ मेरा फोटो को जोड़कर वाइरल कर दिया है,जिसके कारण समाज व अन्य जगहों पर मेरी बदनामी हो रही है।घटना के कारण मुझे बहुत आहत पहुँचा है जिसके कारण मैं मानसिक रूप से प्रताड़ित हुई हूँ।घटना के बाद मानसिक तनाव से गुजर रही हूँ।युवती ने बरकाकाना ओपी से न्याय की गुहार लगायी है।

# ओपी जिंदल स्कूल में 16वां वार्षिकोत्सव अभिनंदन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू में बुधवार को 16वां वार्षिकोत्सव अभिनंदन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जेएसपी के नए प्लांट हेड आरके अजमेरिया, मैडम नंदा, एचआर हेड सुभाष चंदर, प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय, उप प्रचार्य पीके डे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को को भाव विभोर कर दिया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्लांट हेड आरके अजमेरिया ने कहा कि वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय का आईना होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चो छुपी प्रतिभा उजागर होती है। साथ ही इनके कार्यक्रम कुछ ही घंटो में विद्यालय की संपूर्ण गतिविधियों को प्रदर्शित कर देते हैं। इससे पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि आरके अजमेरिया, मैडम नंदा, सुभाष चंदेर, शिशुपाल सिंह आदि जेएसपीएल के अधिकारियों को पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर विद्यालय के नए प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों व आगामी सत्र की शैक्षणिक क्रिया-कलाप की रूपरेखा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दशम की परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने अभिभावकों व विद्यालय का मान बढ़ाया था। जो आगामी सत्र में और बेहतर होगा। मौके पर नीट 2021-22 में सफल होने पर पूर्व छात्र आदित्य सिंह, इसरो में रिशिका अग्रवाल और विज्ञान मंथन में ओम कुमार सिन्हा व नचिकेत कुमार तथा कराटे में अव्वल प्रर्दशन के लिए वंश पाठक को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के हेड बॉय सिद्धार्थ गौतम व हेड गर्ल पृशा वर्मा का योगदान रहा।






### बच्चों का डांस बना आकर्षण का केंद्र

वार्षिकोत्सव के अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसका आरंभ स्वागत गीत, गणेश व सरस्वती वंदना से किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा गलती से मिस्टेक व लव यू जिंदगी डांस आकर्षण का केंद्र बना। इसके अलावा समूह गान व नृत्य प्रस्तुत किये गये। साथ ही भांगडा, गुजराती, बांग्ला, नागपुरी आदि नृत्यों ने आये हुए दर्शकों का मन मोह लिया। हिंदी नाटक नया सवेरा व उदयपुर की ट्रेन एवं अंग्रेजी नाटक मोबाइल मैजिक और मेस के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी अभिनय प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता को लेकर निर्णायक मंडली में चुनाव



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** गुरुनानक स्कूल के ऑडिटोरियम में 22 जनवरी को आयोजित राज्य स्तररीय सीनियर कराटे प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को निर्णायक मंडली के लिए चार रेफरी और छह जज का चयन किया गया। जिसमें नरेंद्र सिन्हा, शशि पांडेय, संजय सोनकर, सुमीत कुमार ( नेशनल रेफरी ) योगेंद्र गंझू, राशि सिन्हा, कमल कुमार, रूपेश कुमार और विनय रंजन ( नेशनल जज ) शामिल हैं। निर्णायक मंडली में चयनित सभी नेशनल रेफरी व जज कई वर्षों से प्रखंड स्तरीय, जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं नेशनल स्तर पर अपना योगदान दे चुके हैं। राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में केवल वैसे कराटेकार भाग ले सकते हैं, जो रामगढ़ जिला कराटे संघ एवं झारखंड स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ( झारखंड ओलंपिक संघ ) से मान्यता प्राप्त संस्था से निबंधित है। यह जानकारी रामगढ़ जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा एवं सचिव शशि पांडेय ने दी।

# बातचीत होनी चाहिए

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जिस तरह से दुबई के एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में भारत के साथ गंभीर और ईमानदार बातचीत की इच्छा जाहिर की है, वह गौर करने लायक है। बता दें कि पाकिस्तान एक ओर गंभीर आर्थिक संकट से घिरा है, तो दूसरी ओर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान टीटीपी) की ओर से किये जा रहे आतंकी हमलों से भी परेशान है। अफगान तालिबान की ओर से डूरंड लाइन पर बढ़ाया जा रहा दबाव उसके लिए एक और सिरदर्द है। पाकिस्तान इन वजहों से मजबूर होकर भारत से यह शांति प्रस्ताव कर रहा है और भारत को इसे अनदेखा कर देना चाहिए। मजबूरी की बात सही है, लेकिन गौर करें तो पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की इस पहल के साथ कई ऐसी बातें हैं, जिनकी वजह से इसे सामान्य बयान मानना ठीक नहीं होगा। हालांकि इसके बाद खुद उनके पीएमओ ने एक स्पष्टीकरण जारी करके बयान को खारिज करने की कोशिश की, जिससे उसकी गंभीरता को लेकर सवाल उठे हैं, लेकिन फिर भी पाक पीएम का यह कहना कोई छोटी बात नहीं है कि भारत के साथ तीन युद्धों से पाकिस्तान ने सबक सीखा है। दूसरी बात यह कि कश्मीर मुद्दे का जिक्र करने और उस पर अपनी शिकायतें गिनाने के बावजूद उन्होंने यह नहीं कहा कि भारत को अब क्या करना चाहिए। सीधे शब्दों में, उन्होंने अनुच्छेद 370 पर भारत से अपने कदम पीछे लेने की मांग नहीं की। हाल में अलग-अलग स्त्रोतों से आयी इन खबरों की रोशनी में यह बात अहम हो जाती है कि बैक चैनल बातचीत में पाकिस्तान का जोर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर ही रहा है। यहां तक कि परदे के पीछे की इस बातचीत में कश्मीर मसले को 20 साल के लिए फ्रीज कर देने पर भी सहमति बन गयी है। तीसरी बात यह ध्यान रखने की है कि शरीफ ने एक तीसरे देश यानी यूएइ को शामिल करते हुए ये बातें कही हैं, जो न केवल उसकी आर्थिक मदद करता रहा है, बल्कि जिसके साथ भारत के भी करीबी रिश्ते हैं। चौथी और आखिरी बात यह कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की रिश्ते सुधारने की यह पेशकश ऐसे समय आयी है, जब भारत की लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पहले से गतिरोध बना हुआ है। कई राउंड की बातचीत के बाद भी वहां तनाव कम होने के आसार नहीं दिखायी दे रहे हैं। ऐसे में एक साथ दो मोर्चों पर तनाव भारत के लिए कोई अच्छी स्थिति नहीं है। बेशक, पाकिस्तानी पीएम के बयान की गंभीरता को लेकर सवाल बने हुए हैं। लेकिन अगर वह अपने रुख पर कायम रहते हैं और आंतरिक विरोधाभासों को साध लेते हैं, तो भारत के लिए भी इस मौके को जाया होने देना उचित नहीं होगा।

**भारत की लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पहले से गतिरोध बना हुआ है। कई राउंड की बातचीत के बाद भी वहां तनाव कम होने के आसार नहीं दिखायी दे रहे हैं। ऐसे में एक साथ दो मोर्चों पर तनाव भारत के लिए कोई अच्छी स्थिति नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एक अंतरराष्ट्रीय सर्वे के मुताबिक फिनलैंड, शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में पहले स्थान पर आता है। यहां का एजुकेशन सिस्टम बाकी देशों की तुलना में एकदम अलग है। यहां दुनिया के सबसे बेहतरीन स्कूल हैं। दरअसल फिनलैंड एक बहुत छोटा-सा मुल्क है, जिसने पिछले 50 सालों में प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। फिनलैंड की कामयाबी वहां की स्कूल शिक्षा व्यवस्था बनी है।**

# कैसी है फिनलैंड की स्कूल शिक्षा प्रणाली

डॉ वरिंद्र भाटिया

स्कूल शिक्षा से जुड़ी एक बड़ी खबर चर्चा में है। दिल्ली सरकार अपने टीचरों को फिनलैंड की स्कूल शिक्षा व्यवस्था को समझने के लिए वहां भेजना चाहती है इस कारण देश के लोगों में फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली की खासियत को लेकर जानने की उत्सुकता बढ़ गयी है आखिरकार फिनलैंड का एजुकेशन सिस्टम कैसा है? इससे हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था क्या कुछ सीख सकती है, इसके मूल विश्लेषण की जरूरत है।

एक अंतरराष्ट्रीय सर्वे के मुताबिक फिनलैंड, शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में पहले स्थान पर आता है। यहां का एजुकेशन सिस्टम बाकी देशों की तुलना में एकदम अलग है। यहां दुनिया के सबसे बेहतरीन स्कूल हैं। दरअसल फिनलैंड एक बहुत छोटा-सा मुल्क है जिसने पिछले 50 सालों में प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। फिनलैंड की कामयाबी वहां की स्कूल शिक्षा व्यवस्था बनी है।

**कमाल की बात है कि मुल्क के 99 फीसदी बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं।**

फिनलैंड एक ऐसा मुल्क है, जिसने अपने छात्रों के लिए 16 साल तक शिक्षा सौ फीसदी मुफ्त कर दी है। अगर आप छात्र हैं, तो इस मुल्क में पैसों की तंगी आपकी शिक्षा में रुकावट नहीं बन सकती। यहां छात्रों पर सुबह जबरदस्ती स्कूल जाने का दबाव नहीं होता है, बल्कि वो अपनी मर्जी से खुशी-खुशी स्कूल जाते हैं।

दूसरी बड़ी बात यह है कि यहां स्कूलों में कोई इम्तिहान नहीं लिया जाता है। छात्रों को क्लास 6 से पहले किसी भी तरह का कोई इम्तिहान नहीं देना पड़ता है। सिर्फ एक स्टैंडर्ड देश व्यापी इम्तिहान होता है, जो 16 साल की उम्र में स्कूल पास करने के बाद ही लिया जाता है। फिनलैंड में शिक्षा में असमानता देखने को नहीं मिलती। यहां के गांव और शहरों की शिक्षा व्यवस्था एक जैसी होती है। फिनलैंड में प्राइमरी शिक्षा प्राइवेट स्कूलों और सरकारी स्कूलों दोनों में एक समान ही है। कमाल की बात है कि मुल्क के 99 फीसदी बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं। दूसरी तरफ कोई प्राइवेट ट्यूशन इंडस्ट्री भी नहीं है, क्योंकि छात्रों को इसकी जरूरत ही नहीं है।

ट्यूशन की बजाय 30 फीसदी छात्रों को नौवीं क्लास तक टीचरों के द्वारा अलग से पढ़ाई में मदद दी जाती है। यहां सरकार की तरफ से स्कूलों को निर्देश हैं कि वो अपने स्कूल के हर छात्र की तालीम पर ध्यान दें, बजाय इसके कि सिर्फ चंद टॉपर छात्र पैदा करके स्कूल शिक्षा की मार्कीटिंग करें। शिक्षक किसी भी शिक्षा व्यवस्था की सबसे अहम कड़ी होते हैं। इसीलिए फिनलैंड में टीचर बनना सबसे सम्मानित प्रोफेशन माना जाता है। यहां लोग डाक्टर या इंजीनियर नहीं, बल्कि टीचर बनना सबसे शान की बात समझते हैं। सभी शिक्षकों के लिए मास्टर डिग्री होना अनिवार्य है। सिर्फ 10 प्रतिशत लोंगों को शिक्षक के तौर पर चुना जाता है, जो टॉप ग्रैजुएट रहे हैं। वहीं टीचर एक दिन में सिर्फ 4 घंटे के एक क्लास में पढ़ाते हैं।

यहां टीचरों के पास दिन में इतना समय होता है कि वो आपस में मिल बैठकर सिलेबस से जुड़ी बातों पर नयी रणनीति तैयार कर सकें। शिक्षकों को सिलेबस का केवल एक मोटा-मोटा खाका ही दिया जाता है और शिक्षक अपने हिसाब से ही तय करते हैं कि वह छात्रों को किस ढंग से पढ़ायेंगे।

फिनलैंड की शिक्षा व्यवस्था में परीक्षाएं आयोजित नहीं की जातीं। इस उत्तरी यूरोपीय देश में फिनॉमिना लर्निंग का तरीका शुरू किया गया था। इसमें पारंपरिक विषयों की जगह थीम आधारित प्रोजेक्ट की शिक्षण पद्धति अपनायी गयी। यहां के छात्रों को ऊंचे नंबर या क्लास में नंबर 1 आने के लिए नहीं कहा जाता है। इस कारण वहां का छात्र तनाव मुक्त है, वहां के अध्यापक कंपीटिटिव दौड़ के खिलाफ हैं।

फिनलैंड में बच्चों को कभी होमवर्क नहीं दिया जाता है। यहां बच्चों को उनके हिसाब से पढ़ने की छूट है। यहां गरीब बच्चों से कोई फीस नहीं ली जाती है और स्कूल से जुड़ी सारी सामग्री उन्हें मुफ्त मिल जाती है।

फिनलैंड में बच्चों को अपने बचपन का आनंद लेने और स्कूलों में अत्यधिक समय बिताने की बजाय अपने परिवार के साथ सीखने की शुरुआत करने का मौका मिलता है। फिनिश शिक्षक कक्षा परीक्षाओं और स्टैंडर्डाइज्ड ट्रेनिंग पर निर्भर होने के बजाय छात्रों के लिए अपनी खुद की ग्रेडिंग सिस्टम तैयार करते हैं। 16 वर्ष की आयु में फिनिश छात्र अनिवार्य परीक्षा देते हैं। फिनिश शिक्षक हर दिन केवल 4 घंटे कक्षा में पढ़ाते हैं जबकि वे प्रोफेशनल विकास के लिए हर सप्ताह 2 घंटे समर्पित करते हैं। फिनलैंड में स्कूल सिस्टम पूरी तरह से 100 प्रतिशत स्टेट-फंडेड है। टॉप 10 पर्सेंटाइल से ग्रैजुएट केवल फिनलैंड में शिक्षक बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

फिनलैंड की एजुकेशन पॉलिसी का सबसे महत्वपूर्ण फोकस क्वालिटी, एफिशिएंसी और इंटरनेशनलाइजेशन पर है। क्या फिनलैंड की स्कूल शिक्षा व्यवस्था को लेकर ऊपर बतायी गयी किन बातों को देश में अपनाये जाने की जरूरत है, इसका जवाब नकारात्मक नहीं लग रहा है कुल मिला कर हमारी स्कूल शिक्षा के लिए फिनलैंड जैसे देश के तनाव मुक्त शिक्षा मॉडल से सीखने के लिए कुछ तो है इसके लिए हमें शिक्षा से जुड़ी ट्रेनिंग डेवलपमैंट और एजुकेशन सिस्टम को छात्रों, शिक्षकों और इससे जुड़े तंत्र को प्रभावशाली बनाना होगा।




**फिनलैंड की एजुकेशन पॉलिसी का सबसे महत्वपूर्ण फोकस क्वालिटी, एफिशिएंसी और इंटरनेशनलाइजेशन पर है। क्या फिनलैंड की स्कूल शिक्षा व्यवस्था को लेकर ऊपर बतायी गयी किन बातों को देश में अपनाये जाने की जरूरत है, इसका जवाब नकारात्मक नहीं लग रहा है।**

## जमशेदपुर की खबरें

### जमशेदपुर के पूर्व सांसद अजय कुमार पर त्रिपुरा में हमला

# भाजपाई सिर्फ अपना स्तर गिरा सकते हैं, जल्द स्वस्थ होकर मैदान में लौटूंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर के पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार पर हमला हुआ है। अजय कुमार पर त्रिपुरा में बाइक रैली के दौरान पत्थरों से हमला किया गया है। इस हमले के बाद डॉ अजय कुमार ने घायल हालात में एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैं ठीक हूं जल्द स्वस्थ होकर लौटूंगा।



### भाजपा को उखाड़ फेकेंगे

सोशल मीडिया पर एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा, मैं सभी साथियों को संदेश देना चाहता हूं कि मैं ठीक हूं हम जल्द लौटूंगा। सब ठीक है, बहुत जल्द हम फिर इस संघर्ष में शामिल होंगे। कांग्रेस और विपक्ष के सभी साथी मिलकर बहुत जल्द उखाड़ फेकेंगे यह गुंडों की पार्टी है।

### एक-एक जख्म त्रिपुरा में भाजपा की दुर्गति का अध्याय लिखेगी

**सोशल मीडिया पर डॉ अजय कुमार ने लिखा, यही होता है बीजेपी के राज में आवाज उठाओ... तो हमला करवा देते हैं। चिंता की कोई बात नहीं है, मैं ठीक हूं और लड़ाई जारी रखूंगा।भाजपाई सिर्फ अपना स्तर गिरा सकते हैं, मेरा हौसला नहीं।आज देश ने देख लिया अपराधियों की पार्टी किस कदर खौफ में है। एक एक जख्म त्रिपुरा में भाजपा की दुर्गति का अध्याय लिखेगा।**

### जल्द स्वस्थ होकर वापस लौटूंगा

डा. अजय कुमार प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और जमशेदपुर के पूर्व सांसद रह चुके हैं। डॉ अजय कुमार के चेहरे पर भी चोट आयी है, सोशल मीडिया पर अपलोड किये गये वीडियो में डॉ अजय कुमार अस्पताल के बेड पर लेटे नजर आ रहे हैं. उन्हें कई जगहों पर चोट आयी है। कपड़े से उन्होंने चोट वाली जगह को पकड़े रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजलिसपुर में बाइक रैली के दौरान उन पर पथराव हुआ।

### भाजपा पर निशाना

इस घटना को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है। पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित राय ने डा. अजय कुमार पर त्रिपुरा में हुए हमले की घटना की निंदा की है। अमित राय ने कहा कि हमले से ठीक पहले भाजपा के मंत्री सुशांत चौधरी ने डा. अजय को रोककर मुलाकात की थी। इसके तुरंत बाद यह हमला किया गया।

# बहरागोड़ा : ज्योति पहाड़ी मेला में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा की गुहियापाल पंचायत स्थित ज्योति पहाड़ी मेला में गुरुवार को चौथे दिन भीड़ उमड़ पड़ी। हरि नाम संकीर्तन तथा भागवत कथा सुनने के लिए आसपास क्षेत्र के ग्रामीण पहुंचे। मंदिर में अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए माथा टेका।



ग्रामीणों ने मेला का लुफ्त उठाया और मेले में खरीदारी की। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष अनंत महाकुड़, उपाध्यक्ष रबीन महाकुड़, सचिव शशधर उपाध्याय, सह सचिव रूद्र प्रताप बेरा, कोषाध्यक्ष कमल लोचन बेरा, कार्यकारिणी सदस्य वासब चंद्र नायेक, स्वपन साव, निर्मलेंदु बेरा, संजय साव, दुर्गा पद महाकुड़, मोती लाल उपाध्याय तथा अनेक सदस्य जुटे हुए हैं।

# शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए डीएसइ से मिला संघ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) से मिला। इस दौरान संघ ने डीएसई से समस्याओं के समाधान को लेकर वार्ता की. इस क्रम में डीएसइ से 1994 बैच के शिक्षकों को कनीय शिक्षक के बराबर वेतन निर्धारण, जिले में विद्यमान वरीयता सूची के आधार पर स्नातक कला भाषा एवं विज्ञान के पद पर शिक्षकों को प्रोन्नति, डोर स्टेप के माध्यम से एमडीएम चावल विद्यालय तक पहुंचाने, शिक्षा शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षक प्रतिनिधियों से समय-समय पर नियमित वार्ता करने, ई-विद्या वाहिनी त्रुटि को दूर करने आदि समस्याओं के अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की गयी। संघ की ओर से बताया गया है कि जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि कनीय शिक्षक के समतुल्य 1994 बैच के शिक्षकों को वेतन निर्धारण के लिए विभाग से मार्गदर्शन की मांग की गई है। मार्गदर्शन प्राप्त होते ही वेतन निर्धारण कर दिया जायेगा। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि पूर्व में लगभग 125 शिक्षकों का वेतन निर्धारण उक्त आलोक में किया जा चुका है तथा उनका लेखा सत्यापन भी हो चुका है। ऐसी परिस्थिति में मार्गदर्शन की आशा में शिक्षकों का कार्य लंबा खींच सकता है। डोर स्टेप माध्यम से एमडीएम को विद्यालयों तक पहुंचाने के संबंध में उन्होंने कहा कि इस संबंध में टेंडर निकल चुका है। शिक्षा एवं शिक्षक से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षक प्रतिनिधियों को नियमित वार्ता के लिए आमंत्रित करने का आश्वासन डीएसई ने दिया। प्रतिनिधिमंडल में सुनील कुमार, सरोज कुमार लेंका, सुनील कुमार यादव, भुरका वयार बेसरा, माधिया सोरेन, अजम्बर सिंह सरदार, संजय केसरी, अनिल कुमार प्रसाद तथा ओम प्रकाश सिंह शामिल थे।



# लुपुगडीह में विशाल टुसू मेला, ढोल-नगाड़े के साथ टुसु गीत पर जमकर थिरके विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के हुरलुंग पंचायत स्थित लुपुगडीह फुटबॉल मैदान में विशाल टुसू मेला का आयोजन किया गया। गुरुवार को टुसु मेला में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर आयोजक समिति के द्वारा ढोल नगाड़ा के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने झारखंड के सांस्कृतिक उत्सव पर क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच ढोल नगाड़ा के साथ टुसु के गीत गाकर जमकर थिरके। इस अवसर पर विधायक ने झारखंडी टुडू पर्व को बढ़ावा देते हुए ग्रामीणों के साथ जमकर नाचे व गाये। मौके पर विशाल टुसू मेला में दूर-दराज से हजारों हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। विधायक मंगल कालिंदी मंच से मेले में शामिल सभी ग्रामीणों को आगामी 31 जनवरी को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खातियानी जोहार यात्रा में शामिल होने के लिए हाथ जोड़कर अपील की। विधायक ने कहा हेमंत सोरेन नहीं राज्य के पहला मुख्यमंत्री है जिन्होंने घर-घर तक सरकारी सुविधा पहुंचाने का काम किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ग्रामीणों के उपस्थित होने के लिए आग्रह किया। ग्रामीणों ने हुंकार लगाते हुए हर संभव उपस्थित रहने पर सहमति जतायी। विधायक ने कहा टुसू मेला झारखंडी की संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। संस्कृति को बचाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष झारखंड के आदिवासी व मूलवासी हजारों हजार की संख्या में शामिल होकर टुसु पर्व एवं मकर संक्रांति हर्ष उल्लास के साथ मनाते है। उन्होंने कहा जुगसलाई विधानसभा के खासकर ग्रामीण क्षेत्र में टुसू व मकर संक्रांति पर्व का अलग महत्व रहता है। ग्रामीण दूरदराज से मेला में उपस्थित होकर दिनभर पर्व का आनंद उठाते हैं। विधायक ने कहा इस तरह के आयोजन में ग्रामीणों का जुटान होता है। टुसू एक ऐसा पर्व है जो अलग अलग गांवों में एक एक महीना तक चलता है। मौके पर गंगाधर भूमिज, आनंद सिंह, राजू सिंह,भीकू महतो, शैलेंद्र महतो, सोनाराम लोहार, मदन महतो, धनंजय सिंह, शिव चरण सिंह, होपना माझी,उदय मुर्मू सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल है।



# डीबीएमएस कदमा हाइस्कूल के वार्षिक खेलकूद में रूबी हाउस चैंपियन




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कदमा हाइ स्कूल का 17वां वार्षिक खेलकूद गुरुवार को स्कूल कैंपस हुआ। इसका उद्घाटन जेएफसी के सीइओ मुकुल चौधरी ने किया। इसमें ओवर आल चैंपियन रूबी हाउस रहा। जूनियर बालक वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार आठवीं सी के कृष्णा बोदरा, जबकि बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार आठवीं डी की सुमोना ईशा को प्रदान किया गया। इसी तरह सीनियर बालक वर्ग में आठवीं सी केवी साइ वेदांत और बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार आठवीं सी की पी माधवी को प्रदान किया गया। सबसे अनुशासित हाउस का पुरस्कार एमरल्ड हाउस के नाम रहा। इस अवसर पर खेल समंवयक सुप्रभ पंडा, खेल शिक्षक नियाज खान, कृष्णा कुमार, डीबीएमएस संस्था की चेयरपर्सन एवं स्कूल मैनेजिंग कमेटी की अध्यक्ष ललिता चंद्रशेखर, चेयरपर्सन फाइनांस बी चंद्रशेखर, सचिव उमा रमणी, संयुक्त सचिव अनिता रामकृष्णा, प्राचार्या गुरुप्रीत भामरा, उप प्राचार्या सुपर्णा राय, एस शीरीन उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### भंडरिया प्रखंड में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में 26 जनवरी के झंडोत्तोलन को लेकर बैठक की गयी। बैठक में झंडोत्तोलन के समय का निर्धारण किया गया है। सबसे पहले प्रखंड कार्यालय में 10:00 बजे, पशुपालन विभाग में 10: 15, दूरसंचार 10:20, राजकीय उच्च विद्यालय 10:35, कस्तूरबा गांधी 10:40, इंदिरा चौक 10:45, थाना परिसर में 10:50, पंजाब बैंक 10:55, तहसील भवन 11:00, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 11:05, मिशन बालिका स्कूल 11:20, राजकीय मध्य विद्यालय 11:25, बीआरसी कार्यालय 11:30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। बैठक में बीडीओ विपिन कुमार भारती, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, वाजुद्दीन अंसारी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### मझिआंव में झंडोत्तोलन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन हेतु प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ नीतीश कुमार भास्कर ने की। बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा कि सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों में निर्धारित समयानुसार ही झंडोत्तोलन करना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड सह अंचल कार्यालय मझिआंव में 8:45 बजे, थाना परिसर 9:00, पशु चिकित्सालय 9:30, कस्तूरबा विद्यालय 9:45, नगर पंचायत कार्यालय 10:15, सभी पंचायत भवन 10:20, प्रगतिशील यूनियन कार्यालय 10:25, भारतीय किसान संघ 10:30, शिवेसर चंद्रवंशी महाविद्यालय 10:35, चेंबर ऑफ कॉमर्स 10:40, दूरसंचार कार्यालय 10:45 बजे सहित सभी स्थानों में सर्वसम्मति से झंडोत्तोलन हेतु निर्णय लिया गया है। बैठक में नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता वाला, रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ, राजस्व कर्मचारी शैलेश महतो, प्रखंड सह अंचल कर्मी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विशुनपुरा प्रखंड में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर सीओ निधि रजवार की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित विभागीय पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों के बीच गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन एवं झंडोत्तोलन का समय सारणी को लेकर चर्चा की गयी। जिसमें प्रखंड कार्यलय विशुनपुरा में 8:30 बजे, विशुनपुरा थाना में 8:45, हाई स्कूल विशुनपुरा 9:00, झारखंड ग्रामीण बैंक 9:15, मध्य विद्यालय 9:30, बीआरसी विशुनपुरा 9:45, सभी पंचायत भवन पर 10:00 बजे एवं सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में 10:00 बजे झंडोतोलन करने का समय निर्धारित किया गया। मौके पर प्रखंड नाजिर मुकुल कुमार, पीएमवाई कोर्डिनेटर नागेंद्र कुमार, विशुनपुरा बैंक शाखा प्रबंधक अचल कुमार दुबे, बीटीएम राकेश कुमार रजक, मुखिया ललित नारायण सिंह, प्रमुख पति चंदन मेहता, विशुनपुरा मुखिया पति प्रवीण कुमार, भुनेश्वर राम, राजा कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रंका अनुमंडल में सरकारी-निजी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**रंका (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर झंडोत्तोलन को लेकर रंका अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें सरकारी एवं निजी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी का आवासीय कार्यालय में 8.30 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आवासीय कार्यालय में 8:45, अनुमंडल कार्यालय 9:00, बार एसोसिएशन 9:05, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:15, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 9:30, राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय में 9.35, बीआरसी रंका में 9.40, फेतल सिंह चौक पर 9.45, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय 9.50, रंका थाना 9.55, रंका पंचायत भवन 10:00, वनांचल ग्रामीण बैंक 10. 5, भारतीय स्टेट बैंक में 10:10, जेठन सिंह चौक 10.15, विद्युत कार्यालय 10.20, रंका प्रखंड कार्यालय 10.35, एस के इंटरनेशनल स्कूल में 10.45 बजे झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर रंका बीडीओ देवानंद राम, सीओ शंभू राम, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक बुद्धदेव उरांव, शिक्षक धीरज कुमार सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक कुलदीप ठाकुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रभारी वार्डन शाइस्ता परवीन, सीआरपी संजय प्रसाद, प्रखंड साक्षरता समन्वयक राकेश कुमार पांडेय, अधिवक्ता संघ के अनुमंडल अध्यक्ष रेवती रमन सिंह, राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य भरत लाल चौधरी, एसके इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य नंदन कुमार तिवारी, अध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय, आरके प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृतिबास महतो, परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद, अनुमंडल प्रधान सहायक राजेश कच्छप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**जांच :** गठित टीम ने की पुल निर्माण में अनियमितता एवं नदी में अवैध पत्थर उत्खनन के आरोपों की जांच

# डीसी को सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट : एसडीओ

जांच टीम में शामिल जिला खनन पदाधिकारी ने निर्माण स्थल का वीडियो एवं फोटोग्राफी करायी एवं नियम संगत कार्रवाई करने की बात कही

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** यूरिया नदी पर बन रहे पुल निर्माण कार्य में अनियमितता तथा नदी में पत्थर का हो रहा अवैध उत्खनन मामले की जांच गुरुवार डीडीसी गढ़वा द्वारा सदर एसडीओ के नेतृत्व में गठित जांच टीम द्वारा की गयी। मेराल प्रखंड के यूरिया नदी पर करोड़ों की लागत से बन रहे पुल निर्माण में अनियमितता बरते जाने तथा नदी के पत्थर और बालू का अवैध खनन कर सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसन पहुंचाने की प्रकाशित खबर का असर हुआ कि डीडीसी राजेश कुमार राय द्वारा गढ़वा सदर एसडीओ राज महेश्वरम के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया था। जांच के संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ राज महेश्वरम ने कहा कि निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर जांच की गई, बहुत जल्द जांच रिपोर्ट गढ़वा डीसी को सौंप दी जाएगी। वहीं टीम में शामिल जिला खनन पदाधिकारी नंददेव रजक द्वारा निर्माण स्थल का वीडियो एवं फोटोग्राफी ली गई तथा नियम संगत कार्रवाई करने की बात कही गयी।

मौके पर मेराल बीडीओ प्रवेश कुमार साव, अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक मुरारी मिश्र के अलावे संवेदक के मुंशी तथा कई ग्रामीण मौजूद थे।

#### दर्जनों गांव को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण पुल के निर्माण की गुणवत्ता पर लगा प्रश्नचिह्न

यह निर्माणाधीन पुल कारकोमा और हासनदाग के दर्जनों गावों को जिला मुख्यालय और एनएच से जोड़ता है। इस नदी में बने पुल का निर्माण इसी नदी के बालू और पत्थर से करने का आरोप स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों द्वारा लगाया गया था। संवेदक के इस करतूत से जहां सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है वहीं करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे पुल की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।

## तालाबों को नगर निगम का कचरा से भरे जाने का क्षेत्र के लोगों ने किया विरोध



कहा- केंद्र एवं राज्य की सरकार जल संरक्षण के लिए जलाशय बचाओ अभियान चला रही है, वहीं इसके उलट गढ़वा नगर परिषद कचड़े से भरकर तालाब को प्रदूषित कर रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नगर परिषद द्वारा रामबांध तालाब से संबद्ध छोटे तालाबों को कचरा से भरे जाने का आरोप लगाते हुए कई लोगों ने विरोध किया है। इस बाबत सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल के नेतृत्व में गढ़वा शहर एवं आसपास के लोगों ने काफी आक्रोश व्यक्त किया। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरवा एनएच-75 से सटे रामबांध तालाब अवस्थित है, जल संरक्षण एवं मत्स्य पालन के उद्देश्य से दो-तीन छोटे तलाब मुख्य तालाब से जुड़े हैं। परंतु वर्तमान समय में उन छोटे तालाबों को नगर परिषद के द्वारा कचरा से लगातार भरा जा रहा है। विदित हो कि गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में पानी का जलस्तर काफी नीचे है तथा गर्मी के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं। एक तरफ केंद्र व राज्य सरकारें जल संरक्षण हेतु जलाशय बचाओ अभियान के साथ नये तालाबों के निर्माण में लगी हैं। इसके उलट गढ़वा नगर परिषद द्वारा कचड़े से भरकर तालाब को प्रदूषित किया जा रहा है।

विरोध करने वालों में दिलीप कमलापुरी, मनीष कुमार, मुकेश कुशवाहा, कृष्णा पाठक, संतोष कमलापुरी, प्रेम यादव, पंकज कुमार, प्रदीप कमलापुरी, रवींद्र पटवा, प्रकाश सोनी, इंतखाब मिस्त्री, अजीम मिस्त्री, रितेश सोनी आदि शामिल हैं।

## अधिक से अधिक बच्चों को करायें प्रवेश परीक्षा में शामिल : डीइओ

डीइओ ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा को लेकर की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी आशा पूर्ति ने गोविंद हाई स्कूल में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा को लेकर जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ बैठक कर प्रवेश परीक्षा की समीक्षा की। बैठक में होने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंडों से वर्ग पाचवीं में अध्ययनरत ज्यादा से ज्यादा छात्रों का ऑनलाइन फॉर्म भरवाने का निर्देश दिया। बैठक की जानकारी देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रामानंद प्रसाद ने बताया कि विद्यालय के वर्ग छह में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जनवरी तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय के वर्ग 6 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालय में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत बच्चे ही वर्ग छह के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले की उम्र 1 मई 2011 से 30 अप्रैल 2013 के बीच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in पर विशेष जानकारी उपलब्ध होगी। प्राचार्य ने बताया कि वर्ग 6 में नामांकन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। इच्छुक उम्मीदवार 31 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### भवनाथपुर पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को किया जब्त

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। इस संबंध में थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने बताया कि गुरुवार को साढ़े बारह बजे गश्ती के क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कैलान के रास्ते से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर काफी तेजी से टाउनसीप भवनाथपुर की ओर आ रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के क्रम में माइंस कॉलेज के पीछे सिन्दुरिया नदी के पुल के पास पुलिस वाहन को आते देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर रोककर घने झाड़ियों में दौड़कर भाग गया। तत्पश्चात उक्त दोनों ट्रैक्टरों को अपने कब्जे में लेते हुए सुरक्षित थाना लाया एवं वरीय पदाधिकारी को सूचित किया। अवैध बालू के संबंध में कोई कागजात किसी के द्वारा प्रस्तुत नहीं की गयी है। जिसके आलोक में आवश्यक कार्रवाई हेतु अंचल कार्यलय को सूचित किया गया है।

### स्पीड खो-खो राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को मिलेनियम पब्लिक स्कूल परिवार ने दी बधाई



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्पीड खो-खो राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो 21 से 22 जनवरी हरदोई उत्तर प्रदेश के स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में संपन्न होगी। उक्त प्रतियोगिता में मिलेनियम पब्लिक स्कूल नगर उंटारी के छात्र एक बार फिर राज्य का प्रतिनिधित्व कर जिले को गौरवान्वित करेंगे। भाग लेने वाले खिलाडियों में सत्यम चौबे, अरमान राजा, अंशु ठाकुर, अयान आलम, पीयूष राज, हिमांशु कुमार, मालिक राज, गुंजन कुमार, श्रेष्ठ जयसवाल, सैफ अली, बबलू कुमार, पीयूष यादव, आयुष गुप्ता, अली रजा अंसारी शामिल हैं। स्पीड खो-खो प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को विद्यालय परिवार ने शुभकामना एवं बधाई दी। विद्यालय के निदेशक मोहम्मद मुमताज राही ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय कृतसंकल्पित है। शुभकामना देने वालों में विद्यालय की चेयर पर्सन नूरजहां बेगम, प्रधानाचार्य मोहम्मद मंजूर राही, शिक्षक नागेंद्र सिंह, अखिलेश पांडे, अनेश यादव, रवि शंकर चौबे, सूरज तमांग, प्रसून कुमार, जय प्रकाश, मनोज कुमार, ऋषिकांत, रोहित रॉय, प्रिया सिंह, प्रेम लता सिंह, मायावती चौबे, असगर अंसारी, रमेश, धनेश्वर, अरशद, प्रशांत, सूरज, रोहित, अर्पणा मुखिया, अर्चना, माया कुमारी सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## थाना प्रभारी ने किया फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** एनएच 75 पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग गांव स्थित शिवनंदन पेट्रोल पंप के बगल में स्वाद सवेरा लाइन होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। लोगों ने कहा कि लाइन होटल सह रेस्टोरेंट के खुल जाने से एनएच 75 से गुजरने वाले यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को स्वादिष्ट नाश्ता एवं खाना मिल सकेगा। इस अवसर पर रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर धनंजय दुबे ने बताया कि रेस्टोरेंट में वेज और नॉनवेज दोनों प्रकार का भोजन अलग-अलग काउंटर से ग्राहकों को न्यूनतम राशि में उपलब्ध करार्यी जाएगी।

इस मौके पर पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर अजय द्विवेदी, योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विपुल दुबे, गोंदा के मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी, रूपेश द्विवेदी, पुष्कर मिश्र, अरुण कुमार, शिव शंकर प्रसाद गुप्ता, रमेश प्रसाद, चंदू प्रसाद रजक सहित बड़ी संख्या में लोग थे।


कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कोडरमा
अतिअल्पकालीन निविदा

दिनांक 09–09–2022 को सम्पन्न जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय डोमचॉच एवं चन्दवारा में छात्राओं को विद्यालय में रखने हेतु आधारभूत संसाधनों से संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा के पत्रांक 63 दिनांक 11–01–2023 के द्वारा प्राप्त सामग्री की सूची के अनुसार निम्न सामग्रियों के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

सामग्री क्रय हेतु इच्छूक निविदादाता तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफा में भरकर बन्द लिफाफा में उप विकास आयुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30 – 01 –2023 के अपराह्न 01.00 .बजे तक जमा कर सकते है।

उक्त निविदा उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभाकक्ष में दिनांक 30 – 01 –2023 को 03.00 बजे अपराहन में खोली जायेगी।

क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्ते कोडरमा जिला के वेवसाईट **www.koderma.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त
कोडरमा।

PR 287956 Rural Development(22-23)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–30/2022–23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 03..02.2023 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.02.2023 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Family Judge's Residence situated at Forest Colony, Hazaribag | 1811950/- | 37000/- | 5000/- | 03 माह |
| 2 | Renovation of CJM Residence situated near Mt. Carmel School, Hazaribag | 1593200/- | 32000/- | 5000/- | 03 माह |
| 3 | Renovation of Registrar Quarter in the campus of Civil Court, Hazaribag | 1794100/- | 36000/- | 5000/- | 03 माह |
| 4 | Construction of Drain sri Raman Kumar Correspondence Clerk Building Circle Residence Campus behind BCD Office at Hazaribag | 682300/- | 14000/- | 1250/- | 02 माह |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 287976 Building(22-23)#D


**बैठक :** परिसदन भवन में हुई बैठक में कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिये निर्देश

# कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम सभी पंचायतों में किया जायेगा आयोजित

नौ फरवरी से पूरे राज्य में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है, इसमें हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। स्थानीय परिसदन भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शहजादा अनवर ने कहा कि वे यह स्वीकार करते हैं कि राज्य की वर्तमान गठबंधन की सरकार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है। जिस अपेक्षा व समन्वय के साथ सरकार चलनी चाहिए थी, उसमें कमियां नजर आ रही हैं। इसके बावजूद तालमेल बनाकर सरकार को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नौ फरवरी से पूरे राज्य में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी आयेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के सभी पंचायतों में आयोजित किया जायेगा। इसे सफल बनाने के लिये गढ़वा जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह को जिम्मेवारी दी गयी है। जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाहक अंसारी ने बताया कि जिले में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर प्रखंडवार प्रभारी की नियुक्ति कर दी गयी है। जल्द ही जिला कमेटी का विस्तार किया जाएगा। इसके पहले बैठक में शहजादा अनवर ने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए सांगठनिक स्थिति का जायजा लिया व कई दिशा-निर्देश दिये। कार्यकारी अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष को निर्देश दिया कि वे गढ़वा जिले के सभी पुराने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जल्द पार्टी के जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी व पंचायत कमेटी का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता आलाकमान के फैसले के साथ बंधा हुआ है। जो भी कार्यकर्ता अनुशासन को तोड़ेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

**कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता :** बैठक के दौरान कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इसमें रईस खान, इरफान अंसारी, सुरजीत कुमार केसरी, आरिफ अंसारी, मकसूद, आशिफ खान आदि के नाम शामिल हैं। बैठक में गढ़वा विस प्रभारी लक्ष्मी नारायण तिवारी, भवनाथपुर विस प्रभारी धनंजय पासवान, गुलरेज अंसारी, मोबीन अंसारी, राहुल दूबे, नसीम अंसारी, सुनील कालिया, आनंद यादव, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष पियूष चौबे, ओमप्रकाश चौबे, उदयनारायण तिवारी, झरी प्रसाद, निर्मल ठाकुर, मोती राम, रामकरेस चौबे, योगेंद्रनाथ चौबे, रेयाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का उदघाटन करेंगे मंत्री रामेश्वर उरांव



लोहरदगा(आजादसिपाही)। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में दिनांक 20 जनवरी से 22 जनवरी 2023 तक राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम का उदघाटन मंत्री डा. रामेश्वर उरांव के द्वारा किया जयेगा। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहु राज्यसभा सांसद, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अध्यक्ष जिला परिषद, संजय साहू की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के निमित अशोक यादव की अध्यक्षता में समिति की आवश्यक बैठक खेल मैदान में की गई। जिसमें तैयारियों की समीक्षा कर अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सचिव सुखैर भगत, संजय बर्मन, कमल केसरी, सुधीर अग्रवाल, अरुण राम, राहुल कुमार, अजय प्रसाद, सजित लकड़ा, नसीम अख्तर, मोहन दुबे, मुरारी गोस्वामी, दुर्गा भगत, शाहिद अहमद बेलू, साजिद अहमद चंगु, विनय उरांव, सुनील साहू, सुखदेव उरांव, साबिर हुसैन, नईम खलीफा, जफर इमाम, यूनुस अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## ऊर्जा दिवस सह ऊर्जा मेला शिविर 21 को



बरवाडीह(आजादसिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय परिसर में 21 जनवरी को ऊर्जा दिवस सह ऊर्जा मेला शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इस संबंध में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय की सहायक गोपाल दास ने बताया कि ऊर्जा मेला शिविर में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा 100 यूनिट तक बिजली फ्री की जानकारी दी जाएगी।उपभोक्ताओं को सरकार की इस योजना की जानकारी देते हुए इसके लाभ लेने के बारे में बताया जाएगा।वही शिविर में नए विद्युत कनेक्शन,विद्युत बकाया संबंधी समस्याएं,खराब मीटर बदलने,बिल संबंधी विद्युत बिल संबंधी विभिन्न समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि शिविर में सहायक विद्युत अभियंता रामगोपाल राम, कनीय विद्युत अभियंता समेत विद्युत अधिकारी विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान करेंगे।

## मनिका में गणतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



मनिका(आजादसिपाही)। मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारी करने हेतु बीडीओ बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मनिका प्रखंड में मुख्य रूप से झंडोत्तोलन प्रखंड संसाधन केंद्र मनिका में सुबह 7:50 वनरोपण कार्यालय 8:08 प्रादेशिक वन क्षेत्र कार्यालय में 8:10 राजद कार्यालय 8:20 भाजपा कार्यालय 8:30 झामुमो कार्यालय 8:40 जिला परिषद कार्यालय 8:50 प्रखंड पशुपालन में 9:00 पंचायत भवन मनिका 9:15 प्रखंड कार्यालय मनिका 9:30 कांग्रेस कार्यालय मनिका 9:40 थाना परिसर 9:55 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका 10:05 उच्च विधालय मनिका 10:10 भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल 10:20 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मनिका में 10:25 सुबह मे झंडोत्तोलन करने का समय निर्धारित किया गया। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह भाजपा के मनिका विधान सभा पूर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान सासंद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, राजद प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## जनसेवकों को 15 फरवरी तक औसत से अधिक आवास पूर्ण करने का निर्देश



लोहरदगा(आजादसिपाही)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कार्यों की समीक्षात्मक बैठक निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण लोहरदगा सह अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल लोहरदगा के द्वारा की गई। बैठक में सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक एवं पंचायतों में कार्य कर रहे जनसेवक के साथ विस्तृत समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक के क्रम में पाया गया कि लोहरदगा जिले में आवास की प्रगति संतोषजनक नहीं है। अभी भी 6000 से अधिक आवास अपूर्ण है। जिन पंचायतों में आवास पूर्णता का प्रतिशत बहुत कम है या बहुत अधिक संख्या में आवास पूर्ण किए जाने बाकी हैं, उन पंचायत के जनसेवकों को 15 फरवरी 2023 तक राज्य औसत से अधिक आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सबसे अधिक आवास अपूर्ण रहने वाले पंचायत के जनसेवक डाड़ू, उगरा, उदरंगी, हिसरी, तिगरा, सिरम, हनहट, बेटहठ, भटखिजरी, मुरकीतोडार, सुन्दरू पंचायत के जन सेवकों को आवास निर्माण में तेजी लाने हेतु निर्देश दिया गया।

## पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण संपन्न

बारियातु(आजादसिपाही)। प्रखंड के तीन विद्यालय मध्य विद्यालय बारियातु, अपग्रेड उच्च विद्यालय टोंटी व फुलसु में चल रहे पांच दिवसीय शिक्षकों का योग प्रशिक्षण गुरूवार को संपन्न हुआ। बारियातु मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय परिसर में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का समापन पर्वेक्षक आयुष चिकित्सक के डॉक्टर नौशाद आलम, योग प्रशिक्षक अंजलि कुमारी, स्वास्थ्य विभाग के संदीप कुमार फुलसु उच्च विद्यालय में पप्पू महतो व टोंटी हेसला में कृष्णा कुमार व प्रतित टोपो के द्वारा कराया गया।समापन के मौके पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए आयुष चिकित्सक आलम ने बताया कि भारत सरकार एवं झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया योग प्रोटोकॉल के तहत उपस्थित सभी शिक्षकों को योग, प्रणायाम एवं ध्यान कराया गया।

### सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में बिजली विभाग की सघन छापेमारी

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान में 16 पर प्राथमिकी दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में बिजली विभाग द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 16 नामजद पर कार्रवाई हेतु प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बताया जाता है कि बदला में छापेमारी अभियान के पूर्व टीम गठन कर अभियान चलाया गया। गठित टीम में कनीय अभियंता सुजीत कुमार ,प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता, सहायक विधुत अभियंता उमेश कुमार दांगी, सारणी पुरुष, फिरोज अख्तर मानव दिवस कर्मी रंजीत उराँव एवं भोला साहू और शिवशंकर उराँव तथा सेन्हा थाना शस्त्र बल शामिल थे। वहीं विद्युत कनीय अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि बकाया बिजली बिल जमा नही करने पर पूर्व में 6 कंज्यूमर का कनेक्शन काटा गया था। उसके बाबजूद टोका लगा कर विधुत ऊर्जा चोरी करते पकड़ा गया। जबकि 5 कंज्यूमर का वैद्य मीटर होने के बाबजूद मीटर से वाईपास कर विधुत ऊर्जा चोरी करते पकड़ा गया। विवेक कुमार चौहान के स्कूल एवं घर में एक ही कनेक्शन से बिजली इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया। और एल टी लाइन से चार लोग को विधुत ऊर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। इस प्रकार 16 नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना में कारवाई हेतु प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि विद्युत कनीय अभियंता सुजीत कुमार के आवेदन पर कांड संख्या 12/23 दर्ज कर बिजली अधिनियम 135 एवं 137 के तहत रविन्द्र महतो,सुबोध महतो,पुष्कर महतो,मधुसूदन महतो, रंजीत महतो,बुधन महली, लक्ष्मण राम,भुखन राम,विवेक सिंह चौहान सहित 16 नामजद के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में मृत वृद्ध का हुआ शिनाख्त

**सेन्हा-लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ के समीप बुधवार की देर शाम गुमला लोहरदगा एनएच 143 मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई थी। जिसकी पहचान नही हो पाया था। वहीं पुलिस अज्ञात वृद्ध के शव को पहचान करने में जुटी हुई थी। इसी बीच मृत वृद्ध का पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के हिरही जुबला टोली निवासी भीखराम भगत के रूप में किया गया। मृतक का पुत्र रंजीत भगत ने वृद्ध का फोटो देख बताया कि मेरे पिता है। जो मानशिक रूप से विक्षिप्त होने का भी बात बताया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि मृतक का शिनाख्त होने के उपरांत उसके परिजनों को बुलाया गया है। पोस्टमार्टम के पश्चात अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौप दिया जाएगा।

# ग्रामीणों ने बारियातु बीडीओ सह सीओ को आवेदन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातु(आजादसिपाही)।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 01 में बीते 03 जनवरी को सेविका पद के लिए हुई चयन प्रक्रिया में अनियमितता के कारण रद्द करने को लेकर ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त, जिला समाज कल्याण, उप विकास आयुक्त लातेहार के नाम बुधवार को बारियातु बीडीओ सह सीओ को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि बारिखाप स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 01 कोड संख्या 0434 में बीते 03 जनवरी को सीडीपीओ बालुमाथ के द्वारा सरस्वती कुमारी पति दिलीप भगत को जाली कागजात के माध्यम से गलत चयन कर दिया गया है। जो नियम के विरूद्ध है उसे रद्द करने के लिए पूर्व में भी आवेदन दिया गया था। जिसे रद्द करने की कार्रवाई अब तक नहीं की गयी है। जिसे लेकर हम सभी ग्रामीण जनता में काफी आक्रोश है। पूछे जाने पर ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के नियमों को ताक पर रखकर मनमानी ढंग से चुनाव किया गया है जबकि कई विधवा महिला योग्य थीं, उन्हें अनदेखा किया गया है। ग्रामीणों ने हुई चुनाव प्रक्रिया को रद्दकर सही रूप से और नियमानुसार सेविका का पुनः चयन प्रक्रिया कराने की मांग की है। आवेदन देने में मुख्य रूप से जीतनी देवी, रजन्ती कुमारी, रामलला भगत, लालदेव उरांव, बैधनाथ उरांव, अनिता देवी, निर्मला देवी, फुलमणी देवी, आरती देवी, सुनिता देवी, कुंती देवी, रामकलिया देवी, बीरबल उरांव, सुनीता देवी, निरंजन भगत, बोलते भगत, भीखलाल भगत, एतवरिया देवी, मन्टु उरांव, विफनी देवी, रीना देवी, मंजवा देवी, संतोष भगत सहित कई ग्रामीण जनता मौजूद थे। ज्ञात हो कि चुनाव प्रक्रिया रद्द करने को लेकर ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त एवं बारियातु प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दीपाली भगत को 6 जनवरी 2023 को पूर्व में आवेदन दिया गया था।

# अपनी मांगों को लेकर पारा मेडिकल कर्मी के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह:**बरवाडीह प्रखंड के पारा मेडिकल कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। जिससे स्वास्थ्य विभाग की कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। गुरुवार को प्रखंड के सभी अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी अपने हाथों में तख्ती लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पूरे दिन धरना पर बैठे रहे। इस संबंध में हड़ताल पर गए अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि राज्य पारा मेडिकल कर्मी संघ के आह्वान पर अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों 14 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपनी मांगों को लेकर रांची पहुंचकर वार्ता किया था। लेकिन वार्ता पूरी तरह विफल होने के बाद संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने निर्णय लिया गया। जिसके तहत संघ के आह्वान पर 18 तारीख से प्रखंड के सभी अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। कार्यक्रम के तहत 24 जनवरी को राजभवन परिसर में आमरण अनशन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। वहीं धरना पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने अपने हाथों में तख्ती जिसमें चुनावी वादा सरकार शीघ्र पूरी करें। अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित करो,अनुबंध पारा मेडिकल कर्मियों को 2018 नियमावली को आंशिक संशोधित करते हुए 2014 के नियमावली के तर्ज पर समायोजित करें नारा लिखे हुए थे आदि नारे लिखे हुए थे। वहीं धरना पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों में तिवारी आलोक तिवारी ,अनवर अली, संगीता कुमारी ,अरुणा कुजुर, अनिमा लकड़ा समेत कई अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## नियोजनालय में भर्ती कैंप का आयोजन

**लोहरदगा(आजादसिपाही)।** जिला नियोजनालय में गुरूवार को भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में हाईली इंडिया लिमिटेड, गुजरात की कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा शामिल हुए अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग की गई। कंपनी की ओर से मोहम्मद मोबिन हैदर के द्वारा कंपनी के कार्य, कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं से अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया। इसमें 18-35 वर्ष के युवक-युवतियां शामिल हुए। कंपनी के पास कुल 200 रिक्तियां हैं जिसके लिए यह भर्ती कैंप आयोजित किया गया। मौके पर कंपनी के प्रतिनिधि, कार्यालय के कर्मीगण व बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय सभागार में ग्रामसभा का आयोजन



बालूमाथ(आजादसिपाही)। बालूमाथ विकास योजनाओं के साथ-साथ आम जनता की समस्या निराकरण को लेकर बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने पंचायत सचिवालय सभागार में ग्रामसभा का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास करने के साथ-साथ पंचायत की जन समस्याओं का निराकरण करना ही उनकी प्राथमिकता है। कहा कि पंचायत में पीसीसी, सोलर लाईट,जल मीनार, पानी, नाली, गाय शेड, पेंशन भी,जो दिव्यांग व्यक्ति हैं उसे प्राथमिकता के तौर पर सरकारी लाभ मुहैया कराया जायेगा। इस मौके पर बालूमाथ ग्रामप्रधान सह अंचल अमिन भुनेश्वर प्रसाद साहु,पंचायत सचिव सुमित सिन्हा, एई दिनेश कुमार, पत्रकार संतोष सिन्हा, शकील जैदी ,उपमुखिया अमित कुमार, मो आविद,मो शल्लू, बिनोद साव, बाबूलाल, सभी वार्ड के सदस्य सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## राठौर कांप्लेक्स सैप टैचव्लर्ड शिक्षण संस्थान का किया गया उद्घाटन



बालूमाथ(आजादसिपाही)। लातेहार जिलास्तर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में बाजार टाडं रोड हनुमान मंदिर के सामने राठौर काम्प्लेक्स सैप टैचव्लर्ड शिक्षण संस्था का आज उद्घाटन किया गया। जहां पर कंप्यूटर से संबंधित डीसीए, एडीसीए, डीसीए, डीटीए, टैली, वेब तथा अन्य प्रकार के कोर्स करवायी जायेगी। वहीं संस्थान के संचालक अनुज कुमार पाठक ने संवाददाता को बताया कि आज से 20 फरवरी तक सभी कोर्स में 20 फीसदी तक की छूट दी जा रही है।

## विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ



बारियातु(आजादसिपाही)।शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्रखंड मुख्यालय सहित 93 विद्यालयों में वर्ग तीन से वर्ग सात तक के बच्चों का अर्द्धवार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू। जानकारी देते हुए प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामप्रसाद यादव ने बताया कि बारियातु प्रखंड के 93 विद्यालयों में कक्षा तीन से सात में नामांकित छात्र-छात्राओं का 18 जनवरी बुधवार से अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुआ है। लगभग दस हजार से भी अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल हुए हैं। परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में वर्ग तीन से पांच के छात्र-छात्राओं का गणित और द्वितीय पाली में पर्यावरण जबकि वर्ग छः सात के छात्र-छात्राओं का प्रथम पाली में गणित और द्वितीय पाली में संस्कृत की परीक्षा ली गयी। यह परीक्षा 20 जनवरी तक चलेगी।

## बिजली विभाग व्यवस्था दुरुस्त करें, नहीं तो जोरदार आंदोलन करूंगा: रवि डे

चंदवा(आजादसिपाही)। चंदवा के पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार में एक प्रेस वार्ता की गई। जिसमें झारखंड विकास समिति के अध्यक्ष रवि कुमार डे और सत्येंद्र प्रसाद यादव ने बिजली विभाग के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली विभाग अपना रवैया सुधारें और जनता को सुलभ तरीके से व्यवस्था मुहैया करायें। श्री डे कहा कि विभाग के लोग ग्रामीण क्षेत्रों में तार पोल ट्रांसफार्मर बिजली बिल की सुविधा सुलभ नहीं करा कर जनता को परेशान करती है विभाग अपने स्तर से जनता को तंग नहीं करें अगर कहीं ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जल जाती है तो विभाग ध्यान नहीं देती हे। इसी वार्ता में सत्येंद्र प्रसाद यादव ने भी कहा कि समिति बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर लगातार आंदोलन करती आ रही है परंतु सुधार बहुत अच्छा नहीं हो पाया है जिससे मैं चाहूंगा कि विभाग के कनीय अभियंता कार्यपालक अभियंता व्यवस्था को सुधार करें जिससे आमजन को परेशानी नहीं हो।

## मुखिया ने नीनी प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

किस्को/लोहरदगा(आजादसिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के नीनी गांव में संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय नीनी की प्रधानाध्यापिका पूनम टोप्पो में मध्याह्न भोजन की राशि का बंदरबांट करने का आरोप स्कूल की संयोजिका नीलम कुमारी एवं विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने प्रधानाध्यापिका पूनम टोप्पो पर आरोप लगाते हुए कहा कि मध्याह्न भोजन के संचालन हेतु पैसे की मांग करती है। जबकि मध्याह्न भोजन का संचालन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं संयोजिका के द्वारा संचालित किया जाना है। परंतु नीजी स्वार्थ के वजह से प्रधानाध्यापिका पूनम टोप्पो मध्याह्न भोजन का संचालन अपने द्वारा किये जाने को लेकर अड़ी रहती है जिसे लेकर प्रधानाध्यापिका एवं संयोजिका के बीच में विवाद बना रहता है। इधर ग्रामीणों ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका के ऊपर नाराजगी जताते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों को सही शिक्षा नहीं मिलता है। साथ ही टीचर समय से नहीं आते हैं एवं मध्याह्न भोजन भी अच्छी तरह से वितरण नहीं किया जाता है।

## उच्च विद्यालय जामुनटोली का 39वां वार्षिकोत्सव मना

लोहरदगा(आजादसिपाही)। उच्च विद्यालय, जामुन टोली, बगडू प्रखंड किस्को का 39 वां वर्षगांठ समारोह 20 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोहरदगा, सह वित मंत्री झारखण्ड सरकार डॉ. रामेश्वर उराँव व विशिष्ट अतिथि विद्यालय के संरक्षक सह सांसद राज्यसभा झारखंड धीरज प्रसाद साहु होंगे। उक्त जानकारी किस्को प्रखण्ड जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने दी।

## दर्जनों जायरीन अजमेर सरीफ के लिए रवाना

गारू (आजादसिपाही)। गारु प्रखंड से दर्जनों जायरीनों का जत्था गुरुवार को अजमेर शरीफ के लिए बस से रवाना हुआ। सभी जायरीन दिल्ली होते हुए अजमेर शरीफ पहुंचेगे और दरगाह में अपने-अपने परिवार के अलावा क्षेत्र की खुशहाली को लेकर दुआं करेंगे। इस मौके पर मो अब्दुला शाह ने कहा कि इस दरगाह से सभी धर्मों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है इसे सर्वधर्म सद्भाव की अदभुत मिसाल भी माना जाता है। ख्वाजा साहब की दरगाह में हर मजहब के लोग अपना चादर चढ़ाने आते हैं।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिये मेहनत करें निश्चित सफलता मिलेगी : जिला शिक्षा पदाधिकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत नंदलाल प्लस उच्च विद्यालय में विद्यालय परिवार की ओर से वार्षिक उत्सव सह विज्ञान कला संस्कृति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, अंचलाधिकारी विजय कुमार,जीप सदस्य राधा तिर्की, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, मुखिया राजश्री उराँव, प्रधानाध्यापिका नैंसी सीमा लकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रवज्जलित कर प्रारम्भ किया गया। मौके पर डीईओ सुनंदा दास ने कहा की बच्चो के भविष्य निखारने का काम शिक्षक कर रहें है। विद्यालय के बच्चे लगातार लक्ष्य प्राप्ति के लिये मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही कहा कि समय को पहचाने और आगे बढ़े और हमेशा सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने का कला सीखे। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियो को झारखंड की सांस्कृतिक को सीखने समझने का मौका मत है। दोना पत्तल, गुंगू पत्ता का प्रयोग करने पर प्लास्टिक का उपयोग से बचाव होगा। बच्चे अपने जीवन में प्लास्टिक के उपयोग से बचें। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं द्वारा धरधरिया जल प्रपात का स्वरूप तैयार किया गया था। अतिथि व मुख्य अतिथि द्वारा बच्चो को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान हमार सोना झारखंड ग्रुप को दोना पत्तल,हल,खान पान पर मिला। दूसरा स्थान देशी कूलर, तीसरा स्थान धरधरिया एव जीएसटी ग्रुप को मिला। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, जिप सदस्य राधा तिर्की, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, मुखिया राजश्री उरांव, प्रधानध्यापक नैंसी सीमा लकडा के अलावे शिक्षक शिक्षिका अनील उरांव,सुरेश कुमार बड़ा, अरविन्द कुमार, रीना बखला, उत्तिम कुमारी, सुभ्रा दस और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ उपायुक्त ने दिये निर्देश

**लातेहार।** लातेहारजिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर आज दिन बृहस्पतिवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों , थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कड़े शब्दों में रोष प्रकट किया और असंतुष्टि जाहिर करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें एवं लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी करें। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।

## मंत्री ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, दिये निर्देश



**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सदर प्रखंड के ग्राम रघु टोली, करचा टोली,नदिया,बाघा नवाटोली,रामपुर रूगड़ी टोली आदि गांवों का दौरा कर जनसमस्या सुनी। ग्रामीणों ने मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को अपनी समस्याओं से अवगत कराए। जिसमे मुख्य समस्या राशन कार्ड, विधवा पेंशन, बृद्धा पेंशन, आवास योजना,सड़क की समस्या आदि अन्य समस्या रखी गई । मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान ही हमारी पहली प्राथमिकता है। झारखंड सरकार के द्वारा काफी जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है जिससे आम जनता को काफी लाभदायक है । जिसका फायदा सभी जनता को लेने की जरूरी है ।सरकार के हर योजना गांव गांव तक पंहुचे यही उद्देश है हमारी। मेरे विधायक मद के द्वारा भी गांव की जो मुख्य समस्या है उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है । जिससे गांव का विकास हो सके। राशन कार्ड, विधवा पेंशन, बृद्धा पेंशन, आवास योजना,सड़क की समस्या आदि अन्य समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग एव अधिकारियों से तवरीत करवाई करते हुए समाधान करने को कहा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, मंत्री सचिव संजय दुबे, प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग आदि थे।

**बैठक :** कांग्रेस जिला कार्यसमिति की बैठक में पार्टी को धारदार बनाने की कवायद शुरू

# रौतिया समाज की जमीन वापस दिलाने के लिए कांग्रेस करेगी आंदोलन

**कार्यसमिति की बैठक में 13 सूत्री प्रस्ताव पारित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** कांग्रेस कमेटी कार्यसमिति की बैठक में चैनपुर के रौतिया समाज की हड़पी हुई जमीन वापस दिलाने और पुग्गू के सरना मैदान के मामले को अब कांग्रेसियों के द्वारा आन्दोलन का रूप दिया जाएगा। ये मुद्दे गुरुवार को गुमला परिसदन में अयोजित गुमला जिला कांग्रेस कमेटी कार्यसमिति की बैठक में गरमाये रहे। यह बैठक जिला अध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में हुई।

इस मौके पर विशेष तौर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश महासचिव अजय नाथ शहदेव, प्रदेश सचिव अनूप केसरी एवं प्रदेश सचिव जयदीप भगत शामिल रहे। बैठक में गुमला जिला के सभी 12 प्रखंडों के कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल हुए। गुमला जिला में फिर एक बार कांग्रेस पार्टी को धारदार बनाने की चाहत देखने को मिल रही है। अजय नाथ शहदेव ने कहा कि गुमला जिला में पूर्व से ही प्रखंड से लेकर ग्रामीण व पंचायत स्तर तक कैडर कांग्रेसी मौजूद हैं। जनहित को ध्यान में रखकर हर वर्ग हर समुदाय की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर गुमला जिला के नये अध्यक्ष चैतू उरांव को यह सुनिश्चित करना होगा कि पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर की कमेटी में वैसे लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जाए जो कांग्रेस के सच्चे सिपाही की तरह जनहित के मुद्दों को उठायें और संगठन को मजबूती प्रदान करें।

बंधु तिर्की ने कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलायी जा रही हैं, उन सभी योजनाओं में जनता को योजनाओं का उचित लाभ मिल पा रहा है कि नहीं इस पर निगरानी रखना बहुत जरूरी है। जब तक हमारे पदाधिकारी जनहित से जुड़कर कांग्रेस की नीति सिद्धांत को आम जनों तक नहीं पंहुचाएंगे तब तक पार्टी को मजबूती नहीं मिलेगी। गुमला जिला में 10 दिनों के अंदर पंचायत स्तर के कार्यकारिणी समिति बनाने का लक्ष्य रखा गया। इसके अलावा 12 जनवरी 2023 को प्रदेश कार्यसमिति रांची की बैठक में लिए गए प्रस्ताव को विस्तार पूर्वक बताकर पारित किए गए।

**कार्यसमिति को लेकर पारित किए गए प्रस्ताव :** कार्यसमिति की बैठक में 13 सूत्री प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें चैनपुर प्रखंड में रौतिया समाज के द्वारा बिचौलियों की मिलीभगत से जमीन हस्तांतरण एवं गुमला के पुग्गु में सरना मैदान के मामले को प्राथमिकता दी गई। दूसरे प्रस्ताव के रूप में सरना कोड लागू करने हेतु आंदोलन आभियान को दिया गया। स्थानीय नीति में 1932 का खतियान आंदोलन को गति देना, 27 परसेंट ओबीसी आरक्षण, वन अधिकार कानून प्रभावी तरीके से लागू कराना, भूमि अधिग्रहण का मुआवजा, हाथी से प्रभावितों की मुआवजा, समय-समय पर जन मुद्दों को लेकर धरना देना, सरकार की योजनाओं का धरातल पर लाने के लिए जन सहायता शिविर लगाना, स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, पेशा कानून को मजबूती से लागू कराना, झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ अजय कुमार पर त्रिपुरा में हुई हमला की निंदा, प्रदेश स्तरीय विस्तारित कमेटी में लिए गए सभी प्रस्ताव दुबारा लेने का निर्णय लिया गया।

### बनाये गये तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी

**गुमला जिला में कांग्रेस को धारदार बनाने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश महासचिव अजय नाथ शहदेव को गुमला विधानसभा का प्रभारी बनाया गया, प्रदेश सचिव अनूप केसरी को बिशुनपुर का प्रभारी बनाया गया एवं सिसई विधानसभा का प्रभारी प्रदेश सचिव जयदीप भगत को नियुक्त किया गया है।**

### समाजसेवी हिमांशु पाठक हुए कांग्रेस में शामिल

समाजसेवी घाघरा प्रखंड निवासी हिमांशु पाठक को माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया गया।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष, चुमनू उरांव, अल्बर्ट तिग्गा, आशिक अंसारी, हांदू भगत, अकील रहमान, शाहजहां अंसारी, रामेश्वरी उराव, अमृता भगत, फिरोज आलम, अरुण कुमार सहित सभी विंग के प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सचिव आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### चैनपुर थाना परिसर स्थित गार्डेन में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने किया पौधरोपण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में नवनिर्मित मिनी गार्डन में आज चैनपुर के बुद्धिजीवी लोगों के द्वारा पौधरोपण किया गया। जिसमें थाना के पदाधिकारियों समेत मुख्यालय के वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकारों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फूलों का पौधारोपण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि थाना परिवार के द्वारा यह पहल काफी सराहनीय है। इससे थाना परिसर की सुंदरता बढ़ेगी और परिसर भी स्वच्छ रहेगा। वहीं इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि थाना परिसर को साफ एवं सुन्दर बनाये रखने के लिए हमारे वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में यह मिनी गार्डन का निर्माण हुआ है। वही चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह है कि थाना परिसर का माहौल मधुरमय हो और स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो सके। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एएसआई मदन शर्मा, पूर्व विधायक बैरागी उरांव, विजय नारायण शर्मा, यमुना केशरी, अनील केशरी, जेम्स तिग्गा, अनूप संजय टोप्पो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रेफरल अस्पताल परिसर में अनुबंध पर कार्यरत एएनएम जीएनएम बैठी अनिश्चितकालीन धरना पर



**बसिया (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 16 वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत एएनएम जीएनएम के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया गया। धरना में बैठी नर्सों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि वे स्थायी नर्सों की तरह अस्पतालों में सेवा दे रही हैं। कोविड जैसी महामारी तक में पूरी निष्ठा से लोगों की सेवा की है, परतु सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये के कारण वे कम वेतन में पिछले 16 वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सेवा दे रही हैं। धरना में बैठे सभी एएनएम और जीएनएम ने सरकार से उन्हें समान कार्य के बदले समान वेतन और सुविधा देने और उनकी नौकरी को नियमित करने की मांग की। धरना में मरियम सोरेंग, अंजना रेणु मिंज, एंजेला सोरेंग, निर्मला बेक, माधुरी केरकेट्टा, संध्या पन्ना, प्रसन्न विनीता मिंज समेत सभी एएनएम जीएनएम शामिल थीं।

### दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डीटीओ के नेतृत्व में टीम ने पथ का किया मुआयना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा में सड़क दुर्घटना का मामला बढ़ता ही जा रहा है। जिसके बाद जिला परिवहन कार्यालय हरकत में आ गया है। राहगीर प्रखंड क्षेत्र के नेतरहाट पथ पर स्थित देवाकी बाबाधाम मंदिर के समीप तीखा मोड़ पर आये दिन सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसी निमित गुरुवार को डीटीओ के नेतृत्व में उनकी टीम ने उक्त पथ का मुआयना किया। इस क्रम में मौजूद गुमला डीटीओ विजय सिंह बिरवा ने कहा कि परिवहन विभाग के द्वारा देवाकी के इस एरिया को ब्लैक स्पॉट की श्रेणी में चिन्हित किया गया है। यहां हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिसे देखते हुए इस पथ का सर्वे कर सड़क दुर्घटना को कैसे कम किया जा सके, इसकी जरूरी व्यवस्थाएं बनायी जाएंगी। साथ ही पथ निर्माण विभाग के द्वारा सड़क चौड़ीकरण का भी काम कराया जाएगा। तीखा मोड़ सड़क दुर्घटना के कारणों में एक मुख्य कारण है। इसीलिये जल्द ही इस पथ को सीधा करने की योजना पर काम किया जाएगा। इस मौके पर प्रवीण कुमार, घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर साह, डीआरएसएम प्रभास कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### शिवराजपुर मुखिया ने की पंचायत की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिवराजपुर पंचायत भवन के सभाकक्ष में गुरुवार को मुखिया विनोद उरांव की अध्यक्षता में जीपीडीपी सबकी योजना सबका विकास को लेकर पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में पंचायत की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक के बाद 10 योग्य लोगों को पीपीओ कार्ड का वितरण किया गया। समीक्षा बैठक के बाद जीपीडीपी के तहत प्रत्येक राजस्व ग्राम में ग्राम सभा करने के लिए तिथि निर्धारण किया गया। 20 जनवरी 2023 को दोदांग में, 21 एवं 22 जनवरी को शिवराजपुर में, 23 जनवरी को दरदाग में, 25 जनवरी को कसपोडया में, 28-29 जनवरी को टोटाम्बी में एवं 28 जनवरी को चेचेपाठ में ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु तिथि निर्धारित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य कुसुम देवी, विभिन्न वार्ड के वार्ड सदस्य, प्रदान से रीमा कुमारी, ग्रामीण सुकरा उरांव, सेराज अंसारी, दीपक उरांव, बिना देवी, कमला देवी, किरण उरांव, फुलमनी देवी, उमा देवी, पंचमनिया देवी, मनोहारी देवी, आशीष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, बैजनाथ केवट सुरजा उरांव सहित विभिन्न विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### प्रखंड सभागार में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**बसिया (आजाद सिपाही)।** एसडीओ संजय पीएम कुजुर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड सभागार में बैठक की गयी। बैठक में झंडोत्तोलन को लेकर समय सारणी तय की गयी। 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड मुख्यालय में किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुमंडल स्तर के विद्यालयों के छात्र भाग लेंगे। 26 जनवरी को झंडोत्तोलन के उपरांत 12 बजे से प्रशासन बनाम पत्रकार एकादश के बीच फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया जायेगा। बैठक में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, प्रमुख जगरानी तिग्गा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा, बीइइओ, सभी बैंक कर्मी विद्यालय के एचएम उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस ने त्रिपुरा सीएम का फूंका पुतला



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में एआईसीसी के महासचिव झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष त्रिपुरा के प्रभारी डॉ अजय कुमार पर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा हमले के विरोध में टॉवर चौक गुमला में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा का पुतला दहन किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से घबराई बीजेपी की सरकार ने अपने गुंडों से हमला करवाया। आज देश में अराजक स्तिथि पैदा हो गई है। जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा भाजपा अपनी हार से डर गई है इसलिए हमारे प्रभारी के ऊपर सुनियोजित तरीके से हमला करवाया डॉ अजय लगातार छेत्र में भाजपा के कारनामों को उजगार कर रहे हैं। युवा जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि किसी राज्य में विपक्षी दल के प्रभारी पर इस प्रकार के हमला निंदनीय है। वहां की सरकार के हाथ से कानून व्यवस्था निकल चुका है। डॉ अजय कुमार के ऊपर उनके प्रभार क्षेत्र त्रिपुरा में एक कार्यक्रम में थे, जहां सत्ता के नशे में चूर बीजेपी की घमंडी सरकार के मंत्री के सामने पत्थरबाजी कर घायल किया गया। मौके पर प्रदेश सचिव अकील रहमान, चुमनु उरांव, युवा जिला उपाध्यक्ष अंजलिनता बाड़ा, अरविंद साहू, राजनील तिग्गा, सादाब आलम, अमृता भगत, जय सिंह, सिसई विधानसभा अध्यक्ष नीलेश उरांव,गुमला अध्यक्ष वारिश खान, अमित साहू, मीना टोप्पो, नसीम ताज, आदित्य मिंज, हिमांशु पाठक, तरुण गोप, सनी राम, सगीर आलम, फिरोज आलम, सुभाष उरांव, बसंत उरांव सहित कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बैगा, पूजार, महतो एवं ग्रामीणों की बैठक में बाजार हाट व बालू घाट का कर वसूली ग्रामसभा से करने का निर्णय



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के अंकुरी गांव में जतरा भगत पड़हापचौरा सामाजिक संगठन के बैनर तले बैठक की गयी। जिसमें प्रखंड के 68 राजस्व मौजा के बैगा, पूजार, महतो एवं सभी गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। जहां पर संविधानिक प्रावधान, ग्राम सभा, स्वशासन व्यवस्था, पारंपरिक ग्राम सभा, पंचायत के उपबंध के बारे में लोगों को बताया गया। वहीं पड़हा सुशासन व्यवस्था व रुढ़ी प्रथा ग्राम सभा द्वारा निर्णय लिया गया कि कल 20 जनवरी से बाजार हाट व बालू घाट का कर वसूली ग्राम सभा के द्वारा की जाएगी। वहीं जतरा भगत पड़हा पचौरा के सतीश भगत ने कहा कि संविधानिक प्रावधान जो केंद्रीय कानून अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार अधिनियम की धारा (घ) में यह दर्शाया हुआ है कि इस पर ग्राम सभा का अधिकार है। इसके अनुसार भौतिक संपदा एवं बाजार हाट बालू घाट इत्यादि पड़ह सुशासन व्यवस्था के अंदर आता है। इसलिए इसका अधिकार ग्राम सभा को होना चाहिए। सतीश भगत ने कहा कि बैठक में हम लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बिशनपुर, थाना प्रभारी बिशुनपुर, थाना प्रभारी गुर्जरी को आमंत्रित किया था, लेकिन वे लोग नहीं आये इसलिए सर्वसम्मति से यह निर्णय हम लोगों ने लिया है।

# किसानों की आवाज है भाजपा किसान मोर्चा : मनीष हिंदुस्तान

**किसानों के मुद्दे को लेकर भाजपा किसान मोर्चा जिला कमेटी की बैठक आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कमेटी ने किसानों के कुछ अहम मुद्दे को लेकर बिरसा एग्रो पार्क में बैठक की। इस बैठक में केन्द्र सरकार की योजनाओं से किसानों को जोड़ने और किसानों के हित को ध्यान में रखकर पार्टी द्वारा योजना बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दिनेश्वर साहू ने कहा कि किसान अन्नदाता है। इनकी समस्याओं पर चिंतन जरूरी है। इनकी समस्याओं को दूर कर हम धरती मां को प्रसन्न रख सकते हैं। वहीं जिला महामंत्री मनीष हिंदुस्तान ने कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखना किसान मोर्चा का कर्तव्य है। किसान मोर्चा हमेशा किसानों की समस्याओं का समाधान निकालने के साथ-साथ किसानों की आवाज बनने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि किसान के कारण हम अपनी भूख मिटाते हैं। लेकिन दूसरों के पेट को भरने वाला किसान जिस दिन भूखा सोता है उस दिन उसकी तकलीफ को सुनने वाला कोई नहीं होता इसलिए किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला किसान मोर्चा हमेशा तत्पर होता है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला महामंत्री जिला उपाध्यक्ष व सदस्यों के सहयोग से 25 जनवरी तक जिले के सभी प्रखंडों का दौरा किया जाएगा। वहीं प्रत्येक मंडल अध्यक्षों से उनके अंतर्गत आने वाले सभी पंचायतों से 10- 10 किसानों की सूची मांगी गई है।

बैठक में मुख्य रूप से सुधीर नंद, किशन बड़ाईक, मोख्तार साहू, जगजीवन सिंह, सुभाष जायसवाल , सिकंदर कुमार सिंह, हरिहर सिंह, भरत प्रधान व मनोहर साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मियों की हड़ताल जारी

**24 जनवरी से आमरण अनशन करने का निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अनुबंध कर्मी फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम जीएनएम, नेत्र सहायक, लैब टेक्नीशियन की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इस संबंध में झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ ने गुमला के उपायुक्त सिविल सर्जन सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जानकारी दी है। इनकी मांग है कि पारा मेडिकल नियमावली 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी पारा मेडिकल कर्मियों को वर्ष 2014 की तरह विभागीय समायोजन की प्रक्रिया अविलंब आरंभ हो। यह हड़ताल झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ के बैनर तले की गई है। हालांकि संघ पूर्व में ही यह घोषणा कर चुका है कि मांग नहीं पूरा होने पर 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे एवं 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इसके बावजूद मांग नहीं पूरी होने पर 24 जनवरी से आमरण अनशन करने का निर्णय भी लिया गया है।

इस संबंध में चिकित्साकर्मी संघ के जिला सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया कि विकट परिस्थितियों में भी अनुबंध कर्मी सरकार के द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को सफल किया है। फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में काम करते हुए वैश्विक महामारी कोरोना पर विजय प्राप्त की है। इसमें अधिकांश संख्या में अनुबंध कर्मी कोरोना पॉजिटिव हुए इसके अलावा सरकार के कई महत्वपूर्ण योजना को अपने जान पर प्रभाव के बिना सफल बनाते हैं मगर उनके अल्प मानदेय के कारण सही से हुए अपने परिवार का भरण पोषण एवं बच्चे को शिक्षा ग्रहण नहीं करा पा रहे हैं । उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो करो या मरो के तर्ज पर आंदोलन चलता रहेगा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को खत्म कर दिया जाएगा।

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय पर हुए हमले की कांग्रेस प्रदेश सचिव ने की निंदा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह त्रिपुरा राज्य के प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार पर हुए हमले की प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने निंदा की है। कहा है कि त्रिपुरा में कार्यक्रम के दौरान कायरता पूर्ण तरीके से उनपर हमला किया गया है, जो निंदनीय है। किसी भी दृष्टि से यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा से राजनीति क्षेत्र में आने वाले डॉक्टर अजय सरल स्वभाव के व्यक्ति है। उनपर विपक्षी पार्टी भाजपा के लोगों द्वारा हमला किया गया। भाजपा द्वारा ऐसे कृत्य से कहा जा सकता है कि त्रिपुरा में भाजपा का गुंडा राज चल रहा है। इसपर कार्रवाई होनी चाहिए अन्यथा कांग्रेस आंदोलन का रूख अपनाएगी। निंदा करने वालों में मुरली मनोहर प्रसाद, हेमावती देवी, बैजनाथ उरांव व सुनील कुमार आदि है।

### कफ सिरप वनरेक्स की 120 बोतलों के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना के पुलिस जवानों ने एक बार फिर नशे में इस्तेमाल किया जाने वाला 120 बोतल कफ सिरप बरामद किया है। इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि 18 जनवरी की रात्रि लगभग 11:00 बजे गुप्त सूचना के आधार पर बसुआ निवासी नौशाद अली को पुलिस ने धर दबोचा। उसके पास से 120 बोतल विंग्स कंपनी का वनरेक्स नामक कफ सिरप बरामद हुआ। जो नशे के लिए इस्तेमाल में लाया जाता था। इस कफ सिरप के साथ आरोपी नौशाद को पुलिस ने जेल भेज दिया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विनोद कुमार, मुजम्मिल अली, दिलीप टुडू, विवेक चौबे सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।

### खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के लिए विशेष शिविर आज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में खाद्य सुरक्षा लाइसेंस बनवाने के लिए लगने वाले विशेष शिविर को लेकर गुरुवार को प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र, साप्ताहिक बाजार-हाट सहित विभिन्न मार्गों पर प्रचार वाहन व लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। इस संबंध में बीडीओ सुनीला खलखो ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र स्थित सभी होटलों-खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस होना आवश्यक है। इसके लिए शुक्रवार को सुबह 11 बजे से विशेष शिविर लगाया जाएगा।

**प्रेस कांफ्रेंस :** जिले में नकली सॉस के विरुद्ध छापामारी के बाद एसडीओ ने संबंधित लोगों पर कार्रवाई का दिया निर्देश

# सावधान! गुमला जिले में धड़ल्ले से बिक रहा है नकली सॉस

**नकली सॉस के रैपर पर गोदावरी फूड प्रोडक्शन गुमला लिखा हुआ है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** अगर आप सॉस के रेगुलर यूजर हैं तो ये खबर आपको चौंका देने वाली है। क्योंकि गुमला जिले में नकली सॉस धडल्ले से बेचे जा रहे हैं। ये नकली सॉस केवल दुकानों पर ही नहीं बल्कि जिले एवं प्रखंड के विभिन्न दुकानों, ढाबों और ठेलों में इस्तेमाल किया जा रहा है। फूड एक्सपर्ट बताते हैं कि सॉस में साईचूरिन नामक पदार्थ डाला जा रहा है जो सेहत के लिए काफी हानिकारक है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब एसडीओ रवि जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न होटलों और ढाबों में नकली सॉस की छापामारी की गई। बता दें कि जिले में इन दिनों नकली सॉस का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिससे लोगों के सेहत पर इसका खासा प्रभाव पड़ रहा है।

नकली सॉस के रैपर पर गोदावरी फूड प्रोडक्शन गुमला लिखा हुआ है। लेकिन पदाधिकारी बताते हैं कि यह नकली सॉस रांची से गुमला लाया जाता है। जिसकी जिले एवं प्रखंड के विभिन्न दुकानों, ढाबों और ठेलों में खपत की जाती है।

एसडीओ ने बताया कि नकली सॉस की बिक्री में संलिप्त पाए गए लोगों के विरुद्ध फूड सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बरामद सॉस को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए नगर परिषद को सौंप कर उसे नष्ट करने का निर्देश दिया गया।

## प्रगतिशील किसान मंच ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



विश्रामपुर(पलामू)(आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद के डिहारिया गांव में प्रगतिशील किसान मंच ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष मुंशी मेहता व संचालन निवर्तमान वार्ड पार्षद मजमुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में किसानों की समस्या व समाधान पर चर्चा हुई। बैठक में प्रस्ताव पारित कर खुटिसोत व भेलवा नदी पर तटबंध बनवाने की मांग की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद में 60 प्रतिशत आवादी किसानों की है। बावजूद यहां के किसान उपेक्षित है। अगर खुटिसोट व भेलवा नदी पर बांध बन जाये तो यहां के खेती सिंचित हो जायेगी। बैठक में सिराजुद्दीन अंसारी, राजदेव ठाकुर,हेसामुद्दीन अंसारी, अनवर हुसैन,सफीक अंसारी,सचिता विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## विद्युत ऊर्जा चोरी के मामले में 9 पर प्राथमिकी दर्ज



हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)। हरिहरगंज शहरी अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में छापेमारी कर विद्युत विभाग ने कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी मामले में 9 बिजली उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता कुलदीप यादव ने बताया कि अपने सहयोगियों के साथ सियारभुका एक घर और टंडवा रोड बंजारी के 8 घरों में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान विभाग के द्वारा रि-कनेक्शन के बिना तथा एलटी लाइन से टोका लगाकर अवैध विधुत चोरी करते पायी गयी। जिसमें सियारभुका के जितेंद्र प्रसाद पर पहले से बकाया राशि सहित 47,966रु, बंजारी के ओम प्रकाश गुप्ता बकाया राशि सहित 46,769 रु, कन्हैया लाल गोस्वामी बकाया राशि सहित 27,304 रु, मोहम्मद इस्लाम अंसारी पर क्षतिपूर्ति की राशि 30,000 रु के अलावे अशोक प्रसाद गुप्ता, राज किशोर प्रसाद, संजय मेहता, प्रमोद पासवान आदि लोगों पर क्षतिपूर्ति की राशि दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश के आलोक में बिजली की अवैध चोरी पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है।

### पलामू सांसद ने हुसैनाबाद प्रखंड के तीन पंचायत में किया जनसंवाद

# सड़क सुविधाओं के विस्तार और मरम्मत की स्वीकृति दी गयी

संवाददाता

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। सांसद आपके पंचायत में कार्यक्रम के तहत पलामू सांसद विष्णु दयाल राम गुरुवार को हुसैनाबाद प्रखंड के झरगड़ा, पतराखुर्द एवं उर्दवार मंजूराहा में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त पंचायतों में जनता संवाद कार्यक्रम में जनता की जनसमस्याओं से अवगत हुए और उसका निदान कराने का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में सड़क सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मरम्मतीकरण कार्य के तहत 5 सड़कों क्रमशः जपला पथरा से पोलडीह तक, बलड़ीहरी पीच रोड से गाजीबिहरा तक पीडब्ल्यूडी रोड़ जपला से तेतरिया पुरन्दर बिगहा रोड होते हुए बुधुआ तक , बरेवा से बुधुआ तक पीडब्ल्यूडी रोड़ से उर्दवार मंझौली तक सड़क मरम्मतीकरण कराने की स्वीकृति प्रदान करायी गई है। मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, संतोष कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष श्री रामराज मेहता, प्रशांत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, अखिलेश मेहता, शेखर गुप्ता, विनय कुमार सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, उदय विश्वकर्मा, राजेश कर्ण, ईश्वरी पांडेय, ग्राम पंचायत झरगड़ा के मुखिया अशोक चौधरी, ग्राम पंचायत पतरा खुर्द के मुखिया आंचल देवी, ग्राम पंचायत उर्दवार मंजुरहा के मुखिया पूनम कुमारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल पलामू सांसद

## बिजली चोरी के खिलाफ, 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 8 लोगों को बिजली के बिल बकाया होने के बावजूद बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले सभी 8 लोगों पर बिजली विभाग का 265390 रुपए बकाया के साथ 48 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी हुई है, उनमें हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अनिल कुमार शर्मा, चरित्र पासवान, रामाधार पासवान, कृष्णानंद गिरी, रामकृत मेहता, श्री मेहता, अनिल मेहता और शंभू राम शामिल हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, कमलेश कुमार सिंह, उबैद अहमद आदि शामिल थे।

## मुखिया ने किया प्राथमिक विद्यालय में पोशाक और कॉपियों का वितरण



हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कंचन बान्ध में छात्र-छात्राओं को पोषाक तथा विभाग के द्वारा प्राप्त कॉपी का वर्गानुसार पथरा पंचायत के मुखिया नरेश राम के द्वारा वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि पोशाक और कॉपी वितरण से बच्चों के शिक्षण कार्य में मददगार साबित होगा।विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति लगाव बढ़ेगा और पढ़ाई के प्रति रोचकता आएगी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बलिराम यादव, सहायक अध्यापक अनिल कुमार, समाजसेवी रामलखन यादव, अरविन्द कुमार यादव समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं आदि मौजूद थे।

## अच्छी फिल्म बनाने वालों को मिलेगी मदद : एसपी

मेदिनीनगर। अच्छी फिल्म बनाने वालो को हर संभव मदद की जायेगी। पलामू के कलाकारों में काफी संभावनाएं है, उन्हें प्लेटफार्म की जरूरत है। मासूम आर्ट ग्रुप जिस मानवीय संवेदना को सहेज कर फिल्म बना रही है वो सराहनीय है। उक्त बातें पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कही। वे गुरुवार को शहर थाना में फिल्म छतरी के मुहूरत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने मुहूरत शॉट का केल्पिंग देते हुए गणपति पूजा में भी भाग लिया। मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा बनाया जा रहा शॉर्ट फिल्म छतरी के लेखक पिंकू दुबे व निर्देशक बंटी दुबे है। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा कि पिंकू व बंटी दुबे पलामू के रहने वाले है जो मुंबई के फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पैठ बना चुके है, इस बार वे अपने घर में मासूम के साथ मिलकर फिल्म बना रहे है। मुहुरत के मौके पर पिंकू दुबे व बंटी दुबे को सम्मानित किया गया। श्री पांडेय ने कहा कि यह फिल्म मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी हुई है, जिसे फिल्म फेस्टिवल को ध्यान में रखते हुए बनाया जा रहा है। इस फिल्म के सभी कलाकार पलामू के है, जबकि डीओपी झारखंड के जाने माने कैमरामैन सुमित सचदेवा है, प्रोडक्शन कैंट्रोलर बेलाल अंसारी है। फिल्म छतरी के मुख्य कलाकार सैकत चटर्जी, मुनमुन चक्रवर्ती, कामरूप सिन्हा, अमर भांजा, उज्वल सिन्हा, कनक लता तिर्की आदि है। फिल्म में एसपी के महत्वपूर्ण भूमिका में शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल अग्रवाल नजर आयेंगे। फिल्म के आर्ट डायरेक्टर संजीत प्रजापति व असिस्टेंट डायरेक्टर अभिषेक कुमार है। फिल्म में गुलशन मिश्रा, सूरज शर्मा, प्रकाश कुमार, गिरिंद्र यादव, एमडी नसीम, सतीश कुमार, विवेक कुमार, अदनान कासिफ, अनीश गुप्ता, सिकंदर कुमार, आदित्य कुमार, आनंद गुप्ता, संजीव कुमार राम सहित करीब 30 कलाकार शामिल है। मुहुरत के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, कवि हरिवंश प्रभात, रंगकर्मी संजीव सिंह आदि मौजूद थे।

## मन से भय निकाल कर परीक्षा दें तभी होंगे छात्र सफल : पुष्पा देवी



आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर (पलामू)। विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत चित्र कला प्रतियोगिता कार्यक्रम होली ब्राइट लैंड स्कूल छतरपुर में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद सह भाजपा मनोज कुमार के द्वारा सरस्वती मां के तस्वीर पर माल्यार्पण कर और दीप प्रवज्जलित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के मनोबल और शिक्षा को जागृति कर आगे बढ़ाना है। यह कार्यक्रम पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम है। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि इस सराहनीय पहल से पूरे देश में शिक्षा के महत्व को समझने और अपने भविष्य को मजबूत कर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

विद्यार्थी अपने मानसिक सन्तुलन को बनाये रखे और अपने वार्षिक परीक्षा के पहले अध्ययन करें। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि पहले के वार्षिक परीक्षा या किसी भी तरह के परीक्षा में बच्चे भयभीत हो जाते थे। इसलिए प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए गए अभियान से बच्चे मनोबृद्धि में मजबूत होकर अपनी परीक्षा दे सकेंगे। इस कार्यक्रम में गुलाबचंद अग्रवाल इंटर कॉलेज,कवलवास बालिका ऊंच विद्यालय और होली ब्राइट लैंड के सीनियर छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी,चित्र कला और पेंटिंग कला का आयोजन किया गया था। विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने सभी छात्र और छात्राओं के चित्र कला और पेंटिंग का निरीक्षण किया। तपश्चात विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा छात्रों को प्रशस्ति-पत्र दिया गया।

## विद्युत ऊर्जा चोरी के आरोप में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

बिश्रामपुर(पलामू) विद्युत ऊर्जा चोरी और बकाया बिजली बिल वसूलने का अभियान विभाग द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। अभियान का नेतृत्व बिजली विभाग के कनीय अभियंता शिवम पांडेय ने खुद किया। गुरुवार के अभियान में तीन लोग विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकड़े गए। जिनपर बिश्रामपुर थाना में ऊर्जा चोरी का प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिन पर प्राथमिकी दर्ज हुई है, उनमें कोशियर गांव के महमूद अंसारी, मायापुर के अकलू विश्वकर्मा और तोलरा के अभिमन्यु तिवारी का नाम शामिल है।

## प्रतियोगिता से बच्चों में आत्मबल का संचार होता है : एसडीओ



हुसैनाबाद। जपला के छात्रों के लिए आरपीएस स्कूल द्वारा पंडित्यम छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण के द्वारा आरपीएस प्रांगण में पंडित्यम छात्रवृत्ति का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित कराते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से आत्मबल एवं आत्मविश्वास का संचार होता है। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। प्राचार्य ने इस अवसर पर यह अवगत कराया कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा के द्वारा प्रत्येक कक्षा से दस छात्रों को पुरस्कार देने की व्यवस्था की गई है। प्रथम तीन छात्र छात्राओं को प्रत्येक वर्ग से 2000 की राशि तथा द्वितीय तीन छात्र - छात्राओं को प्रत्येक वर्ग से 1500 की राशि एवं तृतीय चार छात्र - छात्राओं को प्रत्येक वर्ग से 1000 की राशि से पुरस्कृत की जाएगी। पंडित्यम में भाग लेने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे। प्राचार्य ने इस बहुमूल्य अवसर पर अतिथि को साधुवाद ज्ञापित किया।

## पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त का भुगतान जल्द हो : राजीव



पीएम आवास के लाभुक से जानकारी लेते राजीव व अन्य

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/ पलामू । समाजसेवी राजीव रंजन ने कटैया पंचायत के तेंदुआ कला निवासी पीएम आवास योजना ग्रामीण के लाभुक रूपा देवी सहित कई अन्य लाभुकों को दूसरी किस्त की राशि अविलंब भुगतान कराने की अधिकारियों से मांग की है। उन्होंने कहा कि लाभुक रूपा देवी सहित कई लाभुकों के द्वारा यह जानकारी दी गई है कि प्रथम किस्त की मिली राशि से आवास निर्माण का कार्य करने के बाद जिओ टैग भी किया गया है। बाबजूद इसके दूसरी किस्त की राशि भुगतान को लेकर महीनों से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश है। लाभुक के दिव्यांग पति सतेन्द्र राम ने बताया कि पहला किस्त के अलावा बैल, बकरी बेचकर तथा महाजन से कर्ज लेकर किसी तरह डूर लेवल से ढलाई लेवल तक का कार्य करा चुके हैं। जिसका जियो टैग भी कराया जा चुका है। बावजूद भी आगे कार्य के लिए राशि भुगतान में जान बूझकर विलंब किया जा रहा है। जिससे एक साथ कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजीव रंजन ने कहा है कि अगर जल्द ही दूसरी किस्त की राशि भुगतान नही की गई तो अधिकारियों को जनाक्रोश झेलना पड़ेगा। मौके पर मनोज कुमार, गोपाल प्रसाद, विजय प्रजापति आदि मौजूद थे।

## मनातू के बिसरा जंगल में पुलिस की टीपीसी से मुठभेड़, बंदूक समेत कई सामग्री बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। मनातू थाना क्षेत्र के बिसराओं जंगल में गुरुवार की सुबह पलामू जिला पुलिस व सीआरपीएफ के साथ उग्रवादी संगठन टीपीसी की मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में नक्सलियों की ओर से लगभग 70 राउंड और पुलिस की ओर से लगभग 80 राउंड फायरिंग की गई। मुठभेड़ में पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने स्थल पर सर्च अभियान चलाया तो वहां से एक गन, पिट्ठू, नक्सली साहित्य खाने-पीने के बर्तन, दरी एवं अन्य कई सामग्री पुलिस ने बरामद किया गया। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस क्षेत्र में नाकेबंदी कर चुकी है। सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इसमें कुछ नक्सलियों के हताहत होने की भी सूचना है। मुठभेड़ में टीपीसी के टॉप कमांडर शशिकांत का दस्ता शामिल था। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ करीब 15 से 20 मिनट तक हुई। इसके बाद उग्रवादी मौके से भाग खड़े हुए। मुठभेड़ में जिला पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ 134 बटालियन शामिल थी। उन्होंने बताया कि पुलिस- सीआरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि इस इलाके में टीएसपीसी के टॉप कमांडर शशिकांत का दस्ता देखा गया है। सूचना के बाद पुलिस उस इलाके में सर्च अभियान चला रही थी। इसी बीच पुलिस को देख कर उग्रवादियों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। जवाब में जिला पुलिस और सीआरपीएफ 134 बटालियन के जवानों ने डटकर उनका मुकाबला किया और 15 से 20 मिनट की मुठभेड़ में ही उग्रवादियों को खदेड़ दिया। पुलिस इलाके में अभी भी सर्च अभियान चला रही है।

## स्पोर्ट्स



बृंदा करात को पहलवान बजरंग पुनिया का दो टूक, कहा- राजनीतिक मुद्दा न बनाएं, यह एथलीटों का विरोध।

# खेलकूद से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है : बभनी देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

उरीमारी। नीम टोला भुरकुंडवा फूटबॉल मैदान में गुरुवार को पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। पहला सेमीफाइनल मैच करमा टील्हा बनाम देवरिया के बीच खेला गया।जिसमें करमा टील्हा की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से देवरिया की टीम को पराजित कर फाइनल मुकाबला के लिए अपना जगह बनाया। दूसरी सेमीफाइनल मैच ऑल्ड इलेवन बनाम बसरिया के बीच खेला गया। जिसमें खेल के दौरान ही ऑल्ड इलेवन की टीम ने 1-0 से बसरिया की टीम को पराजित कर फाइनल में जगह बनाया। वहीं फाइनल मैच का मुकाबला ऑल्ड इलेवन बनाम करमा टील्हा के बीच खेला गया। जिसमें ऑल्ड इलेवन ने खेल में ही 2-1 से करमा टील्हा की टीम को पराजित कर फाइनल में कब्जा बनाया। मैच का उद्घाघटन मुख्य अतिथि पोटंगा पंचायत पश्चिमी पंसस बभनी देवी विशिष्ट अतिथि झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन के जोनल कोषाध्यक्ष सह कर्मचारी शाख समिति लि.सयाल डी कोलियरी सचिव सोनाराम मॉझी, पंचायत पोटंगा- उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, पंचायत पोटंगा पूर्व मुखिया मीना देवी, वार्ड सदस्य रीना देवी, मोहन सोरेन, धर्मदेव करमाली,जुरा सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन, झानाराम मॉझी, सोधन हेम्ब्रोम,हाकीम मॉझी, साहेब राम बेसरा,गंगाराम मॉझी, राकेश बेसरा,चमेश लाल सोरेन,बुधन हेम्ब्रोम,दहा मॉझी,लीलमुनि देवी, ममता देवी, डोड़को देवी, कुशमा देवी,तालोमुनी देवी,पिंकी देवी शामिल हुए। मुख्य अतिथि बभनी देवी एंव विशिष्ट अतिथि सोनाराम मॉझी ने फूटबॉल को किक मार कर एवं गुब्बारा को छोड़कर मैच का शुभारंभ किया। छोटी-छोटी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सोना दिशोम प्रोडक्शन के निमार्ता बिनोद हेम्ब्रोम,अजय बेसरा एवं आनंद बेसरा द्वारा नगद राशि दिया गया। संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए उन्हें सोनाराम मॉझी द्वारा नगद दस हजार रूपए देकर सम्मानित किया। खेल के निर्णायक सूरज बेसरा, जितेन्द्र हॉसदा एवं मुकेश बेसरा को प्राइज पूर्व मुखिया द्वारा वितरण किया गया। मुख्य अतिथि बभनी देवी रीना देवी, सहित अन्य महिला द्वारा बिजेता टीम ऑल्ड इलेवन को बड़ा खस्सी एंव बड़ा कप देकर सम्मानित किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि सोनाराम मॉझी, बिनोद हेम्ब्रोम, मोहन सोरेन,जुरा सोरेन ने उप विजेता करमा टील्हा की टीम को बड़ा खस्सी एवं छोटा कप देकर सम्मानित किया गया। मैच को सफल बनाने में अध्यक्ष संजय हेम्ब्रोम, उपाध्यक्ष हरिलाल हेम्ब्रोम, सचिव नरेश बेसरा कोषाध्यक्ष अनिल बेसरा संरक्षक बिनोद हेम्ब्रोम, आनंद बेसरा,बसंत हेम्ब्रोम कार्यकारी सदस्य नरेश बेसरा, उमेश हेम्ब्रोम,अभिनाश सोरेन, राहुल सोरेन, शंकर,प्रमेश्वर बहादुर, आकाश, मोहित, रोहित, रौशन, रघु,महावीर ,हरीलाल हेम्ब्रोम, शिवा, विकास,साहिल, दशरथ, दीपक,करण अमित, संदीप करमाली आदि थे।

**प्रथम पुरस्कार - ऑल्ड इलेवन को बड़ा खस्सी एंव बड़ा कप दिया गया। द्वितीय पुरस्कार-करमा टील्हा को छोटा खस्सी एंव छोटा कप तथा तृतीय पुरस्कार- बसरिया की टीम को छोटा खस्सी दिया गया। चतुर्थ पुरस्कार- देवरिया की टीम को छोटा खस्सी दिया गया।**

### शिव पार्वती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर महायज्ञ शुरू

# गाजे-बाजे के साथ निकाला भव्य कलश शोभायात्रा, शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)बिश्रामपुर थाना परिसर में स्थित नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित अनुष्ठान महायज्ञ गुरुवार से शुरू हो गया। प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ को लेकर आज भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ। जो छः किलोमीटर दूर रेहला कोयल नदी तट तक गया। जहां वैदिक मंत्रोचारणो के बीच कलश में जल भरा गया। कलश में जल लेकर श्रद्धालु वापस बिश्रामपुर आए। नगर भ्रमण के बाद श्रद्धालु यज्ञशाला पंहूचे जहां धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश को स्थापित किया गया। इस बीच हर हर महादेव से बिश्रामपुर गुंज्यामन रहा। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि यज्ञ लोगों में भक्ति की भावना की ओर मजबूत करता है। यज्ञ से वातावरण भी शुद्ध हो जाता है। वरीय समाजसेवी सह राजनीतिज्ञ अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि धर्म की रक्षा और अधर्मियों के नाश हेतु यज्ञ का आयोजन बेहद जरूरी है। सनातन धर्म में यज्ञ से बड़ा कोई अनुष्ठान नहीं है। कलश शोभा यात्रा में बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन,एएसआई अनिल सिंह,संजय सिंह, एसएन सिंह,यज्ञ समिति अध्यक्ष संजय पांडेय,संरक्षक प्रेम शंकर दुबे,यज्ञ आयोजक अनंत कुमार सिंह, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,विजय कुमार रवि,विजय चौधरी,विजय पांडेय,अवधेश सोनी, राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी,अमितेश्वर दयाल, पंडित अचियुतानंद पांडेय, अशोक दुबे, टुन्नू बक्सराय, हरिशंकर सिंह,संजय ठाकुर, आगम दास,अनिल ठाकुर, धर्मराज गुप्ता, चंदेश्वर चौधरी, कृष्णा मिश्रा, उमाकांत पांडेय,सलमुदीन अंसारी सहित हजारों श्रद्धालु आदि शामिल थे।

## बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की बढ़ी मुश्किलें, भेजे गये 10 दिनों के रिमांड पर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में जेल में बंद बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो व्यवसायी को 10 लाख रुपए रंगदारी मांगने के मामले में गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिये गये। 13 जनवरी को पुलिस ने विधायक की रिमांड के लिए आवेदन दिया था, जिस पर धनबाद एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने प्रोडक्शन वारंट जारी कर विधायक ढुल्लू महतो को कोर्ट के समक्ष पेश करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को जेल प्रशासन ने ढुल्लू महतो को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया। बतातें चलें कि ढुल्लू महतो को वारंटी को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिये जाने के मामले में निचली अदालत से डेढ़ वर्ष की सजा हुई थी जिसे विधायक ने झारखंड उच्च न्यायालय में रिवीजन याचिका दायर कर चुनौती दी थी। झारखंड उच्च न्यायालय ने ढुल्लू महतो की रिवीजन याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें एक महीने के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया था।

### 9 जनवरी को किया था समर्पण

एक महीने की अवधि 10 जनवरी को पूरी होनी थी, लिहाजा ढुल्लू महतो ने 9 जनवरी को आत्मसमर्पण कर दिया था। ढुल्लू महतो पर चल रहे रंगदारी के मामले को लेकर पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में लेने के लिए 13 जनवरी को अदालत में अर्जी दी थी। मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ढल्लू महतो को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गौरतलब है कि वरुण कुमार सिंह की शिकायत पर राजगंज थाना में विधायक ढुल्लू महतो समेत 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## धर्म उत्थान समिति के वनभोज सह मिलन समारोह में पहुंचे सांसद पशुपतिनाथ सिंह



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** धर्म उत्थान समिति की ओर से गुरुवार को चिरकुंडा स्थित जूनकुदर इको पार्क में वनभोज सह मिलन समायोह आयोजित हुआ। समिति के संयोजक रिंकू पाठक ने बताया कि इस साल भी अंग्रेजी नव वर्ष पर वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित किया गया है। इस बार सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यंन्तु। मां कश्चित दुख भवते विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सनातनी समाज के हर वर्ग के लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आपसी वैमनस्यता, मतभेद, विद्वेष, रंज, रंजीश शिकवा शिकायतों को एक-दूसरे के साथ मिलकर उन्हें दूर करें, सुखमय एवं शांतिपूर्ण ढंग से अपना जीवन व्यतीत करें। पूरे देश को अपना समाज मानते हुए इसके विकास एवं उत्थान की दिशा में सक्रिय सहयोग देकर भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में प्रयत्नशील हो जाएं। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के अध्यक्ष चंद्र देव यादव, सचिव इंद्रदेव प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेश्वर साव आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## गुड समय रिटर्न पॉलिसी को लेकर चर्चा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में बोकारो जिला अंतर्गत सभी सीएचसी के प्रभारियों के साथ गुड सेमेरिटन नेक दिल आदमी पॉलिसी को लेकर गुरुवार को चर्चा की गई। बताया गया कि झारखंड में गुड सेमेरिटन नेक दिल आदमी पॉलिसी फरवरी 2021 में लागू की गई थी। इसका मकसद सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर प्रथम 60 मिनट में अस्पताल तक पहुंचाने वाले मददगार हो सम्मान के साथ आर्थिक लाभ देना, जिससे घायलों की समय रहते जान बचाने में सफलता मिल सके। इस कार्य में कोई भी आम आदमी गुड सेमेरिटन की भूमिका निभा सकता है। इसके बदले में गुड सेमेरिटन को सम्मान स्वरूप राशि देने के साथ पुलिस द्वारा परेशान नहीं करने का भी प्रावधान है। बैठक में अपडेटेड एसओपी से अवगत कराया गया। ज्ञात हो कि अच्छे मददगार योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मदद करने वालों को झारखंड सरकार के तरफ से दो हजार रुपये पुरस्कार राशि देने का प्रावधान। बैठक में उपाधीक्षक डॉ बीपी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल के सीआरएम-1 व 2 विभाग में कार्यस्थल पर किया गया कार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के सीआरएम-1 व 2 विभाग में कार्यस्थल पर कार्मिक नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां महाप्रबंधक (सीआरएम-1,2) बी मिश्रा, महाप्रबंधक (कार्मिक-संकार्य) वी बक्शी, प्रबंधक (कार्मिक-संकार्य) सुष्मिता सोरेन सहित सीआरएम-1,2 और कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने सीआरएम-1,2 के कर्मियों को अवकाश से संबंधित विभिन्न नियम, एमआईबी स्कीम, फाइनल सेटलमेंट, सेवानिवृति के दौरान मिलने वाली सुविधाएं, पीएफ ई-नॉमिनेशन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## कोयला चोरी के लिए बनाये गये सुरंग को कराया गया बंद



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के बंद अंगवाली खदान में क्षेत्रीय प्रबंधन के सहयोग से चोरों द्वारा कोयला चोरी की नियत से बनाये गये अवैध सुरंग को जेसीबी मशीन की मदद से भर दिया गया। नेतृत्व सीसीएल ढोरी के सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम युइके कर रहे थे। इस मौके पर पेटरवार थाना के एएसआई वीरेंद्र मंडल अपने दलबल के साथ और सीआइएसएफ की टीम मौजूद थी। उनकी उपस्थिति में सुरंग भरा गया, ताकि कोयला चोरी पर रोक लग सके। सीताराम युइके ने कहा कि कोयला चोरी को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है। कोयला चोरी करना कानूनन अपराध है। इससे देश के राजस्व की क्षति होती है। मौके पर सीसीएल ढोरी एरिया सुरक्षा प्रभारी उमाशंकर महतो, सुरक्षा विभाग के अनाम वारिस, मानिक दिगार, सुरेश पासवान, जितेंद्र रजक, महिला होमगार्ड, गुड़िया, उषा, निकी आदि शामिल थे।

### कतरास पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में मिली बड़ी सफलता

# 7 गिरफ्तार, वाहन व बम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** कतरास पुलिस को बुधवार की देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी। गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर दो अलग-अलग मामलों में सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें तीन आरोपितों दिलीप यादव, जितेंद्र यादव और शुभम यादव को बम बनाने, जबकि विनोद यादव, शिव कुमार यादव, कल्लू यादव और टुनटुन कुमार को कोयला तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस ने चार जिंदा बम, एक बम के अवशेष के अलावा कोयला तस्करी में प्रयुक्त कोयला लोड पिकअप वैन व एक कार भी जब्त किया है।



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते थाना प्रभारी रणधीर कुमार व अन्य।





### गिरफ्तार लोगों का है आपराधिक इतिहास

कतरास थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने बुधवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के आकाशकिनारी बस्ती में छापामारी कर वहां से बम बनाते दिलीप यादव, जितेंद्र यादव और शुभम यादव को रंगेहाथ दबोचा। उनके पास से तीन जिंदा बम और एक इस्तेमाल बम के अवशेष बरामद कुए गए। थाना प्रभारी की मानें तो ये लोग व्यवसायियों से रंगदारी मांगते थे। वही दूसरी तरफ बंद ओरियन्टल आउटसोर्सिंग के समीप छापामारी कर कोयला लोड पिककप वैन और एक कार को जब्त किया। जिसमें विनोद, शिव, कल्लू और टुनटुन कुमार बैठे थे। सभी गिरफ्तार आरोपियों के किलाफ अलग-अलग थानों में कई आपराधिक इतिहास भी रहा है, जिनकी पुलिस को तलाश थी।

## 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति के खिलाफ हैं अमर बाउरी: उमाकांत रजक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक पर आस्था रखते हुए सीधाबाद डुमरदा के हरिमंदिर प्रांगण में गुरुवार को दर्जनों नेता-कार्यकर्ता भाजपा व झामुमो का दामन छोड़कर आजसू में शामिल हो गए। पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी को हमने विकास के रास्ते पर खड़ा किया था। लेकिन वर्तमान विधायक ने क्षेत्र की विकास को बंद कर खुद के विकास में आठ साल गुजार दिये है। विधायक के इस स्वविकाश की कमजोरी के कारण ही सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ा है। जिससे क्षेत्र की जनता त्राहिमाम कर रही है। इससे निजात पाने के लिए ही भाजपा एवं झामुमो के बदले लोगों की आस्था आजसू पर बढ़ी है। आजसू में शामिल होने वालों का स्वागत है। उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि आकांक्षाओं पर कुठाराघात नहीं होने दिए जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने निजी उद्योगों में 40 हजार के वेतन वाले पदों पर 75 फीसदी स्थानीयों को नियोजन पर मुहर लगाई है। लेकिन इस प्रावधान को वेदांता में लागू करवाने के लिए विधायक मौन धारण किये हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमर बाउरी 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति के खिलाफ हैं। 1985 कटऑफ डेट के स्थानीय नीति के प्रस्तावक हैं। इस कारण 75 फीसदी स्थानीय बेरोजगारों के नियोजन पर चुप्पी साध रखी है। वहीं, आजसू में शामिल होने वालों में अजय उपाध्याय, अजय तिवारी, संजय उपाध्याय, वीरू महतो, जयराम महतो, कालू महतो, विकास देशवाली, अमित उपाध्याय, फली रजवार, सहदेव देशवाली, अशोक महतो, टुपलाल महतो, अमृत गोप, रहमत अंसारी, हमीद अंसारी आदि थे। इस मौके पर आजसू के जिला उपाध्यक्ष लखन ख्वास, हाफिज कलीम रजा, प्रकाश शर्मा, परशुराम महतो, सुशेन रजवार, लखींद्र महतो, रतन महतो, पंचम गोप, किशोर उपाध्याय, सदानंद उपाध्याय, गोपाल कर्मकार, सुशील सिंह, बच्चू गोपाल, राजेंद्र महतो और रविश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंढ़ को देखते हुए मैथन स्थित डीवीसी बीएमएस कार्यालय में गुरुवार को भाजपा ने कंबल वितरण किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह भी शामिल हुए। कंबल वितरण का शुभारंभ सांसद द्वारा किया गया। करीब 100 से अधिक गरीब व जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। सांसद ने कहा कि क्षेत्र में ठंढ़ काफी है। इसलिए गरीबों की पीड़ा को देखते हुए उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## वास्को डिगामा-जसीडीह एक्सप्रेस ट्रेन आज रद्द

**रेलवे चलाएगी 25 फीसदी महंगे किराए वाली सिकंदराबाद-जसीडीह स्पेशल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जसीडीह से धनबाद, बोकारो और रांची होकर चलने वाली जसीडीह-वास्को द गामा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन इस हफ्ते भी रद्द रहेगी। 23 जनवरी तक उक्त ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे। जसीडीह लौटने वाली ट्रेन भी पिछले सप्ताह रद्द थी। रेलवे की ओर से बताया गया कि दक्षिण पश्चिम रेलवे में मेंटेनेंस के काम को लेकर अलग-अलग दिनों में ट्रेन रद्द की गई है। ट्रेन रद्द होने से दुश्वारियां झेल रहे यात्रियों के लिए रेलवे ने सिकंदराबाद-जसीडीह स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान कर दिया है। उधर, सिकंदराबाद से शुक्रवार को और जसीडीह से 23 जनवरी को ट्रेन चलेगी। यात्रियों को विकल्प तो मिल जाएगा लेकिन उसके लिए 25 फीसद तक ज्यादा किराया चुकाना होगा। सिकंदराबाद से चलने वाली सिकंदराबाद-जसीडीह स्पेशल ट्रेन में बुकिंग शुरू हो चुकी है। पहले ही दिन स्लीपर की सीटें भर गई हैं। थर्ड व सेकेंड एसी की सीटें उपलब्ध हैं।

### सिंदरी के साईं बाबा पर श्रद्धालुओं का है अटूट आस्था

# साधु के भेष में प्रकट होकर बाबा ने खुद की थी परिक्रमा

अशोक कुमार

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** श्री ओम साईं संस्थान की ओर से सिंदरी साई मंदिर में सात मार्च 2009 को स्थापित साईं बाबा की मूर्ति पर श्रद्धालुओं व भक्तजनों की अटूट आस्था और विश्वास है। विभिन्न राज्यों में रहने वाले श्रद्धालु, नेता, विधायक के अलावा प्रभावशाली पदों पर बैठे लोग भी समय-समय पर यहां पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लेते हैं। मान्यता है कि इनके दरबार में आए सच्चे भक्तों की मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यहां पहुंचने वाले भक्तों को इसी मंदिर प्रांगण में स्थापित भगवान सिद्धेश्वर महादेव, मां अंबे भवानी, राधा कृष्ण, सीता राम, शनि देव और ब्रह्मा विष्णु महेश के दर्शन करने व आशीर्वाद पाने का अवसर भी प्राप्त होता है।





सिंदरी साइं मंदिर का दृष्य व मंदिर में स्थापित बाबा साईं की प्रतिमा।

### मंदिर व संस्था के प्रति तनेजा परिवार अब भी समर्पित

संस्थान के संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह (पुलिस पदाधिकारी) ने बताया कि 2008 में आयोजित जागरण से एक दिन पूर्व साईं बाबा के रखे गए तस्वीर की परिक्रमा करते हुए खुद बाबा को देखा गया था और कुछ क्षणों बाद वे अदृश्य हो गए। वे गेरुआ वस्त्र पहने हुए साधु के भेष में थे। काफी खोजबीन के बाद भी उन्हें दोबारा नहीं देखा गया। 30 से 35 वर्ष पूर्व साईं बाबा के प्रचारक भक्त रहे रणवीर तनेजा व उनकी पत्नी इंदु तनेजा के सहयोग और बाबा के प्रति भक्ति से प्रेरित होकर इस मंदिर का निर्माण किया गया था। उनके एकमात्र पुत्र पवन तनेजा द्वारा मंदिर प्रांगण में आश्रम का निर्माण भी किया गया है। इनके सहयोग से समय-समय पर संस्थान द्वारा लोकहित में कार्य भी किए जाते है। बतातें चलें कि साईं प्रांगण में पुष्पों से सुसज्जित पुष्प बागान भी हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जिसकी देखरेख संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह की पत्नी रेनू सिंह खुद करती है। भक्तों की मानें तो बाबा की कृपा ही है जो अपना पहचान और रौनक खोता, उजड़ता सिंदरी पुनः फिर से एक बार सुंदरी (औद्योगिक नगरी) बनने के अंतिम चरण पर है।

## विस्थापन में मानवीय मूल्यों का नहीं होगा हनन : महाप्रबंधक

### सकारात्मक पहल होनी चाहिए : मथुरा महतो




आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल सिजुआ स्टेडियम में गुरुवार को सिजुआ नागरिक समिति की ओर से महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें विस्थापन और पुनर्वास सहित कई समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान तेतुलमुडी 22 /12 बस्ती सहित कई अन्य बस्ती के ग्रामीणों ने बीसीसीएल एवं डीजीएमएस पर जमकर भड़ास निकाला। कहा कि दोनों संस्थान पूर्ण रूप से दोषी है इसलिए इन लोगो पर ही सबसे पहले-पहल कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। महापंचायत में ग्रामीणों ने कहा कि बीसीसीएल व डीजीएमएस द्वारा चिह्नित मोदीडीह कोलियरी के लीज होल्ड में रहने वाले हजारो परिवार की जानमाल के खतरे को देखते हुए तत्काल जगह खाली करने का फरमान जारी किया है। इसलिए इनलोगों को नन कोल वेयरिंग एरिया में पुनर्वास के लिए तत्काल दीर्घकालिक योजना बनाई जाए। महापंचायत की अध्यक्षता झामुमो विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने की। वही सिजुआ नागरिक समिति के संयोजक सुरेंद्र सिंह ने विभिन्न समस्या से जुड़ी समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महापंचायत को विकास सिंह, सुरेश महतो, अनिता देवी, जसीम अंसारी, मो मनिर, सुखदेव बिदरोधी, अनुज कुमार सिन्हा, मनोज महतो, मोदीडीह कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अरविन्द कुमार झा, सिजुआ महाप्रबंधक अनुप कुमार राय, जोगता थाना प्रभारी दिपक कुमार झा, पुटकी अंचलाधिकारी सुभद्रा रानी, रणविजय सिंह, समशेर आलम, राजद के जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव आदि ने संबोधित किया।

टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकारात्मक पहल होनी चाहिए। बीसीसीएल जहां जमीन देगी, वहां कई आवास योजना का लाभ दिया जा सकता है। वहीं, सिजुआ महाप्रबंधक एके राय ने कहा कि विस्थापन में मानवीय मूल्यों का हनन नहीं होगा। जल्द ही तेतुलमुड़ी मौजा के रैयतो का मामला सलट जाएगा। सीएमपीडीआई की बैठक में मामले को रखा जाएगा। तेतुलमुड़ी 22/12 का वह स्वंय निरीक्षण कर रहे है। पूरे मामले का विश्लेषण कर रहे है। इस पर गंभीर है। दहशत पैदा नही करना चाहते लेकिन विस्थापित अपना प्लान बना लें। मानवीय मुल्य का हनन नही होने दिया जाएगा। कुछ योजना है जिसे सार्वजनिक नही किया जा सकता है। मोदीडीह कोलियरी के एजेंट एके झा ने कहा कि बीसीसीएल नहीं चाहती किसी को कोई नुकसान हो।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**NH/HAZARIBAGH/2022-23/07**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 30.01.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 31.01.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 31.01.2023 को 3:30 बजे अपराह
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, धनबाद (ग) मुख्य अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, राँची
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : क्रमांक–5 पर अंकित स्थान।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की राशि (रु० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु० में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Drain in Km 36th (Jhumra Bazar) of NH-100 under FDR under NH Division, Hazaribagh for the year 2022-23 | 37,58,341=00 | 5,000=00 | 75,500=00 | 2 Months |

8. निविदा कागजात क्रमांक–5 पर अंकित कार्यालयों से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य मान्य होगा।
10. बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
11. निविदाकार को पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के UCAN Portal पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।
12. निविदाकार का पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में एक से अधिक Registration नहीं होना चाहिए।
13. परिमाण विपत्र के मूल्य का भुगतान NTRP Portal – https://bharatkosh.gov.in/MinistryInfo.aspx (PAO - NH Kolkata Code No. – 034756, DDO – Regional Officer, Ministry of Road Transport Highways Code No. – 202122) पर online होना है। चालान पर कार्य का नाम अंकित होना आवश्यक है। Online भुगतान के पश्चात् चालान की प्रति निविदा कागजात क्रय के समय लगाना अनिवार्य है।
14. IT/GST/other deductions related to taxes/cess will be applicable as per existing law.

कार्यपालक अभियंता
रा०उ०पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 287913 (Road) 22-23 (D)



**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice (2nd Call)**

**Tender reference:-HZB/JJM/SVS_Cluster/14/2022-23(1st Call)** **Date :- 17.01.2023**
**P.R. No.-285962 Drinking Water and Sanitation (22-23) # D**

1. **Name of Work** -Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 202 2-23 (Head-JJM)

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HZB/SVS_Cluster/BARKATHA-29 | 01 | 1400 | 551.93 | 05.52 | 10,000.00 | 09 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:-21.01.2023 up to 02:00 PM |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:-28.01.2023 upto 05.00 PM |
| 4. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:-30.01.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 5. | Date of opening tender | Date:-31.01.2023 upto03.00 PM |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 287906 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

### दिल्ली महिला आयोग प्रमुख स्वाति मालीवाल को कार ने घसीटा

# नशे में ड्राइवर ने बदतमीजी की, मालीवाल बोलीं: अंजलि जैसा हश्र होने वाला था

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल को नशे में धुत एक कार ड्राइवर ने 15 मीटर तक घसीटा। यह घटना बुधवार देर रात एम्स हॉस्पिटल के पास की है, जब स्वाति दिल्ली की सड़कों पर रियलिटी चेक करने निकली थीं। मामले में पुलिस ने आरोपी हरीश चंद्र को अरेस्ट कर लिया है। इस घटना को लेकर स्वाति ने कहा कि उनके साथ अंजलि जैसा हादसा होने वाला था। उन्हें बस भगवान ने बचा लिया।




### मेरा हश्र अंजलि जैसा होने वाला था: स्वाति

स्वाति ने कहा कि मेरी टीम के लोग कुछ दूरी पर मेरा इंतजार कर रहे थे। जब उन्होंने मुझे कार से घिसटते हुए देखा तो एक टीम मेंबर जोर से चिल्लाया। उसकी आवाज सुनकर आरोपी ने मुझे छोड़ा। अगर वो मुझे नहीं छोड़ता तो मेरे साथ वैसी ही घटना होती जैसी अंजलि के साथ हुई थी। स्वाति ने दिल्ली के लॉ इन ऑर्डर पर सवाल उठाते हुए कहा कि भगवान ने मेरी जान बचायी है। अगर दिल्ली में महिला आयोग की अध्यक्ष सुरक्षित नहीं, तो फिर आम जनता का क्या होगा।

### डीसीपी बोले: आरोपी को अरेस्ट करके पूछताछ की जा रही

साउथ दिल्ली के डीसीपी चंदन सिंह ने मामले में कहा कि स्वाति ने हौज खास थाने में घटना की शिकायत की थी। मामले की जांच की गई तो आरोपी की पहचान 47 साल के हरीश चंद्र के रूप में हुई। उसे अरेस्ट कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### स्वाति सड़कों पर रियलिटी चेक करने निकलीं, तभी हुइ घटना

स्वाति ने बताया कि जब वे दिल्ली की सड़कों पर महिला सुरक्षा के हालात का जायजा ले रही थी, तो नशे में धुत एक कार ड्राइवर उनके पास आया और अपनी कार में उनसे बैठने की जिद करने लगा। जब स्वाति ने मना कर दिया तो वह कार लेकर आगे चला गया, लेकिन 10 मिनट बाद फिर यू-टर्न लेकर आया और बगल में चलने लगा। इसके बाद वह उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा, गंदे इशारे करने लगा। जब स्वाति उसे पकड़ने के लिए आगे बढ़ीं तो उसने गाड़ी के शीशे बंद कर दिए। इस दौरान स्वाति का हाथ शीशे में फंसा रह गया, लेकिन आरोपी रुका नहीं। वह करीब 15 मीटर तक स्वाति को घसीटता रहा।

### स्वाति ने अंजलि केस में सीबीआइ जांच की मांग की थी

31 दिसंबर 2022 की रात दिल्ली में अंजलि को लगभग 12 किलोमीटर तक कार से घसीटा गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। स्वाति मालीवाल ने इस मामले में सीबीआइ जांच की मांग की थी। उन्होंने अंजलि की दोस्त निधि पर भी सवाल उठाये थे। स्वाति ने कहा था कि अंजलि का जब एक्सीडेंट हुआ, उस दौरान निधि भी साथ थी, लेकिन वह अंजलि को तड़पता छोड़कर भाग गई थी। स्वाति ने कहा था कि मुझे लगता है कि निधि की जांच होना बहुत जरूरी है। उसके सारे फोन रिकॉर्ड्स की चेकिंग होनी चाहिए। अंजलि चिल्ला रही थी, मदद मांग रही थी, लेकिन फिर भी निधि ने उसकी मदद नहीं की।

### कौन हैं स्वाति मालीवाल?

स्वाति मालीवाल 2015 से दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष हैं। लगातार तीन बार उनका कार्यकाल बढ़ाया जा चुका है। महिला उत्पीड़न के कई मुद्दों पर वह ढट को पत्र लिख चुकी हैं। राम रहीम के पैरोल पर जेल से बाहर आने पर वह इसका विरोध कर चुकी हैं और पीएम को पत्र लिखकर पैरोल नियमों में संशोधन की मांग कर चुकी हैं।

## नड्डा आज गाजीपुर में करेंगे जनसभा को संबोधित

**उत्तरप्रदेश (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा शुक्रवार को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे और उसके बाद पार्टी के 'लोकसभा प्रवास' कार्यक्रम के तहत गाजीपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी की ओर से जारी नड्डा के कार्यक्रम के मुताबिक वह करीब साढ़े दस बजे काशी विश्वनाथ में पूजा अर्चना करेंगे और उसके बाद गाजीपुर रवाना हो जायेंगे। गाजीपुर पहुंचने के बाद दोपहर 12 बजे के करीब वह पवहारी बाबा आश्रम में पूजा अर्चना करेंगे।

# बीडीओ नारायण साहू के पास मिली आय से अधिक संपत्ति, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आय बहिर्वुत संपत्ति ठुल मामले में विजिलेंस ने खड़िआल वीडियो नारायण साहू को गिरफ्तार किया है। नारायण साहू की आय से अधिक 106 फीसदी संपत्ति विजिलेंस ने जब्त की है। बलांगीर में नारायण साहू के घर से नकदी रुपये और सोने के आभूषण जब्त किये गये। बताया जा रहा है कि उनके नाम पर कई प्लॉट हैं। बलांगीर के



स्वतंत्र विजिलेंस न्यायाधीश के सर्च वारंट पर विजिलेंस अधिकारियों ने नुआपड़ा, बलांगीर, बरगड़ और सोनपुर में 5 जगहों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान 3.84 लाख रुपये नकद, 1 दो मंजिला इमारत, 15 से अधिक भूखंड, लगभग 400 ग्राम सोना, 1 फोर व्हीलर (हुंडई क्रेटा), 2 दुपहिया वाहन के साथ अन्य संपत्तियां बरामद किया गया। अवितक तलाश जारी है।

# डॉक्टर भाभा पब्लिक स्कूल में आर्ट और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा विषय पर आधारित गुरुवार को डॉक्टर भाभा पब्लिक स्कूल में आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में डॉक्टर भाभा पब्लिक स्कूल, एनआर इंटरनेशनल स्कूल, एलिट इंटरनेशनल स्कूल घोरथंभा, कोलंबिया स्कूल, अध्ययन स्कूल ऑफ लर्निंग नावागढ़ के दर्जनों बच्चों ने भाग लिया एवं परीक्षा में बिना तनाव के कैसे विद्यार्थी भाग ले एवं सफल हो इस विषय पर तरह-तरह की पेंटिंग का निर्माण



किया। इस प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को मुख्य अतिथि पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने अपने हाथों से सभी बच्चों को पुरस्कृत किया। इस बाबत कहा की परीक्षा जीवन का सहज हिस्सा है। इससे से विद्यार्थियों को डरना नहीं चाहिए। इन्होने विद्यार्थियों से कोई भी विश्वास के साथ करने की अपील की। त्यौहार के रूप मे परीक्षा देने की अपील की। वही डॉक्टर भाभा पब्लिक स्कूल के निदेशक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की जीवन एक इंतिहान है। इंतिहान हर कदम पर है। अतः जीवन के समस्त इम्तिहान को मुस्कुराते हुए पार करना है एवं जीवन को उत्सव से भरना है। मौके पर भाभा पब्लिक स्कूल के सचिव सत्रुघन सिंह, एनआर के धर्मेंद्र सेठ, एलिट के रविंद्र चौधरी और कोलंबिया के अंबिका वर्मा एवं शिक्षक तथा अध्ययन स्कूल ऑफ लर्निंग के निदेशक गोपाल शरण सिंह मौजूद थे।

# फीस न दे पाने पर बोर्ड परीक्षा देने से रोकना बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने कहा कि फीस नहीं भर पाने के कारण एक छात्र को बोर्ड परीक्षा देने से रोकना भारत के संविधान की धारा का 21 के तहत गारंटीकृत बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन होगा। जस्टिस मिनी पुष्कर्णा ने ये आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि बच्चों को फीस नहीं भर पाने की वजह से बोर्ड की परीक्षा में बैठने से रोका नहीं जा सकता है, खासकर तब जब वे दसवीं और बारहवीं की परीक्षा




देने वाले हों। शिक्षा वो बुनियाद है, जिस पर छात्र का भविष्य निर्भर करता है और आखिरकार ये समाज का भविष्य तय करते हैं। कोर्ट ने दिल्ली के इंडियन स्कूल के दसवीं कक्षा के एक छात्र को बोर्ड की परीक्षा में शामिल करने का आदेश दिया। छात्र के अभिभावक ने स्कूल की फीस जमा नहीं की थी, जिसकी वजह से उसे दसवीं की परीक्षा में बैठने नहीं दिया जा रहा था। छात्र के अभिभावक की आर्थिक स्थिति काफी खराब है, जिसकी वजह से फीस जमा नहीं हो पायी थी। दसवीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 18 जनवरी से शुरू हो रही हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता छात्र के अभिभावक की इस बात के लिए फटकार लगायी कि उसने कोर्ट का दरवाजा अंतिम समय में खटखटाया है।

# आइएसटीडी का एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मानव जीवन में सकारात्मक सोच एक उच्च संस्कृति है, जो जीवन में आनंद और शांति लाती है। इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट के अध्यक्ष प्रबोध कुमार मोहंती ने 'सकारात्मक सोच के माध्यम से आनंदमय जीवन का आनंद' पर एक दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन किया। आइएसटीडी भुवनेश्वर चैप्टर द्वारा कल यहां ओएचपीसी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। आइएसटीडी के सदस्यों की सभा को संबोधित करते हुए डॉ. महांती ने पिछले वर्ष के दौरान पूरे देश में आइएसटीडी की महान और गौरवशाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सदस्यता के मामले में आइएसटीडी भुवनेश्वर एक महान परंपरा पूर्वी भारत के सबसे बड़े अध्यायों में से एक है। आइएसटीडी के




नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नबघन पानी के आजीवन सदस्य ने इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में सेमिनार में भाग लिया और उन्हें चैप्टर द्वारा सम्मानित किया गया। अन्य लोगों में डॉ. परेश चंद्र महांती चैप्टर के संपादक ने स्वागत भाषण दिया, डॉ. एससी. पाढ़ी पूर्व निदेशक (एचआरडी) नालको, डॉ. पीसी. पंडा पूर्व निदेशक (एचआरडी) ओपीटीसीएल, डॉ. एके. साहू पूर्व निर्देशक नालको, डॉ. अशोक पंडा समाचार मुख्य एमबीसी टीवी और डॉ. श्रीकांत पटनायक निदेशक आइआइएमटी सेमिनार में उपस्थित थे। सेमिनार में एमएके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संस्थापक डॉ. हर प्रसन्न दास और बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व जीएम सुरेश चंद्र सडंगी संसाधन व्यक्ति थे। आइएसटीडी के आजीवन सदस्य सुब्रत कुमार सेनापति ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सेमिनार का समंवय अविनाश प्रधान कोषाध्यक्ष आइएसटीडी भुवनेश्वर द्वारा किया गया था।






## प्रो बसंत कुमार पंडा ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष से मुलाकात की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के क्लासिकल उड़िया में अध्ययन के लिए उत्कृष्टता केंद्र के परियोजना निदेशक प्रो. बसंत कुमार पंडा ने शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोजरंजन नायक से मंगलवार को उनके कार्यालय में मुलाकात की। दोनों शिक्षाविदों ने नयी शिक्षा नीति में भाषा के नियम सहित भारतीय ज्ञान परम्परा (भारतीय ज्ञान प्रणाली) सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।

## कर्मचारियों से बोले: कोविड के बाद एक और बड़ा कोरोना हमारी पार्टी में आया

**जयपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कोल्ड वॉर एक बार फिर से शुरू होती दिख रही है। कर्मचारी संगठनों के साथ सीएम गहलोत की बजट पूर्व हुई बातचीत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पायलट का नाम लिये बिना गहलोत ने सियासी संकट और पायलट की तुलना कोरोना से कर दी। बुधवार को बातचीत के दौरान संविदा कर्मचारियों के नेता शमशेर भालू खान ने सीएम के नहीं मिलने की बात कही तो गहलोत ने बात काटते हुए कहा- आप ठीक कह रहे हो, मैं मिलने लगा हूं, पिछले सोमवार को मिला था।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**